रांची का तापमान
कांके: अधिक. 30.0° न्यून. 22.0°
रांची: अधिक. 31.6° न्यून. 23.4°
रांची, सोमवार
11 अगस्त 2025
वर्ष-26, अंक-190, पृष्ठ-12

भाद्रपद कृष्ण पक्ष 02, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

## सीएम हेमंत सोरेन अपने 50वें जन्मदिन पर दिवंगत पिता को याद कर हुए भावुक, कहा

# बाबा आप बहुत याद आ रहे हैं, मुझे गर्व है आपकी संतान हूं

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने 50वें जन्मदिन पर रविवार को स्मृतियों और भावनाओं में डूबे रहे। ज्ञात हो कि विगत 4 अगस्त को सीएम सोरेन के पिता और झारखंड आंदोलन के पुरोधा शिबू सोरेन का निधन हुआ था। इस समय हेमंत सोरेन संथाल आदिवासी परंपरा के अनुसार अपने पिता के श्राद्धकर्म को पारंपरिक रस्म-रिवाज के साथ निभाने में जुटे हुए हैं। सीएम हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर एक लंबे पोस्ट में पिता को शिद्दत से याद किया। वे दिवंगत शिबू सोरेन और रूपी सोरेन की तीसरी संतान हैं। उनसे बड़े एक भाई और एक बहन हैं। उनका जन्म 10 अगस्त 1975 को पैतृक गांव रामगढ़ जिले के नेमरा में हुआ था।

हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर लिखा, आज बाबा बहुत याद आ रहे हैं, मुझे जीवन देने वाले मेरे जीवनदाता, मेरी जड़ों से जुड़ी पहचान, वही मेरे साथ नहीं हैं। यह कष्टकारी क्षण है। पोस्ट में हेमंत ने अपने पिता को जीवन के शिक्षक, संघर्ष के साथी और प्रेरणास्त्रोत के रूप में भी चित्रित किया। सीएम सोरेन ने लिखा, बाबा के आदर्श, विचार और शिक्षाएं मेरे लिए केवल पुत्र धर्म नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व हैं। मैंने उनसे सीखा कि नेतृत्व का अर्थ शासन करना नहीं, बल्कि सेवा करना है। आज जब मैं अपने राज्य की जिम्मेदारी उठाता हूं, तो उनकी बातें, उनकी आंखों का विश्वास, लोगों की पीड़ा हरने का उनका संकल्प मुझे हर निर्णय में मार्गदर्शन देता है। हेमंत सोरेन ने अपने पिता को प्रकृति का अंश बताते हुए लिखा है कि वे अब सूरज की रोशनी, पेड़ों की छाया, बहती हवा, नदियों की धार और अग्नि की लौ में हैं, वह लौ, जिसने उन्हें सत्य, संघर्ष और निडर होकर जन-जन की सेवा करने का साहस दिया।

पोस्ट के अंत में हेमंत ने पिता के प्रति गर्व और आभार व्यक्त करते हुए लिखा है, बाबा, मुझे गर्व है कि मैं आपकी संतान हूं, मुझे मान है कि मैं वीर योद्धा दिशोम गुरुजी का अंश हूं। वीर दिशोम गुरु शिबू सोरेन अमर रहें। जय झारखंड।

## सोशल मीडिया पर लिखा, मुझे मान है कि मैं वीर योद्धा दिशोम गुरुजी का अंश हूं






बड़े भाई हेमंत सोरेन को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। बाबा के निधन के बाद यह जन्मदिन आपके लिए आसान नहीं होगा। मैं जानता हूं, इस कठिन समय में आप पर कष्ट के पहाड़ टूट पड़े हैं और मन कितना बोझिल है। मैं दिल से आपके दर्द को महसूस कर रहा हूं और इस कठिन घड़ी में आपके साथ मजबूती से खड़ा हूं। ऊपर वाले से दुआ है कि आपको इस गहरे दु:ख को सहने की शक्ति दे और आप और भी मजबूत बनकर उभरें। आपका साहस और धैर्य ही इस कठिन समय में हम सभी के लिए प्रेरणा है। जन्मदिन पर मेरी यही प्रार्थना है कि आने वाला समय आपके जीवन में शांति, शक्ति और संबल लेकर आए।

**- डॉ इरफान अंसारी,** स्वास्थ्य मंत्री, झारखंड (सोशल मीडिया 'एक्स' पर)।



*झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई। मैं उनकी दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं। - **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री (सोशल मीडिया 'एक्स' पर)।*



*झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। ईश्वर उन्हें दीर्घायु और स्वस्थ जीवन प्रदान करे। - राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री (सोशल मीडिया 'एक्स' पर)।*

### मनी लांड्रिंग मामले में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ ईडी की शिकायत

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रॉबर्ट वाड्रा, सत्यनंद याजी, केवल सिंह विरक और कुछ कंपनियों के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत शिकायत दाखिल की है। इसमें स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड, स्काई लाइट रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड और ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज प्रा. लिमिटेड (अब एसजीवाई प्रॉपर्टीज) जैसे नाम शामिल हैं। यह मामला 1 सितंबर 2018 को गुरुग्राम के खेड़की दौला पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर नंबर 0288 से शुरू हुआ था।

### भारत-ओमान मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर के लिए तैयार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत और ओमान वस्तुओं, सेवाओं, निवेश और श्रम गतिशीलता को शामिल करते हुए एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार हैं, जिसकी औपचारिक घोषणा इसी महीने होने की उम्मीद है। इंडिया नैरेटिव में प्रकाशित हुए एक लेख के अनुसार, भारत-ओमान सीईपीए एक टैरिफ समझौते से कहीं अधिक है, क्योंकि यह दक्षिण एशिया और खाड़ी देशों के बीच एक रणनीतिक आर्थिक सेतु का निर्माण करेगा।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप **82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क **+91 82923 73444** कार्यकारी संपादक।

## ब्लैक संडे | रांची में भाजपा ऑफिस के सामने दर्दनाक सड़क दुर्घटना


# तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार ने बाइक को रौंदा, तीन की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के हरमू रोड स्थित भाजपा कार्यालय के सामने रविवार की शाम करीब छह बजे एक तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कई घायल हो गए हैं। पुलिस के अनुसार, इस दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला और दो बच्चियों की मौत हुई है। डीएसपी पीके मिश्रा के अनुसार, एक महिला और दो बच्चियों की मौत हो गई है। दो पुरुष घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है और कानूनी कार्रवाई चल रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों के अनुसार, हादसा तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर गाड़ी की वजह से हुआ, जिसने पहले एक कार को टक्कर मारी और उसके बाद दो मोटरसाइकिलों को भी चपेट में ले लिया। इससे तीन लोगों की जान चली गई और अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई थी। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया और घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए फॉर्च्यूनर चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आगे की जांच जारी है। मृतकों की पहचान करने की प्रक्रिया चल रही है और परिजनों को सूचना दे दी गई है। कुछ प्रत्यशदर्शियों के अनुसार, चालक नशे में था। इसी कारण गाड़ी पर उसका नियंत्रण नहीं रहा। हालांकि, पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। वहीं, आक्रोशित लोगों द्वारा कार चालक को पकड़कर पीटने की भी सूचना है, लेकिन इसकी भी पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है और चालक की भी जरूरी शारीरिक जांच की जाएगी। इसके बाद घटना से जुड़े कारणों के बारे में कुछ भी स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है। फिलहाल, मामला दर्ज कर लिया गया है। चश्मदीदों के बयान भी लिए गए हैं। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि घटना के पीछे असली वजह क्या है। वहीं, घटना के बाद सड़क पर कुछ देर के लिए ट्रैफिक जाम की स्थिति हो गई, जिसे कुछ समय बाद सुचारू कर दिया गया।

### कई घायल, हरमू रोड पर हुआ हादसा | पुलिस ने कार चालक को किया गिरफ्तार





रांची के हरमू रोड स्थित भाजपा कार्यालय के पास रविवार की शाम एक बाइक को फॉर्च्यूनर कार द्वारा टक्कर मारने के बाद मौके पर जुटे लोग (बाएं), बिलखती महिला (बीच में) और क्षतिग्रस्त कार।

### कुड़ू में भीषण कार दुर्घटना में मां-बेटी की मौत, 2 पुत्र गंभीर

**कुड़ू (लोहरदगा)।** कुड़ू-चंदवा मुख्य पथ (नेशनल हाईवे-75) पर लाघुप सेन्हा के नजदीक रविवार को सड़क दुर्घटना में कार सवार मां-बेटी की मौत हो गई, जबकि दो बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि बोकारो निवासी शंभू प्रसाद के परिवार के सदस्य रक्षाबंधन में डालटनगंज गए हुए थे। रक्षाबंधन के बाद रविवार को अपनी कार से डाल्टेनगंज से बोकारो लौट रहे थे। रास्ते में लाघुप सेन्हा के नजदीक कार अनियंत्रित होकर पलट गई और एक पेड़ से जा टकराई। इस जोरदार दुर्घटना में शंभू प्रसाद की पत्नी 46 वर्षीया आशा देवी और पुत्री 25 वर्षीया शिखा कुमारी की मौत हो गई। वहीं, पुत्र प्रेम कुमार और आशीष



कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों ने सभी घायलों को गाड़ी से निकालकर अन्य वाहन से चंदवा और कुड़ू अस्पताल भेजा। **शेष पेज 11 पर**

### नशे में धुत चालक ने कई लोगों को रौंदा, कई घायल, 2 गंभीर

**मेदिनीनगर ।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन के न्यू पार्किंग एरिया में आज सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। नशे में धुत एक बेकाबू कार चालक ने भीड़ में घुसते हुए कई लोगों को कुचल दिया, जिनमें बच्चे भी शामिल थे। हादसे में कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दो घायलों की हालत गंभीर है और उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया। इस दौरान गुस्साए लोगों ने चालक को पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी। बाद में पुलिस ने आरोपी को भीड़ से छुड़ाकर हिरासत में ले लिया और उससे पूछताछ शुरू कर



दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, चालक नशे की हालत में तेज रफ्तार से पार्किंग एरिया में घुसा और गाड़ी पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे यह हादसा हुआ।

### सरायकेला में सड़क किनारे खड़े हाइवा से टकराई बाइक, तीन युवकों की हुई मौत

- घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजनगर ले जाया गया
- सड़क किनारे खड़ी ब्रेकडाउन हाइवा के पिछले हिस्से से हुई बाइक की टक्कर

**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिले में एनएच 220 पर रविवार को एक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। घटना मुरुमडीह पुलिया के पास खड़ी एक ब्रेकडाउन हाइवा से बाइक के टकराने के कारण हुई। मृतकों की पहचान जमशेदपुर के सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के बारीडीह बस्ती, प्रेमचंद पथ निवासी लखन कुमार (27 वर्ष), संजय लोहार (22 वर्ष) और राजू शांडिल्य (23) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, तीनों युवक एक ही मोटरसाइकिल से चाईबासा की ओर जा रहे थे। मुरुमडीह लेकड़ा-कोचा मोड़ के पास पहुंचते ही सड़क किनारे खड़ी ब्रेकडाउन हाइवा के पिछले हिस्से से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सूचना पाकर 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, राजनगर ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही राजनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला भेज दिया। हादसे की खबर फैलते ही स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। मृतकों के परिजनों और ग्रामीणों ने चाईबासा-राजनगर मार्ग को मुरुमडीह के पास जाम कर दिया। करीब एक घंटे से अधिक समय तक सड़क के दोनों छोर पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। लोगों ने मुआवजा देने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सूचना पाकर राजनगर के अंचल अधिकारी (सीओ) और थाना प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों से वार्ता शुरू की। प्रशासन ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, वहीं पुलिस ने आश्वासन दिया कि मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## इंडिया | दिल्ली की हलचल में मंत्रियों-मुख्यमंत्रियों के बदले जाने का है शोर



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

संसद के मानसून सत्र के अलावा सत्ता के गलियारों में हलचल मची है। कुछ दिनों पूर्व प्रधानमंत्री राष्ट्रपति से मिले थे जिससे आने वाले दिनों में बड़े सत्ता संतुलन के संकेत हैं । सूत्रों के अनुसार सरकार और भारतीय जनता पार्टी दोनों में व्यापक फेरबदल की तैयारी है। रणनीतिक परिवर्तन और नेतृत्व की परिभाषा को नया रूप देने की बात है। 2024 के आम चुनावों में बीजेपी 272 के जादुई आंकड़े से पीछे रहकर 240 सीटों से गठबंधन के सहारे सरकार तो बना ली पर मंथन चलता रहा । भाजपा ने 8 राज्यों आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, ओडिशा, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड में चुनाव लड़ा और 5 राज्यों- आंध्र, अरुणाचल, ओडिशा, हरियाणा और महाराष्ट्र में भाजपा या गठबंधन की सरकार बनी। सूत्रों के अनुसार बीजेपी संगठन में बड़े बदलाव के रूप में युवाओं को आगे लाकर बड़ी जिम्मेदारी देगी। अध्यक्ष और उपराष्ट्रपति के नामों के अलावा यूपी में प्रदेश अध्यक्ष पर निर्णय होगा। बीजेपी अध्यक्ष ही नहीं पूरी टीम नई होगी। दर्जनभर मंत्रियों के प्रदर्शन की रिपोर्ट प्रधानमंत्री के पास पहुंच चुकी है। दो मुख्यमंत्री बदले जा सकते हैं वसुंधरा राजे सिंधिया की संसद भवन में प्रधानमंत्री मोदी से लगभग 20 मिनट की मुलाकात बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। वह इसी दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मिली थीं । राजस्थान भाजपा में अंदरूनी गुटबाजी और नेतृत्व को लेकर उठते सवालों के बीच कहा जा रहा है कि भजन लाल शर्मा की कुर्सी जा सकती है। राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चयन में राजनीतिक समीकरण से ऊपर संघ की राय है कि ऐसे व्यक्ति को लिया जाए जो कार्यकुशल हो और संगठन को लीड कर सकता हो। उपराष्ट्रपति के लिए जम्मू कश्मीर और कर्नाटक के गवर्नर को भी रेस में बताया जा रहा है। जातीय संतुलन में अगर उपराष्ट्रपति सामान्य वर्ग से हुआ तो अध्यक्ष ओबीसी या एससीएसटी वर्ग से हो सकता है या इसका उल्टा भी हो सकता है। भाजपा का नया अध्यक्ष न सिर्फ मोदी का करीबी होगा। बल्कि संघ की सोच को भी समझने और निभाने वाला होगा। जगदीप धनखड़ जैसे प्रयोगों से समझ में आ गई




है कि अगर ऐसे किसी व्यक्ति को अहम पद दे दिया जाए जिसकी पृष्ठभूमि संघ से नहीं रही है तो वो कई बार मुश्किलें खड़ी कर सकता है। प्रधानमंत्री मोदी अब 2029 के आम चुनाव की रणनीतिक तैयारी में जुट चुके हैं। लेकिन उनका मकसद केवल चुनाव जीतना नहीं है वो भारत को एक वैश्विक शक्ति के रूप में खड़ा करना चाहते हैं। इसके लिए उन्हें ऐसा संगठन और सरकार चाहिए जिसमें किसी भी स्तर पर सुस्ती या ढीलापन न हो। मंत्रियों के काम की समीक्षा में देखा जाएगा कि वो चुनावी लिहाज से कितने उपयोगी हैं और संगठन के लिए कितना योगदान दे सकते हैं। 12-13 मंत्रियों के स्थान पर नए चेहरों को मौका मिल सकता है जो पहले कभी मंत्री नहीं रहे। तमिलनाडु के अन्नामलाई और हिमाचल के अनुराग ठाकुर को बहुत बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। इसके अलावा तेजस्वी सूर्या को भी जगह मिल सकती है। गृह मंत्री अमित शाह की भूमिका बनी रहेगी पर वित्त मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय या विदेश मंत्रालय जैसे बड़े विभागों में फेरबदल की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। अमित शाह वित्त मंत्रालय भी संभाल सकते हैं। सारी बातें दिल्ली के राजनीतिक गलियारों से छन कर आ रहीं हैं पर अंत में मात्र अनुमान भी साबित हो सकती हैं क्योंकि टी 20 और राजनीति में कुछ भी निश्चित नहीं कहा जा सकता है।

### लोगों ने किया हंगामा, आरोपी के घर में तोड़फोड़

## राजधानी के हिंदपीढ़ी में युवक की गोली मारकर की गई हत्या



- **पुलिस ने पूर्व पार्षद असलम के भाई आसिफ को हिरासत में लिया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के भट्टी चौक के पास रविवार की दोपहर साहिल उर्फ कुरकुरे नाम के युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना ने इलाके में तनाव और उपद्रव की स्थिति पैदा कर दी। मृत युवक के परिजनों का आरोप है कि भट्टी चौक के पास इमरान ने साहिल के सीने में गोली मारी, जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने पूर्व पार्षद असलम के भाई आसिफ **शेष पेज 11 पर**

# राज्यधर्म के साथ पुत्रधर्म निभा रहे सीएम




बाबा शिबू सोरेन के श्राद्धकर्म के छठे दिन रविवार को अपना कर्तव्य निभातीं बहू विधायक कल्पना सोरेन।



रामगढ़ के नेमरा स्थित अपने पैतृक आवास पर ग्रामीणों एवं परिजनों के साथ श्राद्धकर्म से संबंधित विमर्श करते सीएम।




दिशोम गुरु के श्राद्धकर्म के छठे दिन रविवार को अपने परिजनों के संग स्थानीय परंपरागत विधि से श्राद्ध क्रिया करते हुए मुख्यमंत्री।

## चुनाव आयोग की प्रवक्ता बन गई है भाजपा : शाहदेव



**रांची।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान पर झारखंड कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने फर्जी मतदाता बनाकर और वोट चोरी का आरोप चुनाव आयोग पर जब से लगाया है, तब से पूरी भाजपा बौखलाई हुई है। नेता प्रतिपक्ष सवाल करते हैं चुनाव आयोग से, लेकिन चुनाव आयोग का प्रवक्ता बनकर भाजपा वाले उनके बचाव में सामने आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने चुनाव आयोग से कई अहम सवाल किए हैं, लेकिन भाजपा के नेता चुनाव आयोग के प्रवक्ता बनकर इसका जवाब दे रहे हैं। उनकी चोरी पकड़ी गई है। इसी तरह हमारे झारखंड के सांसद निशिकान्त दुबे अपने बयानों के लिए हमेशा चर्चा में रहते हैं या चर्चा में बने रहने के लिए हमेशा बयानबाजी करते रहते हैं। उनका कहना है कि बांग्लादेशी वोटर का नाम कट रहा है, इसीलिए कांग्रेस पार्टी विरोध कर रही है, क्योंकि एसआईआर के माध्यम से, मतदाता पुनरीक्षण के माध्यम से बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम कट रहे हैं। सांसद निशिकांत दुबे को इसका जवाब देना चाहिए कि बांग्लादेशी घुसपैठिए अगर हुए हैं और उनका नाम मतदाता सूची में है तो उसका जिम्मेवार कौन है। देश की सीमा की सुरक्षा किसकी जिम्मेवारी है। किनको देश की जनता ने जिम्मेदारी दी है। अगर कहीं घुसपैठिये हैं, तो इसके लिए सीधे तौर पर केंद्र की सरकार भाजपा की सरकार जिम्मेवार है। उन्होंने कहा कि भाजपा का जो एजेंडा है उनकी जो नीयत है, उसको लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में और कई अवसरों पर राज्य की जनता ने देखा है। उनके एजेंडे विशेष कर घुसपैठियों के एजेंडे, धर्मांतरण के एजेंडे को जनता नकार चुकी है।

### डॉ इरफान ने जामताड़ा से की फाइलेरिया खत्म करने के अभियान की शुरुआत, कहा

# स्वस्थ झारखंड का संकल्प है फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम

- स्वास्थ्य मंत्री ने स्वयं फाइलेरिया रोधी दवा खाकर किया कार्यक्रम का शुभारंभ किया
- लोगों से की अपील, स्वयं दवा खाएं, परिजनों को खिलाएं व दूसरों को भी करें प्रेरित

नवीन मेल संवाददाता



**अभियान का लक्ष्य**

- वर्ष 2027 तक झारखंड को पूरी तरह फाइलेरिया मुक्त घोषित करना।
- स्वस्थ झारखंड, सक्षम झारखंड के विजन को साकार करना।
- सुनिश्चित करना कि कोई भी पात्र व्यक्ति दवा से वंचित न रहे।

**9 जिलों के 80 चिह्नित प्रखंडों में चलाया जा रहा है अभियान**

राज्य के चतरा, गोड्डा, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला, हजारीबाग, जामताड़ा, पलामू, लातेहार और दुमका जिले के 80 चिह्नित प्रखंडों में यह अभियान चलाया जा रहा है। लगभग 1.42 करोड़ की आबादी में से 1.27 करोड़ लोगों को डीईसी, अल्बेंडाजोल और आइवरमेक्टिन दवाओं का सेवन कराया जाएगा।

**रांची/ जामताड़ा।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने रविवार को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान (आईडीए राउंड) की जामताड़ा जिले से औपचारिक शुरुआत की। उन्होंने स्वयं फाइलेरिया रोधी दवाएं खाकर और अन्य अधिकारियों को अपने समक्ष दवा खिलाकर इस जनस्वास्थ्य अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान रविवार (10 अगस्त) से राज्य के 9 जिलों में संचालित होने लगा है, जो आगामी 25 अगस्त तक चलेगा।

मौके पर डॉ अंसारी ने कहा, फाइलेरिया उन्मूलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह स्वस्थ झारखंड के निर्माण का संकल्प है। उन्होंने आमलोगों से अपील की कि वे स्वयं दवा खाएं, अपने परिजनों को खिलाएं और दूसरों को भी प्रेरित करें, ताकि झारखंड को फाइलेरिया मुक्त बनाया जा सके।

डॉ अंसारी ने कहा, फाइलेरिया केवल शारीरिक अपंगता नहीं लाता, बल्कि आत्मसम्मान, आजीविका और मानसिक स्वास्थ्य को भी गहरी चोट पहुंचाता है। लेकिन, यह पूरी तरह रोकी जा सकती है, वह भी साल में केवल एक बार दी जाने वाली दवा से। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, हमारा गांव, हमारी पंचायत, हमारे शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्यकर्मी और मीडिया, सभी मिलकर इसे एक जन आंदोलन बनाएं।

अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, वेक्टर जनित रोग डॉ बीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन को सफल बनाने के लिए अन्य विभागों जैसे शिक्षा विभाग, आईसीडीएस, पंचायती राज विभाग, शहरी विकास विभाग, पेयजल और स्वच्छता विभाग, आजीविका, पीएचईडी विभागों का भी सहयोग लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में फाइलेरिया से मुक्ति के लिए बूथ के माध्यम से और घर-घर जाकर, 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी लोगों को उम्र के अनुसार निर्धारित खुराक प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा उनके सामने मुफ्त खिलाई जाएगी।

जामताड़ा के सिविल सर्जन डॉ आनंद मोहन सोरेन ने बताया कि अभियान के लिए सूक्ष्म कार्ययोजना तैयार की गई है और प्रतिदिन दवा सेवन की समीक्षा जिला व प्रखंड स्तर पर की जाएगी। जामताड़ा के अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार ने कहा कि जामताड़ा, भारत सरकार के दिशा-निर्देश और राज्य स्तर से समन्वय बनाकर पूर्ण प्रयास कर रहा है कि जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाया जाए और जामताड़ा को फाइलेरिया मुक्त किया जाए।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के राज्य समन्वयक डॉ अभिषेक पाल ने बताया कि फाइलेरिया दुनिया भर में दीर्घकालिक दिव्यांगता के प्रमुख कारणों में से एक है। आमतौर पर बचपन में होने वाला यह संक्रमण लिम्फैटिक सिस्टम को नुकसान पहुंचाता है। अगर इसका इलाज न किया जाए, तो इससे शारीरिक अंगों में असामान्य सूजन होती है। फाइलेरिया से पीड़ित लोगों को अक्सर सामाजिक बोझ सहना पड़ता है, जिससे उनकी आजीविका व काम करने की क्षमता भी प्रभावित होती है।

कार्यक्रम के अंत में जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ डीसी मुंशी ने सभी अधिकारियों, सहयोगी संस्थाओं का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में विश्व स्वास्थ्य संगठन, पीरामल स्वास्थ्य, ग्लोबल हेल्थ स्ट्रेटजीज सहित अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# दिशोम गुरु को राज्य के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने दी श्रद्धांजलि

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए राज्य के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में लोग नेमरा गांव में एकत्रित हुए। दूर-दराज से आए सभी लोगों ने गुरूजी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मौके पर लोगों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। गुरुजी के संघर्ष, त्याग और जनसेवा के अमूल्य योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। मौके पर उपस्थित लोगों ने स्मृति -शेष दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के योगदान, उनके जीवन मूल्यों और उनके जनसेवा के कार्यों को याद किया। लोगों ने गुरूजी के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि गुरुजी का जीवन संघर्ष, त्याग और जनसेवा का अनमोल मिसाल रहा है। कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी वे अडिग रहे और कभी उन्होंने अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। जनसेवा के प्रति उनका अटूट समर्पण, संघर्ष और त्याग आने वाली पीढ़ियों के द्वारा हमेशा याद रखा जाएगा। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वाले लोगों में माननीय मंत्री, सांसद, विधायक, पूर्व मंत्री/विधायक, गणमान्य व्यक्ति सहित बड़ी संख्या में आम लोग शामिल रहे।

# पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को सिद्धि मिले, यही मेरी कामना है : संजय सेठ

नवीन मेल संवाददाता



- रक्षा राज्य मंत्री ने इंदौर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में लिया भाग

**रांची।** स्वच्छता में सदैव अव्वल रहने वाले इंदौर शहर ने 'एक पेड़ मां के नाम' के साथ 'एक बगिया मां के नाम' अभियान को जोड़कर एक और मिसाल कायम की है। देश के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रविवार को इंदौर में आयोजित इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मौके पर रक्षा राज्य मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मध्य प्रदेश के नगर विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के नेतृत्व में शुरू हुए इस अभियान के लिए कैलाश जी के साथ सभी इंदौर वासियों को बधाई देता हूं। मुझे यह जानकर अति प्रसन्नता हुई है कि रेवती रेंज में आप सभी ने पौधरोपण का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। इस अभियान के तहत प्रत्येक वर्ष 51 लाख पौधे लगाने और उसकी देखभाल का प्रण, हर देशवासी के लिए प्रेरणा देने वाला है। संजय सेठ ने कहा, अब तक शहर के 3000 से अधिक स्थानों पर पौधा लगाया जा चुका है। आज इस कार्यक्रम में शामिल होकर खुद को भी गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में इंदौर के नागरिकों के इस संकल्प को सिद्धि मिले, यह मेरी कामना है। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण किया एवं दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी, नगर भाजपा अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक रमेश मेदोला, बीएसएफ आईजी आलोक सिंह, राजेंद्र राठौड़ सहित बड़ी संख्या में वीर जवान कार्यक्रम में शामिल हुए। मोके पर सभी जवानों ने प्रकृति की रक्षा का संकल्प लिया।

## तेज रफ्तार वाली दुनिया में गणित की ज्यादा जरूरत : शिर्षा रे



**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा के कैट हॉल में आयोजित 'नैशनल सिंपोजियम ऑन मैथेमेटिक्स फॉर इंडस्ट्रियल एडवांसमेंट' (एनएसएमआईआईए 2025) का रविवार को अंतिम दिन था। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान के वाइस चांसलर प्रोफेसर इंद्रनील मन्ना के द्वारा 'आईएसआई कोलकाता' के प्रोफेसर, सुभोमय मैत्रा को सम्मानित करने के साथ हुआ। मौके पर इंद्रनील मन्ना ने क्वांटम कम्प्यूटिंग पर विस्तृत चर्चा की। क्लासिकल कम्प्यूटिंग के इतिहास से लेकर ट्यूरिंग और फाइनमैन तक, क्यूबिट्स की बारीकियां, रैखिक बीजगणित की अहमियत और नए एल्गोरिद्म की ज़रूरत तक। शिर्षा रे चौधरी, डायरेक्टर ऑफ इंजीनियरिंग, टी.आर. लैब्स (थॉमसन रॉयटर्स) ने बताया कि आज की तेज रफ्तार वाली दुनिया में गणित क्यों पहले से भी ज्यादा जरूरी है। बातचीत के बीच-बीच में उन्होंने मजेदार क्विज़ कराकर माहौल को हल्का और इंटरैक्टिव बनाए रखा। इसके बाद, बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा के छात्र मामलों के डीन, डॉ. भास्कर कर्ण द्वारा कार्यक्रम के प्रतिभागियों और स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मैट्रिक्स प्रतियोगिता के पाँच प्रस्तुतिकरण हुए, जिसके विजेताओं को डीन सर ने पुरस्कृति किया।

## समाजसेवी अर्जुन राम को श्रद्धांजलि दी

**रांची।** नगर निगम के वार्ड-25 के निवर्तमान पार्षद, समाजसेवी और भाजपा से जुड़े अर्जुन राम को संगठन की ओर से रविवार को श्रद्धांजलि दी गई। भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, भाजपा रांची महानगर जिला अध्यक्ष वरुण साहू, हरमू मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत यादव, निवर्तमान पार्षद अरुण झा, विनोद सिंह, रश्मि खलखो, अशोक यादव, सुनील यादव समेत अन्य ने हरमू आवास पर पहुंच कर श्रद्धांजलि दी।

## लोक सेवा समिति 31 को देगी झारखंड रत्न व महिला गौरव सम्मान

नवीन मेल संवाददाता




- शिबू सोरेन व हरिनारायण सिंह को समर्पित होगा समिति का वार्षिक सम्मलेन

**रांची।** लोक सेवा समिति 'रांची में युवाओं में बढ़ता नशा और हिंसा' विषय पर प्रेरणा स्मारिका का लोकार्पण करेगी। झारखंड रत्न दिशोम गुरु शिबू सोरेन एवं वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह की स्मृति को समर्पित समारोह में लोक सेवा समिति अपनी 34वीं वर्षगांठ पर विशिष्ट व्यक्तियों व संस्थाओं को झारखंड रत्न, विशिष्ट सेवा सम्मान और राष्ट्रीय महिला गौरव सम्मान से विभूषित करेगी। कार्यक्रम का आयोजन 31 अगस्त 2025 को होगा। ज्ञात हो कि लोक सेवा समिति शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, सद्भावना, सामाजिक विकास और मानवाधिकार के क्षेत्र में पिछले 34 वर्षों से कार्यरत है। झारखंड रत्न, विशिष्ट सेवा सम्मान और राष्ट्रीय महिला गौरव सम्मान उन लोगों को दिए जाएंगे, जिन्होंने नशामुक्ति, शांति सद्भावना, समाज सेवा और सामुदायिक नेतृत्व, शिक्षा एवं युवा विकास, महिला सशक्तिकरण एवं साहित्य, संस्कृति संरक्षण एवं जनजातीय कल्याण जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य किया हो। इस संबंध में रविवार को लोक सेवा समिति की बैठक हुई। बैठक में दिशोम गुरु शिबू सोरेन और वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। फादर टोनी, संगीता सिंह, जेबा साबुही, डॉ आतउर रहमान, सुखेंद्र यादव, सुनील सिंह बादल, हाफिज अनस खान, डॉ कमलेश, जफीर खान, शबाना टी परवीन आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहम्मद नौशाद ने की और सम्मानित होने वाले विभूतियों के नामों पर चर्चा की गई। यह जानकारी प्रो हरविंदर बीर सिंह ने दी।

**शोकसभा** श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर में दिशोम गुरु को दी गई श्रद्धांजलि

# गुरुजी केवल राजनेता नहीं, युगद्रष्टा थे : डूंगरमल

- संजय सर्राफ ने कहा, गुरुजी के दिखाए मार्ग पर चलना ही है सच्ची श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर परिसर में रविवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में झारखंड आंदोलन के जननायक झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत शिबू सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने गुरुजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की शुरुआत दो मिनट के मौन के साथ हुई। इसमें उपस्थित सभी लोगों ने दिवंगत दिशोम गुरु की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल ने कहा, दिशोम गुरु शिबू सोरेन केवल एक राजनेता नहीं थे, बल्कि एक युगद्रष्टा थे। उन्होंने आदिवासी समाज के हक और सम्मान के लिए जीवन भर संघर्ष किया। उनका जीवन हमें न केवल सामाजिक न्याय की प्रेरणा देता है, बल्कि सच्चे जननेता की परिभाषा भी सिखाता है।

ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा, गुरुजी ने जिस दृढ़ता और साहस के साथ झारखंड आंदोलन का नेतृत्व किया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। उनका निधन केवल एक व्यक्ति का जाना नहीं, बल्कि एक विचारधारा, एक आंदोलन और एक संघर्षशील आत्मा की विदाई है। हम उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके जीवन एवं संघर्ष को याद किया। सभा का वातावरण भावुक किंतु प्रेरणादायक था। यह श्रद्धांजलि सभा न केवल शोक व्यक्त करने का एक अवसर था, बल्कि शिबू सोरेन के विचारों, संघर्षों और उनके द्वारा स्थापित मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प भी था। श्रद्धांजलि सभा में ट्रस्ट के उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज चौधरी, सज्जन पाड़िया, पूरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, विशाल जालान, नंदकिशोर चौधरी, संजय सर्राफ, मधु जाजोदिया, मनीष सोनी, पवन पोद्दार, गोविंद अग्रवाल सहित कई लोग उपस्थित थे।

### झारखंड पेंशनर कल्याण समाज के निदेशक मंडल की बैठक

# झारखंड के हर जिला में पेंशनरों के लिए कार्यालय, वृद्धाश्रम व पेंशन कोषांग बने

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** झारखंड पेंशनर कल्याण समाज के निदेशक मंडल की बैठक रविवार को समाहरणालय परिसर कार्यालय में हुई। निदेशक मंडल की बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष रामसेवक तिवारी ने की। राज्य के सभी जिला से आए संगठन के प्रतिनिधियों ने हर जिला में पेंशन कल्याण समाज का अपना भवन होने को लेकर चर्चा की। कहा गया कि इसके लिए राज्य स्तर से भूमि उपलब्ध कराने को लेकर पहल हो। वहीं हर जिला में एक वृद्धाश्रम की भी व्यवस्था होनी चाहिए। जिले में पेंशनरों की शिकायत के लिए पेंशन कोषांग का गठन और पेंशन अदालत लगाने की व्यवस्था होनी चाहिए। बताया कि पेंशन मंत्रालय द्वारा पेंशन रूपांतरण पर स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि जब तक भारत सरकार के कैबिनेट से किसी प्रकार का आदेश निर्गत नहीं होता है, तब तक स्थिति यथावत रहेगी। वहीं पर्यावरण से संबंधित प्रतिवेदन सभी जिलों को देने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में चंद्रभूषण, चंद्रकांत झा, शंभु प्रसाद सिंह, केके यादव, आशुतोष नंदी, डॉ एके लाल, प्रांतीय रवींद्र पांडेय ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में सूरज प्रसाद सिंह, शंभु प्रसाद सिंह, राम लखन पंडित, अशोक कुमार गुप्ता, रामचंद्र राम, रमाकांत राम, अनिल कुमार श्रीवास्तव, सुधीर कुम्भकार, कमलाकांत सिंह, विनोद कुमार, प्रथमा देवी, लक्ष्मीकांत महतो, प्रेमचंद प्रसाद, उमेश कुमार सिंह समेत अन्य शामिल हुए।

## ग्रेटर रांची में सड़क चौड़ीकरण के विरोध में एचईसी विस्थापितों ने किया प्रदर्शन

**रांची।** नगड़ी के कुटे तिन सिमानी चौक में रविवार को झारखंड विस्थापित जन कल्याण समिति के बैनर तले एचईसी विस्थापितों का महाजुटान कार्यक्रम किया गया। विस्थापितों द्वारा राज्य सरकार के विरोध में रैली निकालकर प्रदर्शन और नारेबाजी की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समिति के अध्यक्ष कुणाल शाहदेव ने कहा कि ग्रेटर रांची क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा फोरलेन सिक्स लेन रोड के नाम पर 200 फीट चौड़ी जमीन नापी कर एचईसी विस्थापित आदिवासी, मूलवासियों और गरीबों के मकान और दुकानों को तोड़ने की साजिश रची जा रही है। यहां विस्थापितों की जमीन पर होटल ताज नहीं बनने देंगे। मौके पर कांग्रेस पार्टी की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद भी मौजूद थीं। उन्होंने कहा कि एचईसी विस्थापितों के हक और अधिकार के लिए वे राज्य सरकार से बात करेंगी। मौके पर विजय मुंडा, कृष्णा मिर्धा, प्रेमप्रकाश नाथ शाहदेव, महावीर लोहरा, किशोरनाथ शाहदेव, राकेश बैठा, महेंद्र मिर्धा, अनुज मिर्धा, शंभू उरांव, शोले उरांव, दिलीप सिंह, विनोद सिंह, उषा देवी, आशा देवी, पूनम देवी, विनोद लोहरा, विष्णु लोहरा, विजय बैठा और जैना उरांव सहित एचईसी विस्थापित गांव कुटे, आनी, लाबेद, तिरिल के सैकड़ों विस्थापित ग्रामीण मौजूद थे।

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में कार्यक्रम

# ब्रह्मा के रूप में पांच विकारों का त्याग करने वाला सतयुग में श्रीकृष्ण बना : निर्मला बहन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्रीकृष्ण हमारे मान्य पूर्वज थे। उन्होंने गीता ज्ञान तथा सहज राजयोग के अभ्यास द्वारा ही श्रेष्ठ देवता पद को प्राप्त किया। वह योगीराज थे। श्रीकृष्ण का आवाहन करने के लिए मनुष्य के आचार-विचार एवं व्यवहार में शुद्धिकरण की आवश्यकता है। ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय चौधरी बगान, हरमू रोड में 'श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समारोह' के पूर्व सप्ताह में आयोजित कार्यक्रम में जय सिंह यादव, अध्यक्ष श्री महावीर मंडल, रांची ने व्यक्त किए। कार्यक्रम में झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह श्रीकृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्म से ही महान थे, इसलिए अवश्य ही पूर्व जन्म में उन्होंने कोई महान पुण्यार्जन किया होगा। निकट भविष्य में शीघ्र ही भारत में श्रीकृष्ण जन्म लेंगे और भूलोक स्वर्ग बन जाएगा। वह होगी सोने की द्वारिका तथा बैकुंठ का क्षीर सागर। उस मनमोहक झांकी को देखने के योग्य बनने के लिए हमें स्वयं के ज्ञान योग के चंदन से तिलक देना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन केवल रासलीला नहीं, बल्कि नीति, रणनीति और समर्पित सेवा का प्रतीक है।

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर सांस्कृतिक उत्सव

निर्मला बहन ने कहा, ब्रह्मा के रूप में पांच विकारों का त्याग करने वाला इस सृष्टि का



महानायक ही सतयुग में श्रीकृष्ण बना, जिसकी यादगार में कृष्ण को पांच विकारों के प्रतीक पांच फन वाले कालिदह का मर्दन करते दिखाया गया है। वर्तमान में सृष्टि पर भ्रष्टाचार, पापाचार, हिंसा व आतंक का पहाड़ बढ़ता जा रहा है। इसके बोझ से मानवता को बचाने के लिए सच्चा ज्ञान परमात्मा शिव मानव आत्माओं को दे रहे हैं। पूर्व जन्म में ब्रह्मा के ज्ञान योग बल से पापाचार का बोझ उठाया था, इसलिए श्रीकृष्ण गिरधर कहलाए। भव्य समारोह में स्वर्णिम विश्व का आह्वान स्वर्णिम दिव्य गीतों व राजयोग अभ्यास से किया गया। कृष्ण राधे की चेतन्य झांकियों के समक्ष भावपूर्ण अभिनय, नृत्य व रास किया गया। सभी ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की बधाई स्वरूप भोग स्वीकार किया। चौधरी बगान, हरमू रोड स्थित ब्रह्माकुमारी संस्थान में हर्ष व उमंग उत्साह का माहौल छाया रहा। इस कार्यकम में कई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

## निगम के आठ वार्ड में आज होगी फॉगिंग व लार्विसाइडल का छिड़काव

रांची। रांची नगर निगम की स्वच्छता शाखा की ओर से



सोमवार को विशेष अभियान में आठ वार्ड में दो पाली में फॉगिंग होगी। निगम की स्वच्छता शाखा की ओर से मच्छर जनित बीमारी की रोकथाम के लिए वार्ड संख्या एक, दस, 19, 28, 33, 41, 47 और 53 के सभी मुहल्लों में सुबह छह से दिन के दस बजे तक मशीन से लार्विसाइडल कीटनाशी का छिड़काव होगा। वहीं, शाम में छह से रात नौ बजे तक मशीन से फॉगिंग होगी। बताया गया कि निगम क्षेत्र में रहने वाले लोग अपने निवास स्थान क्षेत्र में एंटी लार्वानाशी कीटनाशक दवाई के छिड़काव व फॉगिंग के लिए निगम के टोल फ्री नंबर 18005701235 पर सूचना दे सकते हैं।

### अलबर्ट एक्का चौक पर 16 व 17 अगस्त को आयोजित होगा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

# श्रीकृष्ण उत्सव के लिए हुआ भूमि पूजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति, रांची के सानिध्य में अलबर्ट एक्का चौक, मेन रोड में 16 एवं 17 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा। रविवार को मेन रोड स्थित आयोजन स्थल पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव के मंच निर्माण के लिए भूमि पूजन का कार्य हुआ। समिति के पदाधिकारियों संग समिति के सचिव रमेंद्र कुमार ने प्रातः 8:30 बजे आचार्य अनूप दाधीच और उनके सहयोगी बबलू पांडेय की उपस्थिति में मंत्रोचार और श्री पूजन के साथ भूमि पूजन संपन्न किया।

वहीं, प्रातः 8:30 बजे समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों के नेतृत्व में जन्माष्टमी महोत्सव पर होने वाली दही-हांडी फोड़ो प्रतियोगिता के लिए एक मटकी को राष्ट्रीय ध्वज कलर से सजाकर आयोजन स्थल पर लगाया गया। हांडी को जिस रस्सी से बांधा गया है, उसमें राष्ट्रीय ध्वज का कलर आकर्षण का केंद्र था। रात्रि में हांडी लोगों को आकर्षित करे, इसके लिए रस्सी के सहारे एलईडी लाइट की भी व्यवस्था रखी गई है। रंग-विरंगी फूलों की लड़ी से सजी यह हांडी 16 अगस्त तक लोगों के अवलोकन के लिए लगाई गई है।

भूमि पूजन के बाद अध्यक्ष मुकेश काबरा की अध्यक्षता में श्रीराम मंदिर परिसर में समिति के सदस्यों की एक बैठक हुई और इसमें कई निर्णय लिए गए। काबरा ने बताया कि समिति ने अबतक 14 बार यह महोत्सव मनाया है। महोत्सव 15वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है।



● श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति के सदस्यों की उपस्थिति में लटकाया गया दही हांडी का प्रारूप

### दही हांडी प्रतियोगिता के कार्यक्रम

**16 अगस्त 2025 :** पहले दिन संध्या 4:00 बजे प्रतियोगिता के माध्यम से श्रीकृष्ण के विभिन्न रूपों के साथ बाल गोपाल बच्चे-बच्चियां भाग ले सकेंगे। श्रीकृष्ण बाल रूप झांकी का उद्घाटन धार्मिक व सामाजिक, व्यापारिक संस्थाओं व विशिष्ट अतिथियों द्वारा किया जाएगा।

**17 अगस्त 2025 :** दूसरे दिन संध्या 4:00 बजे दही हांडी फोड़ो प्रतियोगिता सह भजन संध्या का आयोजन होगा। नृत्य नाटिका के मंचन का भी आयोजन होगा।

**विशेष :** दही हांडी प्रतियोगिता में पुरुष व महिला गोविंदा टीमें भाग ले सकेंगी।

**15 अगस्त तक रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य**

गोबिंदाओं की टीम व बाल गोपाल झांकी प्रतियोगिता में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को 15 अगस्त 2025 तक रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। मेन रोड, केडिया साइकिल व चुटिया में सतीश सिन्हा (फोन नंबर 9431101328 ) से फॉर्म लेकर रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है।

दही हांडी प्रतियोगिता में रजिस्ट्रेशन के साथ कुछ नियम और शर्तें भी रखी गई है। काबरा ने कहा, सभी सदस्यों के बीच कार्य क्षेत्र की जिम्मेदारी दी जा चुकी है। सभी लोग अपने-अपने कार्यों को समय पर पूरा कर आयोजन को सफल बनाने में अपना समर्पित भाव बनाए रखें। सोमवार से आयोजन स्थल पर बाल गोपाल झांकी मंच और दही हांडी स्वागत मंच का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण को माखन मिश्री, पंजीरी, पेड़ा, रबड़ी, नारियल लड्डू सहित मोटे अनाज व फलों का भी भोग लगाकर लोगों के बीच प्रसाद के रूप में वितरण किया जाएगा।मीडिया प्रभारी प्रमोद सारस्वत व संजय पोद्दार ने राजधानी के सभी धर्मप्रेमियों से आग्रह किया है कि वे आगामी 16 और 17 अगस्त को श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति के सानिध्य में होने वाले इस आयोजन में अपने मित्रों व परिवार के साथ अवश्य आएं।

**रविवार के प्रातः** हांडी लगाने वालों एवं भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष मुकेश काबरा, कुणाल आजमानी, रमेंद्र कुमार, राम बांगड़, मीडिया प्रभारी प्रमोद सारस्वत, संजय पोद्दार, राज वर्मा, ललन श्रीवास्तव, भीष्म सिंह, मनोज तिवारी, नीरज चौधरी, संजय जायसवाल, ललित ओझा, अशोक पुरोहित, सत्येंद्र सिंह गुड्डू, संतोष सेठ, विजय ओझा, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त का जनता दरबार स्थगित

**रांची। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री का सोमवार को होने वाला जनता दरबार स्थगित कर दिया गया है। जनता दरबार की नयी तिथि की घोषणा जल्द की जाएगी। रांची के लोग अपनी शिकायत या सुझाव जिला प्रशासन के आधिकारिक व्हाट्सऐप नंबर 9430328080 पर दर्ज करा सकते हैं।**

## वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह को प्रेस क्लब में दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

● प्रेस क्लब का कांफ्रेंस हॉल अब स्व. हरिनारायण सभागार के रूप में जाना जाएगा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधनोपरांत प्रेस क्लब के द्वारा कान्फ्रेंस हॉल में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके साथ कार्य करने का संस्मरण साझा किया और कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके जैसा व्यक्तित्व का होना मुश्किल है। श्रद्धांजलि सभा में उनके भाई पशुपतिनाथ सिंह, बेटे राहुल सिंह और भतीजे अनुज सिंह उपस्थित थे। उनके बेटे राहुल ने कहा कि वे अपने पिता के सपनों को आगे बढ़ाने में निष्ठा के साथ काम करेंगे। शोकसभा में वरिष्ठ पत्रकार अनुज सिन्हा ने कहा कि हरिनारायण सिंह का व्यक्तित्व और कार्य बेमिसाल रहा है, उनके साथ कार्य करने का अनुभव मेरे लिए बेहद स्मरणीय रहा है। शोकसभा में एनाईबीएम के निदेशक मनोज गुप्ता ने हरिनारायण सिंह की स्मृति में पांच छात्रों को हर साल निःशुल्क कम्पटीशन की तैयारी करवाने की घोषणा की। वहीं गांडीव समाचार पत्र के सम्पादक और क्लब के सचिव अमरकांत ने स्व. हरिनारायण सिंह के नाम से हर साल एक पत्रकार को उत्कृष्ट समाचार लेखन के लिए 10 हज़ार रुपए का अवार्ड शुरू करने की घोषणा की। सभा को वरिष्ठ पत्रकार अनुज सिन्हा, विनय कुमार, सुनील सिंह बादल, सत्यप्रकाश पाठक, प्रमोद झा, एनाईबीएम के निदेशक मनोज गुप्ता, आनंद मोहन, भरत भूषण प्रसाद, आलोक कुमार सिंह, सुनील सिंह, प्रदीप कुमार, मनोज सिंह, दिलीप कुमार सिंह, चंदन वर्मा, कमलेश कुमार, पंकज जैन, अखिलेश सिंह, राहुल सिंह ने संबोधित किया । वहीं वहीं प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र लाल सोरेन, सचिव अमरकांत, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी, संयुक्त सचिव रतनलाल, कोषाध्यक्ष कुमार सिंह, कार्यकारिणी सदस्य, राजू प्रसाद, आलोक कुमार सिन्हा, आरजे अरविंद, सौरभ शुक्ला, चंदन भट्टाचार्य, मोनू कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी उल्लेखनीय भूमिका निभाई।

## नेशनल मैप क्विज प्रोग्राम 2025 के प्रथम चरण का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इंडियन नेशनल कार्टोग्राफिक एसोसिएशन के तत्वाधान में रविवार को नेशनल मैप क्विज प्रोग्राम 2025 (प्रथम चरण) का आयोजन डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू), डीपीएस धुर्वा तथा डीएवी पब्लिक स्कूल धुर्वा में किया गया। इसमें डीपीएस डीएवी, केराली स्कूल, नेतरहाट आवासीय विद्यालय एवं अन्य विद्यालयों के 8वीं, 9वीं एवं 10वीं कक्षा के छात्रों ने भाग लिया।

प्रथम चरण के क्विज में जो भी प्रतिभागी उत्तीर्ण होंगे, उन्हें राष्ट्रीय मैप क्विज की परीक्षा में शामिल किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय इंडियन नेशनल कार्टोग्राफिक कांग्रेस के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों तथा संबंधित विद्यालय के शिक्षक को भी प्रमाण-पत्र एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। आज के आयोजन में वीक्षक के तौर पर डीपीएस से डॉ सुप्रिया, कोमल कीर्ति, डॉ अमित पांडेय, श्यामली सिन्हा व आनंद प्रसाद, डीएवी पब्लिक विद्यालय से मनोज कुमार, केराली विद्यालय से श्यामल कुमार, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय से नलिनीकांत महतो, डॉ गणेश बास्के, विवेक चंद्र व राजीव कुमार, राधा गोविंद विश्वविद्यालय से डॉ दिलकेश्वर प्रसाद, आरटीसी बीएड कॉलेज से डॉ पूनम मेहता तथा सर्वे ऑफ इंडिया से आलोक कुमार ने परीक्षा को सुचारु रूप से संचालित किया। आज लिए गए परीक्षा का परिणाम 12 अगस्त को जारी होगा।

### बच्चों को अंग्रेजी भाषा के रुचिकर तरीके सिखाए गए

**रांची।** प्रो विनय भारत ने ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में अंग्रेजी भाषा के डर को दूर करने के लिए स्थानीय भाषा की मदद से रुचिकर तरीके सिखाए। उन्होंने इसके लिए अपने अनुभवों का उदाहरण भी दिया। मनीषा धवन ने सामूहिक खेल गतिविधियों के माध्यम से विज्ञान जैसे जटिल विषय के प्रति छात्रों में रुचि पैदा करने के विभिन्न तरीके सिखाए। अरुण अग्रवाल ने पब्लिक स्पीकिंग के गुर कम उम्र से ही सीखने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि विशेषकर कमजोर बैकग्राउंड से आनेवाले बच्चों के कॉन्फिडेंस को हर तरह से बढ़ाना एक अच्छे शिक्षक का गुण होना चाहिए।

## अन्नपूर्णा महाप्रसाद में 3 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने लिया प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



पुंदाग में श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में रविवार को 222वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया। आज के श्रीकृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण पिता स्व. नंदलाल जालान एवं माता स्व. उमा देवी जालान की पुण्यतिथि पर उनके पुत्र विशाल एवं अमिता जालान, उनके भाई मनीष एवं मनीषा जालान, मिलन एवं नम्रता जालान एवं उनके परिवार द्वारा आयोजित किया गया था। अन्नपूर्णा महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12:30 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे ने लगाया। इसके बाद मंदिर परिसर में उपस्थित 3 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। आज के महाप्रसाद में केसरिया खीर, पुड़ी आलू चना सब्जी, जीरा राइस चिप्स, बिस्कुट आदि का वितरण किया गया। भजन संध्या के कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी ने कृष्ण दरबार में अपने मनमोहक सुमधुर भजनों से श्रोताओं को खूब झुमाया।

**आज / कल**








## राज्य में आज से अगले 4 दिन तेज हवा और वज्रपात का येलो अलर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



राज्य में 13 अगस्त से मानसून जोर पकड़ेगा और राज्य में दो दिन बारिश होगी। बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव क्षेत्र बन रहा है। बुधवार तक इसके बनने की प्रक्रिया पूरी होते ही पश्चिमोत्तर दिशा में यह आगे बढ़ेगा। इसके चलते 13 और 14 अगस्त को झारखंड में बारिश होने के आसार हैं। वहीं, अगले चार दिन के लिए पूरे राज्य में तेज हवा चलने और कहीं-कहीं ठनका गिरने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले बुधवार को निम्न दबाव क्षेत्र विस्तारित होकर पश्चिम बंगाल के तटीय भाग से होकर ओडिसा के उत्तरी और झारखंड के दक्षिणी भाग से होते हुए पश्चिमोत्तर की ओर बढ़ेगा।

इसके प्रभाव के चलते राज्य के दक्षिणी जिलों में अच्छी बारिश होने होगी। वहीं, उत्तरी भाग में लगातार हल्के दर्जे की बारिश होगी। पिछले 24 घंटे में सामान्य रहा मानसून राज्य में पिछले 24 घंटों में मानसून सामान्य रहा। राज्य के कई हिस्सों में बारिश हुई। सबसे अधिक बारिश गढ़वा में 61.5 मिमी बारिश हुई। धनबाद में 49.4 मिमी, लोहरदगा में 32.4 मिमी, बोकारो में 22 मिमी, रांची के मांडल में 18.4 मिमी, गोड्डा में 14.2 मिमी बारिश के अलावा राज्य के विभिन्न हिस्सों में हल्के से मध्य स्तर की बारिश हुई। दिन में मौसम साफ, शाम में बारिश हुई रांची में रविवार को दिन के समय मौसम कुछ देर के लिए साफ रहा। लेकिन शाम के दौरान 14.6 मिमी बारिश हुई। मौसम साफ रहने के कारण पिछले 24 घंटों के दौरान तापमान में दो डिग्री की वृद्धि हुई। रांची का अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 21.9 डिग्री सेल्सियस रहा।

# सिल्ली प्रखंड में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेसी नेताओं का किया स्वागत



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में रविवार के दिन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश,पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, पूर्व सांसद डॉ प्रदीप कुमार बालमुचू,सच्चिदानंद चौधरी एवं अजय सिंह का सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारीगण कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नगेंद्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष निशाकर महतो, मनीराम दास, महासचिव सैय्यद कमर आलम, भागीरथ महतो, प्रकाश मुंडा, सिल्ली पूर्वी मंडल अध्यक्ष देवाशिष दत्ता, सिल्ली पश्चिमी मंडल अध्यक्ष गुहीराम महतो,समसेर आलम, महताब अंसारी, सदानंद सोनार, लखिन्द्र बड़ाईक,लालू कोईरी, बिंदेश्वर महतो,दशरथ कुम्हार,अल्पसंख्यक जिला महासचिव रमजान अंसारी इत्यादि कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## दिशोम गुरु का जीवन सेवा, समर्पण का अद्वितीय उदाहरण : टीवी नरेंद्रन



रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से रविवार को नेमरा, रामगढ़ स्थित पैतृक आवास में टाटा स्टील के सीईओ एवं एमडी टीवी नरेंद्रन ने मुलाकात कर पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मौके पर उन्होंने कहा कि हम गुरुजी के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनका जीवन सेवा, समर्पण और सद्भावना का अद्वितीय उदाहरण रहा है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य एवं साहस दें। हम सभी उनके योगदान और स्मृतियों को सदैव अपने हृदय में संजोए रखेंगे। हेमंत स्थानीय परंपरागत विधि से कर रहे श्राद्ध क्रिया दिशोम गुरु बाबा शिबू सोरेन के श्राद्धकर्म के छठे दिन रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने परिजनों के संग स्थानीय परंपरागत विधि से श्राद्धकर्म किया।

## न्यूज बॉक्स

### धुमकुरिया और अखड़ा हमारी संस्कृति की पहचान : बंधु तिर्की



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के करकरी पंचायत अन्तर्गत खड़देवरी गांव में रविवार को पूर्व शिक्षा मंत्री सह कार्यकारी अध्यक्ष झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी बंधु तिर्की ने धुमकुरिया भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। पारंपारिक रीति-रिवाज के अनुरूप गांव के पहान हरिशंकर मुंड़ा ने विधि- विधान पुर्वक पुजा अर्चण कराई। कल्याण विभाग से लगभगत 21 लाख रुपए की लागत से भवन का निर्माण किया जायेगा । इस मौके पर ग्रामीणो को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि हमारी संस्कृति और रीति-रिवाज की पहचान हमारे गांवों की धुमकुरिया व अखड़ा हुआ करता था। आज भी इसकी जरूरत है। लेकिन दुर्भाग्य है कि आज की नई पीढ़ी अपनी ही परंपरा और संस्कृति को भूलते जा रही हैं। उन्होंने कहा कि गांव में अब धुमकुरिया के बनने से गांव के लोगों को एवं नई पीढ़ी को कई तरह की लाभ मिलेगी। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि गांव की जो देवी मंडप है जर्जर स्थिति में है उसका भी सुंदरीकरण का कार्य अतिशीघ्र किया जाएगा। इस मौके पर मौके पर इस कार्यक्रम के दौरान मो. मोजीबुल्लाह, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष प्रो. करमा उरांव, उपमुखिया हबीब अंसारी, मुखिया सरिता एक्का, लालदेव लोहरा,सुनील बाड़ा, पंचायत अध्यक्ष विजय उरांव सहित दर्जनों लोग मौके पर उपस्थित थे। इसके पूर्व बंधु तिर्की का पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया गया।

### विद्यालय में मेहंदी व क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शुक्रवार के दिन विद्यालय परिसर में छात्राओं के बीच मेहंदी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में काफी संख्या में उत्साहित छात्राओं ने भाग लिया।पूरा विद्यालय चार हाउस में विभाजित है-टैगोर हाउस,गांधी हाउस,बिरसा हाउस, एवं कलाम हाउस।विद्यालय की ओर से बताया गया कि विद्यालय के द्वारा इंटर हाउस प्रतियोगिता समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं एवं विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय की ओर से पुरस्कृत भी किया जाता है।विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार पांडे ने बताया कि छात्राओं ने अपने हाथों में सुंदर कलाकृतियों की मेहंदी लगाकर अपनी उत्कृष्ट कलात्मकता का प्रदर्शन किया। भारतीय संस्कृति में मेहंदी का विशेष महत्व है क्योंकि इसे प्राकृतिक श्रृंगार,सौभाग्य,समृद्धि और प्रेम का प्रतीक माना गया है। यह आयोजन न केवल छात्राओं की कलात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करने वाला था, बल्कि हमारी भारतीय संस्कृति एवं परंपरा को उजागर करने वाला एक प्रेरणादायी प्रयास भी रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं समेत काफी संख्या में छात्राएं मौजूद रही।

### कबड्डी टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए गिरिडीह टीम रवाना




**चान्हो।** बाघवार एकेडमी चान्हो की छात्राओं की कबड्डी टीम सीबीएसई क्लस्टर-3 कबड्डी टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए गिरिडीह रवाना हो गई है। टीम में 11 सदस्य हैं, जिनमें टीम मैनेजर फरहत जहां और कोच अजय सिंह शामिल हैं। इस टूर्नामेंट में बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड के सैकड़ों सीबीएसई स्कूलों की टीमें भाग लेंगी। यह टूर्नामेंट गिरिडीह के सलूजा गोल्ड पब्लिक स्कूल में छह दिनों तक चलेगा। विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार और प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। प्रतिभावान टीम से विद्यालय को शानदार उपलब्धियों की उम्मीद है। टीम के सदस्यो में राधा किस्पोट्टा (कक्षा 8), तन्वी लकड़ा (कक्षा 7), श्रीन कुमारी (कक्षा 6), ऋतिका मिन्ज (कक्षा 6), सोनल टोप्पो (कक्षा 6), कृति मिन्ज (कक्षा 6), सेलीना केरकेट्टा (कक्षा 6), पूजा किस्पोट्टा (कक्षा 8) संतोषी कुमारी (कक्षा 7) शामिल हैं।

### कांग्रेस पार्टी को कार्यकर्ता और नेता जमीनी स्तर पर करें मजबूत : उप प्रमुख



**मांडर।** प्रखंड के मांडर, मुरमा, सुरसा, नगरा, टांगरबसली पंचायत में रविवार को कांग्रेस पार्टी पंचायत कमेटी के साथ मांडर प्रखंड के पर्यवेक्षक सह बेड़ो उप प्रमुख मुदस्सिर हक ने बैठक की। बैठक में 'संगठन सृजन-2025' अभियान के तहत पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने तथा आगामी चुनावों के लिए रणनीति तय की गई। उप प्रमुख ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को कार्यकर्ता और नेता मजबूत करें।

### सिलंबम प्रशिक्षण शिविर संपन्न

रांची। झारखंड राज्य सिलंबम खेल संघ के तत्वाधान में एक दिवसीय सिलंबम प्रशिक्षण शिविर व जज रेफरी सेमिनार का आयोजन टाना भगत इनडोर स्टेडियम खेल गांव रांची में किया गया। जिसमें लगभग झारखंड के सभी जिलों से खिलाड़ी पार्टिसिपेट किए है या प्रशिक्षण शिविर राज्य सिलंबम संघ के अध्यक्ष राम स्वरूप कुमार व सचिव विनीत कुमार यादव जी के नेतृत्व में आयोजन हुआ। जिसमें राष्ट्रीय स्तरीय कोचों के द्वारा खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दिया गया, और जज रेफरी सेमिनार में भी राष्ट्रीय स्तरीय जज रेफरी के द्वारा ट्रेनिंग दिया गया। जिसका ओपनिंग सेरेमनी के मुख्य अतिथि के रूप में अभिलाष साहू सदस्य,झारखंड राज्य आवास बोर्ड , राजन सर झारखंड उपकार्यालय प्रभारी कांग्रेस कमेटी, और प्रदीप साहू अध्यक्ष रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग जी थे, और क्लोजिंग सेरेमनी के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ राजेश गुप्ता रांची यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट्स टीचर, नवीन प्रसाद साहू राज्य कर अधिकारी झारखंड थे। इस प्रशिक्षण शिविर में सभी जिलों से आए हुए कोच व रेफरी के रूप में संदीप कुमार, मोहम्मद इबरार कुरैशी, सरवन साहू,, कृष्ण कुमार साहू, अरविंद उरांव, वसीम अहमद, रवि यादव, जी मौजूद थे।

## चान्हो में सड़क हादसा, दो युवक गंभीर रूप से घायल

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के एनएच39 ओपा के समीप शाम 5 बजे हुए सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों युवक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल से चान्हो की ओर जा रहे थे, तभी उक्त स्थान पर अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर से टकरा गए। घायलों की पहचान सोंस बाजोटोली निवासी आनंद लोहरा और संदीप लोहरा के रूप में हुई है। घटना के बाद स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर, रिम्स रेफर

**मांडर।** दुमदुमया टोंगरी के समीप रविवार दोपहर हुए सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक की पहचान बुढ़मू के सोसई निवासी 38 वर्षीय महावीर उरांव के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर बुढ़मू की और जा रहा था तभी उधर से आ रहे एक ऑटो से टक्कर हो गई जिससे मोटरसाइकिल सवार युवा गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से मांडर रेफरल अस्पताल लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद युवक को रिम्स रेफर कर दिया गया है।

## लेखक शहाब हमजा की पुस्तक "लॉकडाउन" का हुआ विमोचन

# ये केवल पुस्तक नहीं बल्कि ऐतिहासिक दस्तावेज है : शरीफ अहसन मजहरी

**नवीन मेल संवाददाता**



**इटकी।** गुलजार रोड स्थित जमाल मंजिल में एक समारोह का आयोजन कर क्षेत्र के लेखक व कवि शहाब हमजा की पुस्तक लॉकडाउन का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन चार प्रसिद्ध संस्था सफदर इमाम फाउंडेशन, ईदारा तरक्की उर्दू, अंजुमन फरोग उर्दू और ग्रीन फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शरीफ अहसन मजहरी ने कहा कि शहाब हमजा की यह पुस्तक कोविद-19 के दौर की न केवल जीती जागती यादगार तस्वीर है बल्कि एक ऐतिहासिक दस्तावेज है जो आने वाली नस्लों को कोरोना काल की दिक्कतों और परिस्थितियों से सदियों अवगत कराती रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर मजहर इमाम ने कहा कि इस पुस्तक में लेखक ने कोरोना काल के हालात सिलसिलेवार हमारे सामने रखकर हमें महामारी से होने वाली तबाहियों से न केवल अवगत कराया है बल्कि समाज और सरकार की प्रशंसा भी की है तो इन्हें आईना भी दिखाया है। इनके अतिरिक्त कार्यक्रम को डॉ वकील अहमद रिजवी, पूर्व एसडीओ तस्लीम अहमद, डॉक्टर ग़ालिब नश्तर, डॉक्टर बदीउज्जमा, मोहम्मद दानिश अयाज, तस्लीम रजा, फरहीन बेगम, मौलाना मुनीरूद्दीन, हाजी मोइनुद्दीन ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में मुशायरा का आयोजन किया गया। जहां आइपीएस प्रशांत करण , मौलाना मुशर्रफ कासमी, नसीर अफसर, इकबाल जमानवी, जीशान अल्तमश, मेहताब इस्लाही, शगूफा तहजीब, जुबेर अहमद ने एक से बढ़कर एक शायरी पेश किया। संचालन आरिश निजाम ने किया। मौके पर मोहम्मद इकबाल, हाजी इशरत आलम, बी के सिन्हा, अरशद जमाल, डॉ शगुफ्ता बानो, अंजुम जमाल, आसिफ रजा, एजाज बशीर समेत बड़ी तादाद में लोग मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में नदीम अर्श, डॉ फैजा जमाल, डॉ सायबा जमाल,सब्दुल्ला मलिक सहित अन्य लोगों ने अहम भूमिका निभाई।

## वॉलीबॉल टूर्नामेंट के विजेता को किया गया पुरस्कृत



**रांची।** युवा नशा छोड़ें थीम के साथ डीबडीह में दो दिवसीय बॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें कुल आठ टीम ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट का आयोजन प्रयास हमारा एवं जय जवान क्लब डीबडीह ने संयुक्त रूप से किया। फाइनल मैच शांतिपुर टोला एवं गिरजा टोली के बीच हुआ। जिसमें गिरजा टोली की टीम विजेता रहा। विजेता टीम को मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद सबिता कुजूर ने सात हजार, उपविजेता टीम को पांच हजार एवं तृतीय स्थान पर रहे एसपी कॉलोनी के टीम को तीन हजार की प्रोत्साहन राशि दिया गया। टूर्नामेंट के कॉर्डिनेटर बी एस एफ इंस्पेक्टर सजीत टोप्पो और समाज सेवी राजेश कुजूर थे ! विशिष्ट अतिथि के रूप में अमित अम्बर,संजय खलखो , रीता तिग्गा, ,रवि कुमार तिर्की, राजा मनी,एरिक विल्सन तिग्गा मौजूद थे।

## छात्राओं ने पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को बांधी राखी



**तमाड़।** रक्षाबंधन के अवसर पर स्कूली छात्राओं ने शनिवार तमाड़ थाना पहुंचे और थाना प्रभारी प्रवीण कुमार मोदी समेत पुलिस जवानों की कलाई पर राखी बांधकर उनके स्वस्थ, समृद्ध और सुरक्षित जीवन की कामना की। राखी बंधवाने के बाद थाना प्रभारी ने छात्राओं के साथ थाना परिसर में उन्होंने कहा कि पुलिस सिर्फ कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नहीं, बल्कि समाज की सुरक्षा और बहनों की रक्षा के लिए भी हमेशा तैयार रहती है।

## परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन

**रांची।** हरमू फुटबॉल एकेडमी के तत्वाधान में हरमू ग्राउंड में पांच दिवसीय परमबीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू हो गया। उद्घाटन मैच लाल बादशाह एवं चेतन टोली के बीच हुआ, जिसमें लाल बादशाह, पेनाल्टी शूट में चार-एक से विजय रहा। मैच का उद्घाटन बीएसएफ इंस्पेक्टर सजीत टोप्पो, सहायक अभियंता महेश टोप्पो और अनल प्रतीक मिंज संयुक्त रूप से किया। टूर्नामेंट का शुरुआत खिलाड़ियों और उपस्थित अतिथियों द्वारा दिशोम गुरु स्व शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि देकर किया गया। टूर्नामेंट में सोलह टीमों ने भाग लिया है। फाइनल मैच पंद्रह अगस्त को खेला जाएगा। उद्घाटन के दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में हरमू फुटबॉल एकेडमी के अध्यक्ष निलेश लकड़ा, कोषाध्यक्ष सुरेश तिग्गा, सचिव रोशन टोप्पो, आलोमनी तिग्गा, आर क्लब साउंड के मालिक राजू तिर्की एवं राहुल उपस्थित थे।

## कराटेकारों को किया गया पुरस्कृत

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** शोतोकान कराटे - डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में ओसिएनिक एक्जोटिका कराटे शाखा के द्वारा प्रमाण पत्र सह मेडल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम में विगत दो राज्य स्तरीय कराटे प्रशिक्षण शिविर में कराटेकारों के प्रदर्शन के आधार पर प्रोन्नत किए गए विभिन्न ग्रेड के बेल्ट का प्रमाण पत्र एवं शिविर के बेस्ट कराटेकार पुरस्कार से सम्मानित कराटेकारों को पुरस्कृत किया गया । कार्यक्रम को भारत के मुख्य प्रशिक्षक हांसी मानस सिन्हा के मार्गदर्शन में मुख्य प्रशिक्षक सह अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता ब्लैक बेल्ट पांचवी डान सेंसी रीतेश कुमार बॉबी एवं द्वितीय डान ब्लैक बेल्ट सह प्रशिक्षक सेंसी संदीप यादव के द्वारा संचालित किया गया । इस अवसर पर सेवानिवृत प्रोफेसर डॉ० लाला बिनोद प्रसाद, सेवानिवृत आईएफएस आरके सिन्हा, सेवानिवृत मुख्य अभियंता आरपी सिंह, सेवानिवृत अभियंता आरबी शर्मा, माया प्रसाद एवं सुनैना रानी शर्मा ने सफल कराटेकारों के बीच मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया । वहीं उपस्थित सभी कराटेकारों द्वारा कराटे का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उपस्थित दर्शकों की प्रशंसा बटोरी गई। पूरे शिविर में बेस्ट कराटेकार के रूप में आश्वि कपूर (ब्लू बेल्ट), श्रेया कुमारी, त्रिशिका, रेयांश ऋषभ एवं सबसे छोटे कराटेकार शिवांश शर्मा (सभी ऑरेंज बेल्ट) को मेडल एवं प्रमाण पत्र वितरित कर उन्हें सम्मानित किया गया । वहीं सेजल प्रिया, सनाया गुप्ता, शानवी शर्मा, श्रीजा सिन्हा, मायरा सिंह, अनमोल कुमारी को ऑरेंज बेल्ट की उपाधि दी गई तथा स्वास्तिका शर्मा, विवान शर्मा, ध्रुव, शिवांगी झा, मयंक राज, पेरीमला निहारिका, पेरीमला ओवी एवं दिव्यम मिश्रा को पीला बेल्ट के उपाधि से सम्मानित किया गया।

## करांजी जराटोली सड़क का हाल बेहाल, हो रहा है जल जमाव

# शिलान्यास के 10 महीने बाद भी सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

- **मुखिया फ्रांसिस्का मिंज ने कहा कि निर्माण कार्य नहीं होने से खामियाजा ग्रामीण भुगत रहे हैं**



**बेड़ो।** करांजी मोड़ बीटी रोड से दिघिया मिशन भाया जराटोली सड़क का हाल बेहाल हो गया है। यहा वाहनों से लेकर पैदल चलना भी दुभर हो गया है। ठेकेदार की लापरवाही के कारण अक्टूबर 2024 में शिलान्यास होने वाले सड़क का निर्माण कार्य ही शुरू नहीं हुआ। लगभग दस महीने से काम नहीं होने के कारण पहले से जर्जर सड़क और अधिक जर्जर हो गया है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और जल जमाव सड़क की बदहाली की खुद कहानी बयां कर रही है। इस संदर्भ में जराटोली करांजी के रहने वाले सुधीर तिग्गा, दिलीप कुजूर, रंजन टोप्पो, किशोर तिग्गा , पास्कल कुजूर बेंजामिन कुजूर , अरूण टोप्पो विनोद तिर्की शनि तिर्की सहित अन्य लोगों ने कहा कि स्कूली छात्र-छात्राओं को इसी रास्ते दिघिया मिशन स्कूल जाना पड़ता है और यहीं वहां तक जाने का मुख्य सड़क है। वहीं जराटोली मस्जिद का भी मुख्य सड़क यही है। इस संदर्भ में जराटोली के अब्दुल अंसारी, शहबाज अंसारी, तबरेज अंसारी, नसीर अंसारी, अजीज अंसारी, अताउल अंसारी, नजीर अंसारी, नसीम अंसारी, शहीद अंसारी, सामूला अंसारी,बशीर अंसारी, रजीबन अंसारी सहित अन्य लोगों ने बताया कि मांडल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत करांजी पंचायत का करांजी जराटोली और दिघिया मिशन महत्वपूर्ण गांव है जहां से कांग्रेस को सर्वाधिक वोट मिलती है। फिलहाल सरकार कांग्रेस की है और सबसे खास बात तो यह है कि मांडर विधानसभा क्षेत्र की विधायक और वर्तमान झारखंड सरकार की कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की मैडम ने ही इस सड़क निर्माण का 2024 में 10 अक्टूबर को शिलान्यास किया था लेकिन दुर्भाग्य तो इस बात का है कि आज तक दस महीने गुजर जाने के बाद भी सड़क का निर्माण शुरू नहीं हो पाया है। इसका खामियाजा गांव के ग्रामीण भुगत रहे हैं। इस संदर्भ में करांजी पंचायत की मुखिया फ्रांसिस्का मिंज और समाजसेवी बबलु खान ने कहा कि सड़क के शिलान्यास होते ही सड़क का काम शुरू हो जाना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं हुआ यह दुर्भाग्यपूर्ण है। मुखिया ने कहा कि सड़क निर्माण नहीं होने से आम लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इसका निर्माण कार्य तुरंत होना चाहिए। वहीं सांसद प्रतिनिधि जुगेश उरांव ने कहा कि सांसद महोदय को भी यहां के ग्रामीणों की समस्याओं की जानकारी मिली है।

## योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं ग्रामीण : शिल्पी नेहा तिर्की



**मांडर।** प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक आमसभा मांडर में रविवार को की गई। कार्यक्रम की शुरूआत कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दीप प्रज्वलन कर किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी ने कहा है कि हमारे विभाग से संबन्धित सभी योजना का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बने। बकरी पालन, मुर्गी पालन, बत्तख पालन, गाय पालन, सुकर पालन, मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना, सौर ऊर्जा संचालित मोटर पम्प इत्यादि के बारे में आप लोग प्रखंड स्तर पर अधिक से अधिक आवेदन जमा कीजिए और इसका लाभ उठाएं। इसमें संकुल के पदाधिकारी के द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष 24- 25 का पूरा लेखा- जोखा का विस्तार पूर्वक संकुल लेखापाल सोनी किस्पोट्टा के द्वारा बताया गया है। साथ ही लाभुक जो सखी मंडल से ऋण लेकर अपनी आजीविका बढ़ाने हेतु अलग अलग गतिविधियों का कार्य कर रहे है उन्हें भी पारितोषिक दिया गया है। संकुल संगठन में उत्कृष्ट कार्यों के लिए अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष को बेस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

## ब्रह्माकुमारी बहनों ने आईटीबीपी के जवानों को बांधी राखी

**रांची।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विद्यालय कांके पिठोरिया की संचालिका बीके राजमती बहन ने रविवार को राखी के अवसर पर कांके रिंग रोड स्थित आईटीबीपी कैंप जाकर सैकड़ों जवानों को राखी बांधी और उनकी लंबी उम्र की कामना की। बीके राजमती एवं उनके साथ गए ब्रह्माकुमारी बहनों ने जवानों के साथ रक्षाबंधन त्यौहार मनाया। बहनों ने मिलकर सभी जवानों की कलाई पर राखी बांधकर, मिठाई खिलाकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। मौके पर बीके राजमती बहन ने कहा, घर परिवार से दूर देश की सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों के जवानों को भी बहनों की याद आती है। उन्हें भी अपनी कलाई पर रक्षा सूत्र की प्रतीक्षा रहती है। इसी भावना को समझते हुए ब्रह्माकुमारी बहनों ने आईटीबीपी कैंप आकर जवान को राखी बांधी हैं। इस अवसर पर तेज भान सिंह, प्रवीण कुमार सिंह समेत कई गण्यमान्य लोग मौजूद थे।

### फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन

# फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर लोगों को किया गया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरकट्ठा।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में रविवार को राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चिकित्सा प्रभारी डॉ. रत्ना रानी कुंज ने की, जबकि संचालन प्रकाश पंडित और पीरामल फाउंडेशन के जे. साही गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रमुख रेणु देवी, बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, उप प्रमुख सुरजी देवी, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, उपाध्यक्ष कुदुश अंसारी, चिकित्सा प्रभारी डॉ. रत्ना रानी, डॉ. जसीम अख्तर, पंसस यूसुफ अंसारी सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। तत्पश्चात सभी अतिथियों और स्वास्थ्य कर्मियों ने फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन किया। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ रत्ना रानी कुंज ने बताया कि 10 अगस्त से 25 अगस्त तक स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर दवा खिलाएंगे। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया, जिसे हाथीपांव भी कहा जाता है, लाइलाज बीमारी है, लेकिन समय पर दवा सेवन से इससे बचाव संभव है। वही मुख्य अतिथि प्रमुख रेणु देवी ने स्वयं दवा खाकर लोगों को प्रेरित किया। यह बिमारी बहुत ही खतरनाक है। कार्यक्रम में बताया गया कि गर्भवती महिलाएं, दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे और गंभीर बीमारी से पीड़ित लोग दवा न लें। मौके पर बीपीएम, एएनएम, सहिया दीदी सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## चतुर्थ वर्गीय कर्मियों के स्थायीकरण को लेकर ज्ञापन

**रामगढ़।** अखिल भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष विवेक वाल्मीकि व रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष राजेश कुमार महतो के नेतृत्व में नप के सिटी मैनेजर को ज्ञापन सौंपा गया. ज्ञापन में चतुर्थ वर्गीय कर्मियों को पीएफ, उचित स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, सेफ्टी किट, मौसम के अनुकूल पोशाक की उपलब्धता, नियमित अंतराल पर श्रमिकों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच करने की बात कही गयी है. इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष विवेक वाल्मीकि ने कहा कि अखिल भारतीय मजदूर संघ श्रमिकों के हित के प्रति समर्पित निबंधित संगठन है. संगठन मजदूरों के हित और अधिकारों के लिए सदैव प्रयासरत है. रामगढ़ नगर परिषद मजदूर संघ के अध्यक्ष राजेश महतो ने कहा कि कोर्ट के प्रावधान के तहत पिछले दस वर्षों से कार्यरत कर्मियों को स्थायीकरण करने की नियमावली है.

## हम सभी के प्रेरणास्रोत थे रीझुनाथ चौधरी : सुदेश महतो



**रजरप्पा।** गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के पिता सह पूर्व प्रमुख रीझुनाथ चौधरी की 11वीं पुण्यतिथि शनिवार को चितरपुर प्रखंड के सांडी स्थित आवास में मनायी गयी. कार्यक्रम की शुरुआत बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी, छोटे पुत्र ज्योति कुमार चौधरी, डॉ रेखा चौधरी व वीणा देवी ने की. इस अवसर पर आजसू सुप्रीमो सह पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, मांडू विधायक तिवारी महतो, हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद, रामगढ़ की पूर्व विधायक सुनीता चौधरी, जिप अध्यक्ष सुधा देवी मौजूद थे. आजसू सुप्रीमो श्री महतो ने कहा कि स्व. रीझुनाथ चौधरी हम सबों के प्रेरणास्रोत थे. उन्होंने शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने और मजदूरों को स्वावलंबी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी. गिरिडीह सांसद श्री चौधरी ने कहा कि वे सदैव दबे-कुचले और शोषितों की आवाज उठाते रहे. विधायक श्री चौधरी ने बताया कि दुलमी और महुआटांड़ में उनके नाम से कॉलेज और स्कूल स्थापित कर उनके सपनों को साकार किया जा रहा है. श्रद्धांजलि सभा के दौरान अतिथियों ने लोगों के बीच पौधों का वितरण किया. उधर, रजरप्पा मंदिर प्रक्षेत्र के रीझुनाथ चौधरी धर्मशाला में गरीबों के बीच भोजन कराया गया. जरूरतमंदों के बीच धोती-साड़ी का वितरण किया गया. मौके पर रजरप्पा जीएम कल्याणजी प्रसाद, पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो, समाजसेवी चंदर महतो, नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज महतो, रामगढ़ पार्षद धनेश्वर महतो, जलेश्वर महतो, कुंदरूकलां मुखिया किशुनराम मुंडा, मुखिया अरविंद सिंह सुशीला देवी, निर्मल महतो उपस्थित थे.

## न्यूज बॉक्स

### मनीष जायसवाल पहुंचे नेमरा, पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि



**रामगढ़।** रविवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के पैतृक गांव हजारीबाग लोकसभा क्षेत्रांतर्गत रामगढ़ जिला जिला के बरलंगा प्रखंड स्थित ग्राम नेमरा पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और ईश्वर से उनकी पुनीत आत्मा की शांति की कामना की। इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने झारखंड के वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके परिवार से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन के संघर्ष और जनसेवा के प्रति समर्पण हमेशा समाज के लिए प्रेरक रहेगा। मौके पर विशेषरूप रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, भाजपा जिला महामंत्री विजय जायसवाल, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस, भाजपा नेता छोटन सिंह, गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव, वरिष्ठ नेता मनोज महतो, बरलंगा मंडल सांसद प्रतिनिधि मंशू वेदिया, बबली सिंह, के.बी. सहाय, ललन कुशवाहा, सूरज वर्मा,संतोष कुशवाहा, बासुदेव, सुधीर महतो सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

### मुखिया ने दवा वितरण कर फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की शुरुआत की



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत मुखिया अब्बास अंसारी ने कोनहरा कला में फायलेरिया की दवा का वितरण कर इससे होने वाले लाभ से लोगों का अवगत कराया । इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया ने की। उन्होंने कहा कि यह दवा हाथीपांव (फाइलेरिया) से बचाव का प्रभावी उपाय है। गर्भवती महिलाओं, 2 वर्ष से काम के बच्चों तथा गंभीर बीमारियों से जूझ रहे वृद्धों को छोड़कर सभी लोग यह दवा सेवन कर सकते हैं। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलेगा। इसके तहत कोनहरा कला के मंदिर टोला और पांडेय टोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों पर दवा दी गई। मौके पर सहिया दीदी क्रांति देवी और सेविका कलवा देवी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### अनुमंडल के थानों में अब तक 680 मामले दर्ज, बरही में सर्वाधिक

**बरही।** अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत बरही, चौपारण, पदमा ओपी, बरकट्ठा, गोरहर और चलकुसा थाना में विभिन्न मामलों को लेकर अब तक 2025 में कुल 680 मामले दर्ज किए जा चुके हैं. दर्ज मामलो में अधिकतर मामले जमीन विवाद, गौ तस्करी व अवैध नशीले पदार्थ के व्यापार से संबंधित है. प्राप्त ऑनलाइन रिपोर्ट के अनुसार प्राथमिकी दर्ज करने में अनुमंडल क्षेत्र में बरही थाना अब तक अव्वल रहा है. बरही प्रखंड के 20 और पदमा के ओपी के 8 पंचायत शामिल हैं. जहां 8 अगस्त 2025 तक कुल 291 मामले दर्ज किए गए हैं. प्राथमिकी दर्ज करने 26 पंचायत वाला चौपारण थाना का दूसरा स्थान है, जहां 7 अगस्त को 223वाँ प्राथमिकी दर्ज किया गया है. बरकट्ठा प्रखंड में कुल 17 पंचायत है. जिसके अन्तर्गत गोरहर और बरकट्ठा दो थाना क्षेत्र आते हैं. दोनो थाना में अब तक कुल मिलाकर 122 मामले दर्ज किए गए हैं. जिसमे 86 मामले बरकट्ठा थाना के और 36 मामले गोरहर थाना से संबंधित हैं. बरकट्ठा में अंतिम रूप से 5 अगस्त को मामला दर्ज किया गया है जबकि गोरहर में 30 जुलाई के बाद अबतक मामला दर्ज नहीं किया गया है. 9 पंचायत वाला चलकुसा प्रखंड में कुल 44 प्राथमिकी दर्ज हुए है. जहां 2 अगस्त को अंतिम प्राथमिकी दर्ज हुई है. विभिन्न थानों में दर्ज प्राथमिकी रिपोर्ट से बरही में अपेक्षाकृत अपराधिक गतिविधियां ज्यादा देखने को मिले है. जो चिंता का विषय है.

### भाग्यशाली विजेताओं को मिला उपहार

**रामगढ़।** यामाहा इंडिया के ब्लू स्क्वायर शोरूम शिवम् बाइक्स में चल रही "यामाहा धमाका स्कीम" के अंतर्गत इस सप्ताह के भाग्यशाली विजेताओं को विशेष उपहार प्रदान किए गए। स्कीम के तहत कैथा निवासी सुशील करमाली को बम्पर उपहार के रूप में 7 किलो की ब्रांडेड वॉशिंग मशीन प्राप्त हुई। जबकि, कुजू मुरपा निवासी सोनू कुमार को मिक्सर जूसर मिला। विजेताओं ने उपहार प्राप्त कर अपनी खुशी जाहिर की और शिवम् बाइक्स के प्रति आभार व्यक्त किया। वॉशिंग मशीन विजेता सुशील करमाली की धर्मपत्नी ने भावुक होते हुए कहा भगवान ने मेरी प्रार्थना सुन ली। रक्षा बंधन के इस खास मौके पर मिला यह कीमती और उपयोगी उपहार हमारे जैसे निम्न आय वर्ग के परिवार के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर शिवम् बाइक्स के साझेदार विजय मेवाड़ ने दोनों विजेताओं को उपहार प्रदान कर उन्हें बधाई दी और स्कीम की सफलता पर प्रसन्नता जताई।

### श्री श्याम मनुहार महोत्सव 24 अगस्त को

**हजारीबाग ।** श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के तत्वावधान में चतुर्थ श्री श्याम मनुहार महोत्सव का आयोजन 24 अगस्त को अग्रसेन भवन में किया जाएगा। यह आयोजन पिछले चार वर्षों से मंडल के श्याम प्रेमियों के तत्वावधान में पूरी निष्ठा, श्रम और समर्पण भाव से संपन्न किया जा रहा है। इस बार के कार्यक्रम को श्री श्याम परिवार, तुलसी धाम, कोलकाता का पावन आशीर्वाद मिलेगा। जबकि विशेष सहयोगी संस्था के रूप में श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार, रामगढ़ कैंट शामिल होंगे। इस दौरान देश के विख्यात भजन गायक हरमिंदर पाल सिंह रोमी, चैतन्य दाधीच, और दीपांशु अग्रवाल भजन पेश करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 2:15 बजे बाबा श्याम की भव्य पूजा-अर्चना के साथ होगा। इसके भव्य दरबार, अलौकिक श्रृंगार और मधुर संकीर्तन सहित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम देर रात तक आयोजित किया जाएगा।

### बच्चों के लिए नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**चितरपुर।** राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य सुरक्षा कार्यक्रम के तहत प्रखंड संसाधन केंद्र चितरपुर में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की आंखों की जांच की गयी. विशेषज्ञों के अनुसार, नेत्र दृष्टि दोष बच्चों की पढ़ाई पर सीधा असर डालता है और वे अपनी पूर्ण क्षमता से सीखने में असमर्थ रहते हैं. नेत्र जांच शिविर में डॉ कंचन अग्रवाल द्वारा बारीकी से छात्रों की जांच की गयी. शिविर के सफल संचालन में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मो इंशा अल्लाह की अहम भूमिका रही.

## पारडीह महावीर मंदिर में 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन शुरू



**रामगढ़।** नगर परिषद अंतर्गत प्रेमनगर पारडीह महावीर मंदिर में 24 घंटे के अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उदघाटन मुख्य अतिथि आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो ने किया। हरिकीर्तन का उदघाटन करते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र की खुशहाली और सुख समृद्धि के लिए अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया है। कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से लोगों के बीच भक्ति की भावना का प्रसार होता है। साथ ही ऐसे कार्यक्रमों में काफी संख्या में लोग शामिल होते हैं जिससे उनके बीच भाईचारे की भावना बढ़ती है । श्री महतो ने कहा कि इस भावना से समाज एकजुट रहता है और जरूरत के समय लोग एक दूसरे की मदद के लिए तैयार रहते हैं। मनोज कुमार महतो ने कहा की इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से लोगों में देवी देवताओं के प्रति आस्था की भावना बढ़ती है। अखंड हरिकीर्तन की समाप्ति पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करने के लिए शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष अजय कुमार महतो, सचिव आकाश कुमार महतो, कोषाध्यक्ष विनोद महतो, उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार महतो, उप सचिव सचिन चौधरी, उप कोषाध्यक्ष आदित्य कुमार महतो, ईश्वर नाथ महतो, डमरलाल महतो, सेनालाल चौधरी, फलेंद्र महतो, पुरन महतो, महेश महतो, रूपलाल महतो, , अमरलाल महतो, करण कुमार महतो, भोला महतो, मनोज पांडे, राजन महतो आदि ने योगदान किया।

### विहिप जिला कार्यालय में दुर्गा वाहिनी ने कार्यकर्ताओं को बांधा रक्षा सूत्र

# विहिप और बजरंग दल ने हिंदू समाज की सुरक्षा का लिया संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** विश्व हिंदू परिषद की आयाम संगठन दुर्गा वाहिनी की बहनों के द्वारा पिछले कई दिनों से जिले भर में पुलिस कर्मियों, सुरक्षाबलों,स्वास्थ्य कर्मियों, सफाई कर्मियों और पत्रकारों को रक्षाबंधन त्योहार के तहत रक्षा सूत्र बांधने का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी निमित्त रविवार को रामगढ़ के रेलवे स्टेशन के निकट विश्व हिंदू परिषद रामगढ़ जिला कार्यालय में दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव और मातृशक्ति प्रमुख अर्चना महतो के नेतृत्व में रक्षा सूत्र बांधने का कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के प्रांत के सह मंत्री मनोज पोद्दार उपस्थित रहे। दुर्गा वाहिनी और मातृशक्ति की बहनों ने रामगढ़ जिले के विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बहनों ने विधिवत रूप से सभी भाईयों की माथे पर तिलक लगाकर, आरती उतारी तत्पश्चात रक्षा मंत्र ॐ येन बद्धो बली राजा दानवेन्द्रो महाबलः। तेन त्वां प्रतिबध्नामि रक्षे मा चल मा चल।। पढ़कर उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधी। इस अवसर पर मातृशक्ति प्रमुख अर्चना महतो ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता दिन हो या रात अपनी जान की परवाह किए बगैर हर परिस्थिति में हिन्दू समाज की बहन-बेटियों, गौमाता,और हिन्दू समाज के लोगों की सेवा और सुरक्षा में तत्पर रहते हैं। सेवा और सुरक्षा कार्य के दौरान कई बार विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के उपर समाज के जाहिल दुश्मनों के द्वारा हमले भी किए जाते हैं और हमारे बजरंगी भाई उनसे डटकर मुकाबला भी करते हैं और उनकी नापाक इरादों को विफल कर देते हैं।

## आठ हजार की आबादी को मिलने लगा पानी

**मांडू।** आपका अपना लोकप्रिय अखबार दैनिक हिन्दुस्तान लगातार आपकी समस्याओं को प्रमुखता से उठा रहा है। परिणाम स्वरुप लगातार संबंधित विभाग की ओर से पहल भी की जा रही है। इसी के तहत हमने बोले रामगढ़ के अंक में 8 अगस्त को मांडू डीह पंचायत में लंबे समय से ठप पड़ी पेयजलापूर्ति की समस्या उठाई थी। आपकी आवाज को मजबूती से अपने अखबार में जगह दिया। जिसे 24 घंटे के अंदर पेयजला एवं स्वच्छता मंत्री झारखंड सरकार योगेंद्र प्रसाद ने संज्ञान लिया। उन्होंने पेयजल विभाग को तत्काल समाधान का निर्देश दिया। अगले दिन शनिवार को पेयजल विभाग की टीम वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पहुंच कर खराब यंत्रों को दुरुस्त किया। इसके साथ ही पेयजलापूर्ति व्यवस्था सुचारु हुई। इसके बाद से पंचायत के 8 हजार आबादी को नियमित पानी मिलने लगी। डेढ़ माह से पानी के लिए ग्रामीण भटक रहे थे। ग्रामीणों ने कहा कि पानी आने से हमलोगों को काफी राहत मिली है। जो काफी दिनों को पानी ठप था वह चालू हो गया।

### स्कूल में राखी कार्ड प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

# प्रतियोगिता में बेहतर करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** शहर के श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के सभागार में सहपाठीगामी गतिविधि विभाग के तत्वाधान में कक्षा छठी एवं आठवीं के बच्चों के बीच राखी तथा राखी कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने राखी कार्ड बनाया तथा उसपर खूबसूरत संदेश भाई के नाम और बहन के नाम लिखा। कक्षा छठी अ , ब , तथा कक्षा आठवीं अ, ब के बच्चों ने राखी कार्ड बनाकर उस पर खूबसूरत संदेश लिखा। कक्षा छठी सी,डी के बच्चों ने तथा आठवीं सी, डी,ई के बच्चों ने आकर्षक राखी बनाकर उसे सुंदर से सफेद कागज पर चिपकाया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका में प्रबुद्ध शिक्षक शिक्षिका रहे, जिन्होंने बहुत ही ध्यान पूर्वक राखियों और कार्ड को देखकर विजेताओं का नाम घोषित किया। कक्षा छठी अ के विजेता रहे, प्रथम स्थान पर तृषा यादव द्वितीय स्थान पर आराध्या कुमारी तथा अनुप्रिया सिंह एवं तृतीय स्थान पर शिवानी कुमारी एवं अकुल पांडे। कक्षा छठी बी के विजेता रहे प्रथम स्थान पर अब हमजा साजिद, द्वितीय स्थान पर मिस्टी साहू तथा तृतीय स्थान पर आयुष कुमार। कक्षा छठी सी के विजेता रहे प्रथम स्थान पर तृषा यादव एवं अनन्या कुमारी, द्वितीय स्थान पर उन्नति नंदा एवं आशी प्रिया, तृतीय स्थान पर आयत खानम एवं समृद्धि वर्णवाल। छठी डी के विजेता रहे प्रथम स्थान पर सृष्टि कुमारी,द्वितीय स्थान पर कुमार दिव्यांश राज एवं फरहत शाहीन तथा तृतीय स्थान पर आरवी अरूमिता एवं आराध्या प्रकाश।

## भाजपा महिला मोर्चा नेत्रियों ने सैनिकों को बांधी राखी




**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा रक्षा बंधन के अवसर पर रामगढ़ कैंट में देश की रक्षा करने वाले सैनिक भाइयों को रखु बांधकर उनकी लंबी आयु की कामना की भाजपा नेत्रियों ने किया। भाजपा महिला मोर्चा सदस्यों ने देश की रक्षा करने वाले वीर जवानों को राखी बांधकर उनके प्रति सम्मान प्रकट किया और उन्होंने अपनी वार्षिक परंपरा निभाते हुए इस वर्ष भी लगभग 50 से ज्यादा जवानो को रक्षासूत्र बांधा। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष शीतल सिंह ने कहा कि यह प्रयास कई वर्षों से जारी है। इसका मुख्य उद्देश्य सैनिकों को यह एहसास दिलाना है कि देशवासी उनके बलिदान को सम्मान के साथ याद रखते हैं। सैनिकों ने इस भावनात्मक पहल की सराहना की है। उन्होंने इसे देशवासियों के स्नेह और एकजुटता का प्रतीक बताया है। मौके पर महिला मोर्चा जिला मंत्री लक्ष्मी देवी, उपाध्यक्ष रूपा देवी, महिला मोर्चा की मीडिया प्रभारी रीती श्रीवास्तव, अनिता देवी , प्रियांशु कुमार, गायत्री कुमारी,मंजू देवी, पूनम देवी, कैलाश देवी , सुनीता कुमारी माधुरी मंजू देवी शशि सिंह उपस्थित थी।

### बुंडू में भव्य रूप से मनाई जाएगी गणपति पूजा

## तन, मन और धन से समिति को करें सहयोग : सहदेव



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** गणपति पूजा को लेकर बुंडू ग्राम स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों की बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद ने किया. उपस्थित लोगों ने गणपति पूजा भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया. पूजा सफल बनाने के लिए श्री गणपति पूजा समिति का गठन किया गया. जिसमे सर्वसम्मति से स्थानीय पंचायत समिति सदस्य सहदेव प्रसाद को अध्यक्ष, राजेंद्र प्रसाद को सचिव, टेकलाल प्रसाद को कोषाध्यक्ष तथा अशोक पासवान व उमेश प्रसाद को सहयोगी मनोनित किया गया. ऑनलाइन रोकड़ संग्रह कोषाध्यक्ष करेंगे. इसके अलावा सुनील कुमार को पुजारी, वासुदेव प्रसाद को पूजा प्रभारी, वासुदेव प्रसाद को साउंड प्रभाती, छोटी महतो को प्रसाद वितरण प्रभारी चयन किया गया. इस पावन अवसर पर भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा. भंडारा सफल बनाने के लिए उमर महतो,, गोपाल महतो, चेतलाल रविदास, पोखन पासवान, घुंघरू राणा और टुकलाल पासवान को भंडारा प्रभारी बनाया गया. बैठक में एस.लाल, प्रशांत कुमार (टारजन, सिविल इंजीनियर), अमरजीत प्रसाद शिक्षक, हीरालाल महतो, सीताराम प्रसाद आदि उपस्थित थे.

### सांसद खेल महोत्सव के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ फाइनल

# पेनाल्टी शूटआउट से ब्लू टाइगर घाटो की टीम बनी विजेता

**नवीन मेल संवददाता**

- खेल प्रतिभा को निखारना, उन्हें मैदान से जोड़ना और नशामुक्त जीवन का संदेश देना ही है इस टूर्नामेंट के आयोजन का उद्देश्य: मनीष जायसवाल



**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित सांसद खेल महोत्सव-2025 के तहत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में हरेक भाजपा मंडल क्षेत्र में क्रमवार नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन जारी है। रविवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र के कुजू में पिछले 02 अगस्त से चल रहे छठे राउंड के नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला पब्लिक हाई स्कूल मैदान, कुजू में खेला गया। इस टूर्नामेंट में इस क्षेत्र की कुल 48 टीमों ने भाग लिया था जिसमें सभी को पछाड़कर फाइनल मुकाबला में ब्लू टाइगर क्लब घाटो और जेएमसी क्लब सोनडीहा पहुंची। दोनों टीमों के बीच जबरदस्त और बेहद रोमांचक संघर्षपूर्ण मुकाबला देखने को मिला। खेल के दौरान जीत-हार नहीं होने पर प्लेंटी शूटआउट के जरिए ब्लू टाइगर क्लब, घाटो की टीम ने इस टूर्नामेंट के खिताब पर अपना कब्जा कर लिया।उ टूर्नामेंट के फ़ाइनल मुबाबले में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में सीसीएल कुजू एरिया के महाप्रबंधक राजीव कुमार सिन्हा, रामगढ़ जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, मांडू लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह उर्फ़ खोखा सिंह, भाजपा नेता रंजीत सिन्हा, मांडू भाजपा मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए और फाइनल मुकाबले का आनंद उठाया। टूर्नामेंट के फ़ाइनल मुबाबले के विजेता टीम ब्लू टाइगर, घाटो को सांसद मनीष जायसवाल की ओर से 25 हजार रुपए का चेक, आकर्षक नमो ट्रॉफी और चमकता मेडल एवं उपविजेता टीम को 15 हजार रुपए का चेक, आकर्षक नमो ट्रॉफी और चमकता मेडल के साथ कई उत्कृष्ट खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया । मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन के उद्देश्य और इसके सोच पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि साल 2016 से हजारीबाग विधानसभा से शुरू हुआ नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का कारवां पूरे लोकसभा क्षेत्र में पहुंचा।

### अनुशासन और शांति के साथ किया गया विरोध प्रदर्शन

# धर्म बहनों पर झूठे आरोपों के विरोध में सिमडेगा में मसीही समाज का मौन जुलूस

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा के अल्बर्ट एक्का स्टेडियम से रविवार को ऑल चर्चेस के बैनर तले विशाल मौन जुलूस निकाला गया। यह जुलूस छत्तीसगढ़ में धर्म बहनों पर लगाए गए कथित झूठे केस और धर्मांतरण के फर्जी आरोपों के विरोध में आयोजित किया गया। जुलूस में सैकड़ों नहीं, बल्कि हजारों की संख्या में मसीही धर्मलंबी शामिल हुए। जिन्होंने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर शांतिपूर्ण ढंग से अपनी एकजुटता का परिचय दिया। जुलूस के दौरान सभी लोगों ने अनुशासन और शांति बनाए रखी। मौके पर मसीही समुदाय के लिए न्याय, सुरक्षा और सम्मान की कामना की गई। जुलूस में जी.ई.एल. चर्च के बिशप मुरेल बिलुंग, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, ज़िप सदस्य जोसिमा खाखा, लता तिर्की सहित सभी विंग की धर्म बहनें और ऑल चर्चेस के सदस्य मौजूद थे। मौन जुलूस के बाद डीसी को एक ज्ञापन भी सौंपा गया। बिशप मुरेल बिलुंग ने कहा कि हमारा यह विरोध किसी व्यक्ति के खिलाफ नहीं, बल्कि अन्याय और असत्य के खिलाफ है। हम मसीह के बताए मार्ग पर चलते हुए शांति और प्रेम से समाज में भाईचारा कायम रखना चाहते हैं। झूठे आरोप लगाकर हमें डराने का प्रयास कभी सफल नहीं होगा। कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि धर्म की स्वतंत्रता हमारे संविधान में सुरक्षित है। किसी भी समुदाय के साथ भेदभाव या झूठा आरोप लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। इसे समाज के लोगों में भय का माहौल बनता है। सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे मसीही समाज ने शिक्षा, स्वास्थ्य और सेवा में देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ऐसे समाज को बदनाम करने का प्रयास निंदनीय है। हम न्याय के लिए हर मंच पर लड़ेंगे और अपने लोगों की रक्षा करेंगे। ज़िप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि हमारी धर्म बहनों पर लगाए गए आरोप न केवल असत्य हैं बल्कि उनके सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले हैं।






**मसीही समाज ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन**

मौन जुलूस के दौरान शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से धराशायी हो गई। विधायकों ने इस पर कड़ी नाराजगी जताई है। विधायकों ने कहा कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के बावजूद एनएच में ट्रैफिक कंट्रोल करने के लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस प्रशासन की गैरमौजूदगी दुखद है। जोसिमा खाखा ने अरोप लगाया कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों के जुटान होने की संभावना के बीच प्रशासन की लापरवाही साफ़ दिखाई दी। प्रशासन की गलती के कारण मौन जुलूस के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था बदहाल हुई। एनएच जाम हो गया। छोटी बड़ी वाहने जाम में फंसे रहे। पर इसे कंट्रोल करने के लिए भी पर्याप्त संख्या में पुलिस जवान तैनात नहीं दिखे। ऐसे में कोई घटना भी घट सकती थी। उन्होंने प्रशासन से व्यवस्था में सुधार की माँग की है।

## टुटीकेल में समारोहपूर्वक मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखंड के टुटीकेल पंचायत अंतर्गत प्रस्तावित उच्च विद्यालय मैदान में विद्यालय प्रबंधन समिति और आदिवासी कला मंच के तत्वावधान में विश्व आदिवासी दिवस बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा और दिशोम गुरु शिबू सोरेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण, सामूहिक दीप प्रज्वलन और पारंपरिक अखाड़ा पूजा से हुई। हाल ही में दिवंगत झारखंड आंदोलन के प्रणेता दिशोम गुरु शिबू सोरेन को याद करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी के सौजन्य से सांसद प्रतिनिधि सुनील खड़िया और मंडल अध्यक्ष राकेश कोनगाड़ी ने नृत्य मंडलियों को तीन मांदर भेंट किए, वहीं जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा की ओर से मंच के लिए दरी प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुनील खड़िया और राकेश कोनगाड़ी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में टुटीकेल मुखिया सुशीला डांग, डॉन बोस्को स्कूल के प्राचार्य फादर ज्योतिष किंडो, सहायक फादर कुलदीप, पास्टर दुर्गा नायक, झामुमो युवा जिला अध्यक्ष विनोद तिर्की, मुंडा राजा सुदर्शन डांग, प्रेमचंद डांग, कोषाध्यक्ष घुंसी सिंह और प्रधानाध्यापक जुनास डांग उपस्थित थे। संबोधित करते हुए सुनील खड़िया ने आदिवासी समाज से एकजुट रहने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। सुशीला डांग ने संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण में समाज की भूमिका पर प्रकाश डाला। फादर ज्योतिष किंडो और फादर कुलदीप ने शिक्षा को समाज निर्माण की कुंजी बताया, जबकि विनोद तिर्की और राकेश कोनगाड़ी ने परंपराओं के संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की। कार्यक्रम में महासचिव सुनील डांग, पंचायत अध्यक्ष संजय डांग, रैसियां पंचायत अध्यक्ष कंदरू नायक समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



### केरसई में विश्व आदिवासी दिवस पर झूम उठा अखाड़ा

## जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने नृत्य मंडलियों को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**



**केरसई।** केरसई में रविवार को विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा पारंपरिक आदिवासी परिधान में शामिल हुईं। मौके पर विभिन्न नृत्य मंडलियों के बीच आदिवासी नाच प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में अखाड़ा आदिवासी संस्कृति की बेजोड़ झलक देखने को मिला। प्रतियोगिता में चयनित सफल नृत्य मंडलियों को जोसिमा खाखा ने विधायक भूषण बाड़ा के सौजन्य से मांदर और डेग देकर सम्मानित किया। जोसिमा खाखा ने विश्व आदिवासी दिवस की बधाई दी। साथ ही इस दिवस को आदिवासियों की पहचान, संस्कृति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हमारी परंपराएँ आज भी जीवित हैं और नई पीढ़ी उन्हें सीख रही है। विधायक भूषण बाड़ा जी ने हमेशा आदिवासी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए काम किया है। हम सभी को मिलकर आदिवासी विरासत को संजोना है और आने वाली पीढ़ियों को देना है। जोसिमा ने कहा कि हमारे त्योहार, हमारे गीत, हमारे नृत्य ही हमें विशेष बनाते हैं। आज के दिन हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपनी भाषा, अपने पहनावे और अपने रीति-रिवाजों को कभी खत्म नहीं होने देंगे। संस्कृति का संरक्षण केवल सरकार या जनप्रतिनिधियों का काम नहीं। बल्कि हर परिवार, हर युवा, और हर समुदाय की जिम्मेदारी है। जिप सदस्य समरोम पौल तोपनो और जिप सदस्य प्रेमा बाड़ा ने कहा कि आज दुनिया तेजी से बदल रही है। हमारी आदिवासी संस्कृति पर भी कई तरह के दबाव हैं। कार्यक्रम में उप प्रमुख सिलबेसतर बघवार, मुखिया मूंस खेस, मुखिया बसंती लकड़ा, मुखिया अगुस्ता डुंगडुंग, मुखिया राहुल रोहित तिग्गा, पूर्व मुखिया आसरेन केरकेट्टा, पादरी जस्टीन एक्का, थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह , संदीप तिग्गा एवं समाज के लोग मौजूद थे।

## सिमडेगा पत्रकार संघ ने शोक सभा आयोजित कर गुरुजी को दी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड आंदोलन के प्रणेता, झारखंड के महानायक आदिवासी अस्मिता और संघर्ष के प्रतिक दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्मरण में सिमडेगा पत्रकार संघ ने शोक सभा का आयोजन किया। शोक सभा में सिमडेगा पत्रकार संघ के सभी पदधारी और सदस्यों सहित झामुमो के जिला सचिव शफीक खान और आदिवासी कांग्रेस के स्टेट कोऑर्डिनेटर दिलीप तिर्की ने गुरुजी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उनके आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना किए। पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष आशीष शास्त्री ने कहा कि गुरुजी का निधन समस्त झारखंड खास कर आदिवासी मूलवासी समुदाय के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन नहीं होते, तो इस राज्य का नाम शायद झारखंड नहीं होता। उन्होंने आदिवासियों की अस्मिता, संस्कृति और संघर्ष को अपने नाम में ही समाहित किया। पत्रकार संघ के सचिव दीपक रिंकू ने गुरुजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि झारखंड आंदोलन का जनक गुरु जी को माना जाता हैं। उनके योगदान को पुरे देश में सम्मान की नजर से देखा जाता हैं। मौके पर मौके पर संघ के अफजल इमाम, वाचस्पति मिश्र, शंभू सिंह, विकास साहू, कुश बड़ाईक, अमन मिश्रा, बलभद्र बड़ाईक, अरुण राम और सत्यम केशरी आदि मौजूद रहे।



### झामुमो ने शिबू सोरेन की श्रद्धांजलि

**ठेठईटांगर।** झारखंड आंदोलन के प्रणेता, महानायक, आदिवासी अस्मिता और संघर्ष के प्रतीक बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन की याद में रविवार को सियादोहर, प्रखंड ठेठईटांगर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व झामुमो जिला सचिव सफीक खान और जिला उपाध्यक्ष अनिल तिर्की ने किया। सभा में उपस्थित लोगों ने गुरुजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर झामुमो जिला सचिव सफीक खान ने कहा कि गुरुजी हमारे अभिभावक और आदर्श थे, जिनका जाना पूरे झारखंड और देश के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने आजीवन झारखंडवासियों के अधिकार और अस्मिता के लिए संघर्ष किया। जिला उपाध्यक्ष अनिल तिर्की ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन झारखंड के अग्रणी योद्धा रहे हैं, जिन्होंने अंतिम सांस तक राज्य और जनता के लिए संघर्ष किया। वे हमेशा हमारे दिलों में जिंदा रहेंगे और हमें प्रेरणा देते रहेंगे। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि गुरुजी की आत्मा को शांति और उत्तम स्थान प्रदान करें। श्रद्धांजलि सभा में झामुमो के नगर अध्यक्ष अनस आलम, जिला उपाध्यक्ष ऑस्कर डांग, स्थानीय ग्रामीण और पार्टी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## धावाईटोली में जंगली हाथियों का उत्पात, विधायक ने दिलाई राहत सामग्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के ताराबोगा पंचायत के धावाईटोली में जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने न केवल एक घर को तोड़ दिया बल्कि खेतों में लगी धान की फसल को भी भारी नुकसान पहुँचाया, जिससे ग्रामीणों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही विधायक विक्सल नमन कोनगाड़ी के निर्देश पर उनके विधायक प्रतिनिधि एवं प्रखंड प्रमुख ने पीड़ित परिवार को चावल और प्लास्टिक त्रिपाल उपलब्ध कराए। इस दौरान उन्होंने पीड़ितों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया। प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने मौके पर ही वन विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर नुकसान का आकलन करने और जल्द से जल्द मुआवजा प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि कभी भी गांव में हाथी प्रवेश करें तो तुरंत इसकी सूचना विधायक विक्सल नमन कोनगाड़ी को दें, ताकि समय रहते हाथी भगाने के संसाधन उपलब्ध कराए जा सकें और वन विभाग को भी सूचित किया जा सके।



### 63 केवीए ट्रांसफार्मर लगा, रक्षाबंधन पर रोशन हुआ बाजार

**बोलबा।** प्रखंड मुख्यालय के नीचे बाजार में पिछले करीब एक माह से 25 केवीए का ट्रांसफार्मर खराब पड़ा था, जिससे बिजली उपभोक्ताओं और आम लोगों को अंधकार, गर्मी और सांप-गोजर जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। कई बार मरम्मत कराने के बावजूद ट्रांसफार्मर जर्जर होने और उपभोक्ताओं की संख्या अधिक होने के कारण बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं हो पा रही थी। लंबे इंतजार के बाद समसेरा मुखिया एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष बोलवा सुरजन बड़ाईक के प्रयास और आम लोगों के सहयोग से बिजली विभाग ने 25 केवीए ट्रांसफार्मर की जगह नया 63 केवीए ट्रांसफार्मर लगाया। रक्षाबंधन के अवसर पर बिजली बहाल होने से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। ट्रांसफार्मर का उद्घाटन बोलबा निवासी महाराज पारसमणि दास ने भगवान विश्वकर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना, धूप-दीप, अगरबत्ती, नारियल फोड़ने और मिठाई वितरण के साथ फीता काटकर किया।

### विश्व हिंदू परिषद | 16 अगस्त से 31 अगस्त तक जिले भर में मनाया जाएगा स्थापना दिवस : कौशल राज

# आगामी कार्यक्रमों की समीक्षा और तैयारी

- जिला के सभी आयामों का पुनर्गठन व व्हाट्सऐप ग्रुप बनाने पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा जिला समिति की जिला कार्यालय में रविवार को जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक के दौरान पिछली बैठक पर संतोष व्यक्त किया गया। इसके बाद बताया गया कि प्रांत के निर्देशानुसार आगामी 13 एवं 14 अगस्त को अखंड भारत दिवस जिला से लेकर पंचायत स्तर तक धूमधाम से मनाया जाएगा। वहीं, विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस 16 अगस्त से 31 अगस्त तक स्थापना दिवस सप्ताह के रूप में जिले के प्रखंड से लेकर ग्रामीण स्तर तक भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस दौरान परिषद की स्थापना, उसके उद्देश्य एवं कार्यों को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य किया जाएगा। बैठक में जिला के सभी आयामों का पुनर्गठन कर व्हाट्सऐप ग्रुप बनाने तथा विभाग एवं प्रांत के पदाधिकारियों को जोड़ने पर चर्चा हुई। साथ ही, परिषद की मासिक पत्रिका के लिए सदस्यता बढ़ाने पर भी विचार-विमर्श किया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान समय देने वाले कार्यकर्ताओं की सूची बनाकर जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन हिंदुओं के हितों की रक्षा के साथ-साथ समाज में चिंतन, संकीर्तन, संगत-पंगत जैसी परंपराओं को बढ़ावा देने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाना चाहिए, जिससे संगठन और मजबूत हो सके। साथ ही, अपने घरों में बच्चों को संस्कार, महापुरुषों की जानकारी, गीता, रामायण आदि की शिक्षा देकर संस्कारवान बनाने की आवश्यकता है।







## न्यूज बॉक्स

### जतराटांड़ में हॉकी खेल महाकुंभ का भव्य आयोजन, 52 टीमों ने लिया हिस्सा




**बानो।** प्रखंड के बेड़ाइरगी पंचायत के जतराटांड़ में हॉकी खेल महाकुंभ का आयोजन उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ। खेल मैदान में खिलाड़ियों और दर्शकों की भीड़ ने पूरे माहौल को जीवंत बना दिया। इस अवसर पर बानो प्रखंड प्रमुख सुधीर डांग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिल लुगुन, उपाध्यक्ष तनवीर हुसैन, आलोक बारला, लोरेन्स बागे, सचिव अमित बड़िंग, बेड़ाइरगी मुखिया हेलेना कंडुलना, सोय पंचायत अध्यक्ष संदीप समद, ओलिफ समद, थाना के एएसआई कमल कच्छप, खेल समिति के पदाधिकारी अमुस कंडुलना, इसदोर कंडुलना, रेफरी सुतुगन सुरीन, थोमस कंडुलना सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल को किक मारकर किया। प्रतियोगिता में कुल 52 टीमों ने भाग लिया, जिन्हें तीन वर्गों में विभाजित किया गया। पहला फाइनल – बीकेटी बनाम जटिबहा, जिसमें जटिबहा की टीम 2-1 से विजयी रही वही दूसरा फाइनल – गोहारोम बनाम मारंगढ़ा, जिसमें मारंगढ़ा की टीम 1-0 से विजयी रही। जबकि तीसरा फाइनल ओल्हान बनाम तुरिगढ़ा, जिसमें ओल्हान की टीम 3-2 से विजयी रही।

### सिमडेगा की वादियों में ठेठ नागपुरी फिल्म करम लोक कथा का निर्माण

**सिमडेगा।** झारखंड की माटी में संस्कृति और मातृभाषा का नया इतिहास रचा जा रहा है। सिमडेगा की प्राकृतिक वादियों में लोकभावना और परंपरा को संजोए ठेठ नागपुरी भाषा में "करम लोक कथा" फिल्म का निर्माण हो रहा है। यह ज़ीरो बजट फिल्म पूरी तरह स्थानीय कलाकारों और तकनीशियनों के सहयोग से बनाई जा रही है। फिल्म के लेखक, निर्माता, निर्देशक एवं मुख्य अभिनेता सत्या महतो ने सीमित संसाधनों में जुनून और समर्पण से इस सपना को साकार किया है। उन्होंने कहा, सिनेमा सिर्फ रोशनी और कैमरा नहीं, बल्कि संस्कृति, भाषा और अस्मिता को ज़िंदा रखने का हथियार है। हम फिल्म बना नहीं रहे, इसे जी रहे हैं। कैमरे की कमान अरुण कुमार के हाथों में है, जो सिमडेगा की वादियों और लोकजीवन को परदे पर जीवंत कर रहे हैं। मुख्य भूमिकाओं में सत्या महतो, संगम नायक, जाफर खान, उर्मिला मुंडा, दिव्या और शालिनी नजर आएंगे, जो अपने अभिनय से दर्शकों को सीधे झारखंड की लोकसंस्कृति से जोड़ेंगे। शूटिंग पूरी तरह सिमडेगा जिले में हो रही है।

शुभारंभ के अवसर पर विधायक भूषण बाड़ा ने नारियल फोड़कर इसे "सिमडेगा की माटी से निकली ऐतिहासिक कला क्रांति" बताया और पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की। स्थानीय कला, संगीत और परंपरा को केंद्र में रखकर बनाई जा रही यह फिल्म जल्द ही दर्शकों के बीच पहुंचेगी, जो झारखंडी अस्मिता को नई ऊंचाई देगी।

### वीर शहीद थॉमस सोरेंग टूर्नामेंट में मोटू इलेवन जसपुर 2–0 से विजयी, क्वार्टर फाइनल में प्रवेश

**सिमडेगा।** एक्का स्टेडियम में जारी 26वां वीर शहीद थॉमस सोरेंग फुटबॉल टूर्नामेंट में रविवार को खेले गए मुकाबले में मोटू इलेवन जसपुर ( छत्तीसगढ़ ) ने संत इंगनासीयूस गुमला को 2–0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मैच के मुख्य अतिथि जिला दिशा सदस्य सह कांग्रेस नेत्री नमिता बा एवं पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू रहीं, जिनका स्वागत टूर्नामेंट सचिव मोनू बड़ाईक, समीउल्लाह और सुषमा कुजूर ने पुष्पगुच्छ व बैच देकर किया। अतिथियों का परिचय आयोजक राजेश कुमार सिंह, अध्यक्ष अमित डुंगडुंग, समसुल अंसारी, अफजल, कंचन कबीर, डेनियल मिंज, मरियम कुल्लू, किसी इसीदोर केरकेट्टा, सुभाष महतो और सुष्मा कुजूर ने कराया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। अब क्वार्टर फाइनल में मोटू इलेवन जसपुर का मुकाबला जय श्रीराम फुटबॉल क्लब सरगुजा से सोमवार शाम 4 बजे होगा।

### जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप में झारखंड टीम सातवीं बार फाइनल में

**सिमडेगा।** काकीनाडा आंध्र प्रदेश में 01 से 12 अगस्त तक आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप 2025 में झारखंड महिला हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार सातवीं बार फाइनल में जगह बनाई। रविवार को खेले गए सेमीफाइनल में झारखंड ने हॉकी उत्तरप्रदेश को 3-0 से हराया। मैच के 13वें मिनट में स्वीटी डुंगडुंग ने पहला गोल दागा, इसके बाद 56वें मिनट में रीना कुल्लू और 59वें मिनट में रजनी केरकेट्टा ने गोल कर जीत सुनिश्चित की। 2018 से हर वर्ष फाइनल में पहुंचने वाली झारखंड टीम अब तक तीन बार खिताब जीत चुकी है और इस बार भी जीत के इरादे से मैदान में उतरेगी। वही आपको बता दे टीम में अधिकांश बेटियां सिमडेगा जिला से शामिल है। सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन के लिए स्वीटी डुंगडुंग को बेस्ट प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। झारखंड का फाइनल मुकाबला 12 अगस्त को अपने चिर प्रतिद्वंद्वी हरियाणा से होगा, जिससे दर्शकों में रोमांच चरम पर है। टीम की इस उपलब्धि पर हॉकी सिमडेगा, हॉकी झारखंड और खेल विभाग के पदाधिकारियों ने बधाई दी है और विजयी होने की शुभकामनाएं दी हैं।

### विश्व आदिवासी दिवस पर चापाबारी में हॉकी प्रतियोगिता, पाकरबहार टीम बनी चैंपियन



**कुरडेग।** प्रखंड के चापाबारी में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर नौ दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता का भव्य समापन रविवार को चापाबारी खेल मैदान में हुआ। फाइनल मुकाबला पाकरबहार और हीनगिर के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में निर्धारित समय तक स्कोर बराबर रहने पर पेनाल्टी शूटआउट में पाकरबहार ने 3-2 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। खेल के दौरान हजारों दर्शक मौजूद रहे, जिन्होंने हर गोल पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। समापन समारोह में दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई और दो मिनट का मौन रखा गया। अनुज बेसरा ने उनके योगदान और विश्व आदिवासी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को संस्कृति और खेल से जोड़ने में सहायक हैं। मुख्य अतिथि हेठमा पंचायत की मुखिया सुनीता देवी ने विजेता और उपविजेता टीम को खस्सी देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेल स्वास्थ्य, अनुशासन और भाईचारे का प्रतीक है। पंचायत समिति सदस्य अनमोल लकड़ा ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। अवसर पर चापाबारी गोटूल केंद्र के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनकी दर्शकों ने खूब सराहना की। आयोजन को सफल बनाने में भुनेश्वर बेसरा, किशोर भोय, नंदकिशोर भोय, अनमोल लकड़ा, त्रिभुवन भोय, कलेश्वर प्रधान सहित समिति के सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा।

### गुरुजी की स्मृति में सिमडेगा पत्रकार संघ ने सदर अस्पताल में किया फल वितरण

**सिमडेगा।** गरीब, वंचित, शोषित लोगों के हक और अधिकार के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले राज्य के दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि देते हुए सिमडेगा पत्रकार संघ ने रविवार को सदर अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों के बीच फल का वितरण किया। गुरु जी के सेवा ही लक्ष्य के विचारों को आत्मसात करते हुए मरीज के बीच फल वितरण करते हुए सिमडेगा पत्रकार संघ ने उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। संघ के अध्यक्ष आशीष शास्त्री ने कहा कि गुरु जी सिर्फ राज्य के ही नहीं बल्कि पूरे देश के गरीब, वंचित, शोषित लोगों की आवाज थे। उन्होंने कहा कि आज गुरु जी हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनके विचार आज भी हमें ऊर्जा देती है। संघ ने राज्य के सीएम हेमंत सोरेन को भी जन्मदिन की बधाई देते हुए उनसे गुरु जी के प्रतिबिंब के रूप में पूरे राज्य के लोगों की सेवा करने की कामना की। मौके पर संघ के अफजल इमाम, वाचस्पति मिश्र, दीपक रिंकू, शंभू सिंह, विकास साहू, कुश बड़ाईक, अमन मिश्रा, बलभद्र बड़ाईक, सत्यम केशरी और अरुण राम आदि मौजूद रहे।

### फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ, 25 अगस्त तक चलेगा विशेष अभियान

# घर-घर खिलाई जाएंगी फाइलेरिया की दवा गर्भवती महिलाएं नहीं लें: डॉ इंद्रजीत




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** अनुमंडलीय अस्पताल बरही में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम के तहत फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ इंद्रजीत कुमार की अगुवाई में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बीजेपी पश्चिमी मंडल अध्यक्ष भगवान केसरी, एचएमएस कमिटी के सदस्य सुरेंद्र रजक आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. डॉ कुमार ने बताया कि एमडीए के तहत 10 अगस्त से 25 अगस्त तक विशेष अभियान के तहत घर घर फाइलेरिया का दवा खिलाया जायेगा. फाइलेरिया मरीजों की पहचान की जाएगी. इसके लिए स्वास्थ्यकर्मी फाइलेरिया के दवा अल्वेंडाजोल खिलाने के लिए क्षेत्र भ्रमण करेगें. उन्होंने कहा कि फाइलेरिया मादा एनोफिल मच्छर के काटने से फैलने वाली बीमारी है. इसके लिए हमे आस पास के क्षेत्र की सफाई, गड्ढे में पानी नही जमने देने के साथ गंदे क्षेत्र में ब्लीचिंग, फिनाइल इत्यादि का छिड़काव करनी चाहिए. उन्होंने उपस्थित लोगों से कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग की अपेक्षा किया है. उन्होंने बताया मलेरिया की दवा गर्भवती महिलाओं व दो वर्ष से नीचे के बच्चों को छोड़कर सभी को खाना है. भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने भी फाइलेरिया ऊर्फ हाथी पांव से बचाव के लिए सुरक्षित उपाय करने और दवा खाने की अपील किया. कार्यक्रम में फाइलेरिया इंस्पेक्टर मो इरफान, सुधांशु कुमार सिन्हा, प्रमोद श्रीवास्तव, संतोष कुमार आदि सहित कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे.

# जतराटांड़ में हॉकी खेल महाकुंभ का भव्य आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रखंड के बेड़ाइरगी पंचायत के जतराटांड़ में हॉकी खेल महाकुंभ का आयोजन उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ। खेल मैदान में खिलाड़ियों और दर्शकों की भीड़ ने पूरे माहौल को जीवंत बना दिया। इस अवसर पर बानो प्रखंड प्रमुख सुधीर डांग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिल लुगुन, उपाध्यक्ष तनवीर हुसैन, आलोक बारला, लोरेन्स बागे, सचिव अमित बड़िंग, बेड़ाइरगी मुखिया हेलेना कंडुलना, सोय पंचायत अध्यक्ष संदीप समद, ओलिफ समद, थाना के एएसआई कमल कच्छप, खेल समिति के पदाधिकारी अमुस कंडुलना, इसदोर कंडुलना, रेफरी सुतुगन सुरीन, थोमस कंडुलना सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल को किक मारकर किया। प्रतियोगिता में कुल 52 टीमों ने भाग लिया, जिन्हें तीन वर्गों में विभाजित किया गया।पहला फाइनल – बीकेटी बनाम जटिबहा, जिसमें जटिबहा की टीम 2-1 से विजयी रही वही दूसरा फाइनल – गोहारोम बनाम मारंगढ़ा, जिसमें मारंगढ़ा की टीम 1-0 से विजयी रही। जबकि तीसरा फाइनल ओल्हान बनाम तुरिगढ़ा, जिसमें ओल्हान की टीम 3-2 से विजयी रही। विजेता और उपविजेता टीमों को अतिथियों ने खस्सी देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि सुधीर डांग ने कहा-खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। अनुशासन बनाए रखना जरूरी है, क्योंकि खेल से शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के साथ आत्मविश्वास भी बढ़ता है।प्रतियोगिता को सफल बनाने में वन खेल समिति बुरूइरगी के सभी सदस्यों की अहम भूमिका रही।

## न्यूज बॉक्स

### यादव समाज की बैठक में समस्या समाधान पर दिया गया बल




**चलकुशा।** प्रखंड अंतर्गत चलकुशा पंचायत के ग्राम बाराडीह के देवी मंडप परिसर में रविवार को यादव समाज चलकुशा द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता गोपीडीह वार्ड सदस्य सिकंदर यादव ने किया एवं संचालन चलकुशा डीलर संघ अध्यक्ष केदार यादव ने किया। बैठक में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को सहयोग और उनका समस्याओं का समाधान करने पर बल दिया गया। बैठक में समाज को सशक्त और मजबूत बनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही स्थानीय स्तर पर बैठक कर लोगों की समस्याओं का समाधान करने का निर्णय लिया गया।बैठक में मुख्य रूप से पत्रकार मुन्ना यादव,वार्ड सदस्य संजय यादव,बालचन्द यादव, शिक्षक कामेश्वर यादव, रामचंद्र यादव, राजेश यादव, द्वारिका यादव,पूर्व उप मुखिया राजेंद्र यादव,इंद्रदेव यादव,लोकनाथ यादव,महेंद्र यादव, उपेन्द्र यादव, सरयू यादव, रंजीत यादव,आनंद यादव,गुरुचरण यादव सहित समाज के काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### दवा दुकान में लगी आग, 20 लाख का सामान जलकर राख, शॉर्ट सर्किट होने की आशंका



**सरायकेला।** खरसावां (सरायकेला-खरसावां), शचींद्र कुमार दाश- खरसावां प्रखंड के बुरूडीह में शनिवार की रात एक दवा डिस्ट्रीब्यूटर की दुकान में आग लगने से करीब 20 लाख रुपए से अधिक का सामान जलकर राख हो गया. सरायकेला-खरसावां मुख्य मार्ग पर असुरा (बुरुडीह) स्थित विशाखा दवा डिस्ट्रीब्यूटर की दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जतायी जा रही है. संचालक बलराम दास ने बताया कि शनिवार को रक्षा बंधन का त्योहार होने के कारण सुबह में ही वह दुकान बंद कर जमशेदपुर चले गये थे. रविवार की सुबह लोगों से जानकारी मिली कि उनकी दुकान में आग लग गयी. बलराम जब तक जमशेदपुर से बुरुडीह वापस लौटे, तब तक दुकान में सब कुछ जल कर राख हो गया था. आगजनी में हुए नुकसान से परिजन चिंतित हैं.

### तेतुलमारी में बच्चू प्रसाद व आर्यन सिंह के निधन पर शोक

**सिजुआ।** तेतुलमारी कोल डंप के असंगठित मजदूर संघ के सचिव बच्चू प्रसाद (60) व गंडुवा बस्ती के इंद्रदेव सिंह के 20 वर्षीय पुत्र आर्यन सिंह की निधन होने पर क्षेत्र में मातम पसर गया है। मृतक के परिजनों को ढांढस देने स्थानीय लोग पहुंचे। दोनों मृतक कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। बच्चू प्रसाद को कतरास लिलोरी स्थान व आर्यन को खेपचाटांड स्थित श्मशान घाट पर किया गया। शोक ब्यक्त करने में सांसद प्रतिनिधि नरेश महतो, मुखिया अशोक ठाकुर, पूर्व मुखिया संतोष महतो, पंसस अमृत रवानी, बिरेन्द्र सिंह, मनोज मल्लाह, मंगल महतो, सुभाष महतो, घनश्याम सिंह, बसंत सिंह, सुधीर महतो, विजय कुम्हार, मनोज निषाद, दिलीप निषाद, आज़ाद महतो, मनोज महतो, अजीत रवानी, फेकू निषाद, रामचंद्र प्रसाद आदि शामिल थे।

### फिजिकल ट्रेनिंग अकादमी का हुआ उद्घाटन



**रांची।** सर्ड मैदान स्थित हेहल स्पोर्टिंग एक निबंधित संस्था है, जो पिछले चार दशकों से क्रिकेट एवं फुटबॉल की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता कराने के साथ खेल अकादमी भी चला रही है। इस दौरान हेहल स्पोर्टिंग द्वारा संचालित फिजिकल ट्रेनिंग अकादमी का उद्घाटन कार्यक्रम सर्ड मैदान हेहल में संपन्न हुआ। स्थानीय बेरोजगार युवाओं का चयन यूनिफॉर्म्ड सर्विसेज यथा पुलिस, केंद्रीय सुरक्षा बल, फौज तथा होमगार्ड, वनरक्षी, उत्पाद आरक्षी, प्राइवेट सिक्योरिटी जैसे संस्थानो में सुनिश्चित करने की दिशा में यह एक विशिष्ट पहल है। निकेश तिर्की एवं तनु सांगा जैसे अनुभवी तथा एनआईएस प्रशिक्षित कोच इन युवाओं के फिजिकल ट्रेनिंग की जिम्मेवारी ली है।

### बाबा कार्तिक उरांव रात्रि पाठशाला के शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



**रांची।** बाबा कार्तिक उरांव रात्रि पाठशाला के शिक्षकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम को रांची विश्वविद्यालय के प्रो विनय भारत, झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की प्रशिक्षक मनीषा धवन, उड़ान आईएएस अकादमी के निदेशक अरुण अग्रवाल, केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड , मानवशास्त्र विभाग के प्रधान रवीन्द्रनाथ सरमा एवं रात्रि पाठशाला के संयोजक अनिल उरांव ने संबोधित किया। रात्रि पाठशाला रांची एवं गुमला जिले के शिक्षकों के साथ सीयूजे के छात्रों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया ।

### विश्व फोटोग्राफी दिवस पर होगी रोमांचक प्रतियोगिता

**जामताड़ा।** अगर आपके कैमरे या मोबाइल की गैलरी में ऐसे नजारे कैद हैं, जो जामताड़ा की पहचान बन सकते हैं, तो यह मौका आपके लिए है। दरअसल जिला खेल शाखा की ओर से विश्व फोटोग्राफी दिवस (19 अगस्त) पर फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता जिले के पर्यटक स्थलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। जिसके तहत जिले के पर्यटक स्थल, ऐतिहासिक स्थल एवं ट्रैवल का फोटोग्राफ एवं पर्यटन से संबंधित वीडियोग्राफ या रील्स को प्रतियोगिता की थीम बनायी गई है।

### जुनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप में झारखंड टीम फाइनल में

# सेमीफाइनल में उत्तरप्रदेश को 3-0 गोल से किया पराजित



**रांची।** जुनियर नेशनल में झारखंड महिला टीम 2018 से ही हर वर्ष फाइनल में जगह बना रही है। 01 अगस्त से 12 अगस्त तक काकीनाडा आंध्रप्रदेश में आयोजित 15 th हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप 2025 में झारखंड महिला हॉकी टीम ने आज सेमीफाइनल मैच में हॉकी उत्तरप्रदेश को 3=0 गोल से पराजित कर लगातार 07 वे वर्ष ( 2018) से ही हर वर्ष फाइनल में जगह बनाई । आज सेमीफाइनल मैच ने झारखंड टीम की ओर 13 वे मिनट में स्वीटी डुंगडुंग ने,56 वे मिनट में रीना कुल्लू ने और 59 वे मिनट में रजनी केरकेट्टा ने एक एक गोल कर झारखंड को 3=0 जीत दिलाते हुए लगातार 07 वर्ष फाइनल में पहुंचाया। झारखंड टीम महिला वर्ग के जूनियर नेशनल 2018 से ही हर वर्ष फाइनल में पहुंची है और तीन बार खिताब भी जीत चुकी है। आज के मैच में झारखंड की ओर से पहला गोल करने वाली स्वीटी डुंगडुंग को उनके शानदार खेल के प्रदर्शन के लिए बेस्ट प्लेयर ऑफ द मैच का पुरुस्कार दिया गया है। झारखंड का फाइनल मैच 12 अगस्त को अपने चिर प्रतिद्वंद्वी हरियाणा के साथ है। झारखंड टीम के फाइनल में पहुंचने पर हॉकी झारखंड और खेल विभाग के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी है और फाइनल मैच के लिए शुभकामनाएं दी है।

### 40 वर्षीय बालक वर्ग खिलाड़ियों के हौसले को नहीं तोड़ पायी बारिश

# पहला मुकाबला में ओल्ड इज़ गोल्ड का जलवा, दूसरे चक्र में किया प्रवेश

- **पहला मुकाबला रांची खिजरी ब्लॉक की टीम ओल्ड इज़ गोल्ड और लोहरदगा जिले के आनंदपुर की के बीच खेला गया**

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** लोहरदगा समाहरणालय मैदान में विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य पर नवयुवक सरना समिति मैना बगीचा आर्यन्स क्लब सह हरमू पंचायत के तत्वावधान में वीर बुधु भगत फ्रेंड्स मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का मुख्यालय डीएसपी समीर कुमार तिर्की व अन्य अतिथियों के द्वारा शुभारंभ किया गया था। जिसका दूसरे दिन 40 वर्षीय बालक वर्ग का प्रतियोगिता कराया गया। इस बीच पहला मुकाबला रांची खिजरी ब्लॉक की टीम ओल्ड इज़ गोल्ड और लोहरदगा जिले के आनंदपुर की के बीच खेला गया, जिसमें आनंदपुर की टीम को 04-0 से पराजित कर ओल्ड इज़ गोल्ड की टीम अगले चक्र में प्रवेश किया। यहां पर दूसरा मुकाबला नगड़ा क्लब कुटमू बनाम सरना ब्रदर्स, तीसरा भरनो और अमतीपानी, चौथा और अंतिम मुकाबला एक्स आर्मी बनाम रघु टोली लोहरदगा के बीच में खेला गया। मालूम हो कि प्रतियोगिता का फाइनल सह समापन समारोह आगामी 15 अगस्त को भव्य तरीके से किया जाएगा। यहां पर बता दें कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन का खेल में नगड़ा क्लब कुटमू की टीम सरना ब्रदर्स को 01-0 से हराकर दूसरे राउंड में प्रवेश किया। इसी तरह भरनो को 01-0 से पराजित कर अमतीपानी की टीम अगले चक्र में प्रवेश किया। साथ ही पहले चक्र का अंतिम मैच रघु टोली बनाम एक्स आर्मी टीम के बीच में खेला गया, जिसमें संघर्षपूर्ण मुकाबला में 01-0 से रघु टोली को हराकर एक्स आर्मी की टीम द्वितीय चक्र में प्रवेश किया। उल्लेखनीय है कि खेल की शुरूआती दौर से ही झमाझम बारिश के बावजूद खिलाड़ियों के हौसले बुलंद रहा। मालूम हो कि टूर्नामेंट में कुल 48 टीमें भाग ली है। मौके पर दूसरे दिन के प्रतियोगिता को सफल बनाने में कमेंटेटर मास्टर सुकरा उरांव, बीरेंद्र यादव, किस्को के सांसद प्रतिनिधि दयानंद उरांव, अध्यक्ष शंकर उरांव, विनोद उरांव, मनोज भगत, तबारक हुसैन अंसारी, अंपायर रोशन मुंडा, अनील मुंडा, कृष्णा उरांव, कुलदीप उरांव, आशीष उरांव, जीतेन्द्र महतो का अहम योगदान रहा।

# स्मार्ट विद्युत ऊर्जा भंडारण प्रणाली तकनीक का पेटेंट प्रकाशित

**धनबाद।** डिग्री कॉलेज टुंडी के भौतिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ प्रीतम कुमार सिंह के स्मार्ट विद्युत ऊर्जा भंडारण प्रणाली तकनीक का पेटेंट प्रकाशित हुआ है। पेटेंट की प्रति बीबीएमकेयू धनबाद के कुलपति को सौंपी गई है। यह पेटेंट बीआईएफईओथ्री आधारित संधारित्रों का उपयोग करके स्मार्ट विद्युत ऊर्जा भंडारण प्रणाली का विश्लेषण करने के लिए मशीन लर्निंग दृष्टिकोण के एक ढांचे के डिजाइन और कार्यान्वयन के क्षेत्र से संबंधित है। स्मार्ट विद्युत ऊर्जा भंडारण प्रणाली एक उन्नत तकनीक है। यह अक्सर बैट्री या अन्य नवीन भंडारण समाधनों का उपयोग करके विद्युत ऊर्जा का कुशलता पूर्वक भंडारण और प्रबंधन करती है। यह प्रणाली ऊर्जा उपयोग को अनुकूलित करने और ग्रिड पर निर्भरता को कम करने के लिए सौर या पवन ऊर्जा जैसे नवीनकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों के साथ एकीकृत होती है यह ऊर्जा की मांग का अनुमान लगा सकती है। यह प्रणाली ऊर्जा दक्षता बढ़ाती है। ऊर्जा की बर्बादी को कम करती है। एक विश्वसनीय और टिकाऊ ऊर्जा आपूर्ति प्रदान करती है। कुलपति प्रो. रामकुमार सिंह व प्राचार्य इंद्रजीत कुमार ने डॉ प्रीतम की सराहना की है।

### 14 पीडीएस दुकानों के निलंबन पर जताई नाराजगी

**जामताड़ा।** जिप अध्यक्ष राधारानी सोरेन ने शुक्रवार को जिला परिषद कार्यालय के सभागार में जिला फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के साथ बैठक की। मौके पर जिला फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मोहन भैया ने बताया कि तकनीकी खामियों, सर्वर की समस्या और लाभुकों की उपस्थिति न मिलने के कारण ई-केवाईसी कार्य समय पर नहीं हो सका। पीडीएस दुकानदारों ने कोशिश की, लेकिन तकनीकी बाधाओं ने गति धीमी कर दी। इस स्थिति में 14 पीडीएस दुकानदारों के विरुद्ध निलंबन जैसी सख्त कार्यवायी उचित नहीं है। बताया कि जिले में करीब 10 माह से एनएफएसए के तहत खाद्यान्न वितरण में मिलने वाला कमीशन लंबित है।

### टीम ने शौचालय और साफ सफाई की जांच में पाया संतोषजनक

**कुंडहित।** स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण के तहत भेजी गई विभागीय टीम ने शनिवार को प्रखंड के कुंडहित और कालीपाथर गांव का दौरा किया। इस दौरान टीम के सदस्यों ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत बने शौचायलयों का भौतिक सत्यापन करते हुए उपयोग एवं रखरखाव के मुद्दे पर लाभुकों से पूछताछ की। जांच टीम के सदस्यों ने गांव के स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र तथा धार्मिक स्थान आदि पर साफ सफाई की स्थिति का मूल्यांकन किया। गांव में जल जमाव की स्थिति, नालियों की सफाई, कचरा प्रबंधन, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था एवं जन स्वच्छता की स्थिति का अवलोकन किया। टीम के सदस्यों ने गांव में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के तहत निर्मित योजनाओं की भी जांच की। उक्त गांवो के 14-14 घरों में टीम के सदस्यों ने विजिट किया और शौचायलयों के रखरखाव और उपयोग की जांच की। जांच के उपरांत टीम के सदस्यों ने पेयजल एवं स्वच्छता के मापदंडो पर दोनों गांव स्थिति को संतोषजनक बताया।

# मुस्लिम बहनों ने हिन्दू भाइयों को बांधी राखी, दीर्घायु होने की कामना की

**नवीन मेल संवाददाता**

- **रक्षाबंधन का त्योहार काफी धूमधाम से मनाया जाता है। पिछले कई दिनों से क्षेत्र के दुकानों पर राखियों की अच्छी खासी खरीददारी हुई**



**कुंडहित।** सावन पूर्णिमा के अवसर पर कुंडहित प्रखंड क्षेत्र में रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान अपने भाइयों की आरती उतार कर बहनों ने उनके कलाइयों पर राखी बांधी और सुरक्षा का आश्वासन लिया। मौके पर भाइयों ने अपनी ओर से बहन को उपहार देकर सुरक्षा का आश्वासन दिया। भाई-बहनों के अटूट प्रेम पर आधारित रक्षाबंधन को लेकर बड़ी संख्या में बहनों और भाइयों के घर लौटने से क्षेत्र में विशेष चहल-पहल और गहमागहमी बनी रही। घरों में उत्सवी माहौल दिखा। लोग नए-नए कपड़ों में रक्षाबंधन का त्यौहार मनाते दिखे। बंगाली बाहुल्य होने के बावजूद कुंडहित प्रखंड में रक्षाबंधन का त्योहार काफी धूमधाम से मनाया जाता है। पिछले कई दिनों से क्षेत्र के दुकानों पर राखियों की अच्छी खासी मात्रा में खरीद बिक्री होती दिखी। रक्षाबंधन के अवसर पर बाजार भी गुलजार रहे। मिठाई दुकान में लोगों की भीड़ देखने को मिली। इधर मुख्यालय में मुस्लिम बहनों ने हिंदू भाई को राखी बांधकर एकता मिसाल कायम किया। मुस्लिम बहन सूफी रूही साईमा ने अपने हिंदू भाई नरेंद्र पाल और चंदन गिरी को राखी राखी बांधी। एक दूसरे को मिठाई खिलाई। हिंदू भाई ने मुस्लिम बहनों को गिफ्ट दिया। साथ ही बहन की रक्षा करने का संकल्प लिया। बहरहाल शनिवार को सीमावर्ती कुंडहित प्रखंड में रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया गया।

### भीम आर्मी व रविदास महासभा की हुई संयुक्त बैठक

# समाज में शिक्षा और विकास को लेकर लिया गया निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

- **दोनों संगठनों ने समाज के विकास के लिए कंधे से कंधे मिलाकर काम करने का संकल्प लिया**



**बरही।** भीम आर्मी और रविदास महासभा के संयुक्त तत्वाधान में प्रखंड परिसर स्थित अब्दुल कलाम पार्क में एक बैठक आयोजित किया गया. जिसकी अध्यक्षता भीम आर्मी के अजय आनंद ने किया. बैठक का मुख्य उद्देश्य दलित परिवार और समाज के बीच व्याप्त समस्याओं को दूर करते हुए सामाजिक विकास पर चर्चा करना था. बैठक में विभिन्न गांव की दर्जनों लोग शामिल हुए. उपस्थित लोगों ने अपने समाज की समस्याओं और व्याप्त कुरीतियों पर चर्चा किया, साथ हीं उसके निदान के लिए विचार विमर्श किया. बैठक में समाज की मजबूती एकजुटता, शिक्षा और सहयोग पर चर्चा करते हुए, इस दिशा में कदम बढ़ाने का निर्णय लिया गया. दोनों संगठनों ने समाज के विकास के लिए कंधे से कंधे मिलाकर काम करने का संकल्प लिया. बैठक में मुख्य रूप से अर्जुन रविदास अध्यक्ष रविदास महासभा बरही, लक्ष्मण राव अध्यक्ष भीम आर्मी, बरही संतोष दास रविदास महासभा सचिव, सतीश दास महासभा कोषाध्यक्ष मुकेश दास, सुनील आनंद, सुनील कुमार, प्रकाश दास, किट्टू कुमार, मनोज रविदास, संजय दास आदि कई लोग उपस्थित थे.

### दो सड़क हादसे में दो महिला सहित पांच घायल

**करमाटांड़।** दो सड़क हादसों में शनिवार को दो महिला सहित पांच लोग घायल हो गए। पहले हादसे में देवघर-करमाटांड़ मुख्य सड़क पर दो चारपहिया वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गए और गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। वहीं घायलों को ग्रामीणों की मदद से स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया। हादसे में शामिल वाहन संख्या- जेएच 04 एल 6907 के चालक गुलशन रवानी (बड़ासुनसुनडबरा निवासी) और वाहन संख्या-जीजे 02 के 4304 के चालक विजय कृष्ण भारती (कल्याणपुर, देवघर निवासी) घायल है। वहीं दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को पुलिस ने जब्त कर लिए हैं। इधर दूसरे हादसे में करमाटांड़ बाजार से अपने गांव बड़ा सुनसुनडबरा लौट रहे करण तुरी की मोटरसाइकिल को एक अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में करण तुरी सहित उनकी मोटरसाइकिल पर सवार दो महिलाएं घायल हो गईं। इस टक्कर के बाद अज्ञात वाहन चालक फरार हो गया।

# चार माह से बिना वेतन काम कर रहे डीएमएफटी के स्वास्थ्यकर्मी

**धनबाद।** जिले के स्वास्थ्य सेवाओं का एक बड़ा हिस्सा संभाल रहे जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के स्वास्थ्यकर्मी बीते चार महीनों से बिना वेतन काम कर रहे हैं। एक तो कम वेतन और ऊपर से समय पर नहीं मिलने के कारण कर्मचारी आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। कर्मचारियों की मानें तो वे अपनी बुनियादी जरूरतों को भी पूरा नहीं कर पा रहे हैं। राशन खरीदने से लेकर बच्चों की फीस भरने तक में दिक्कत हो रही है। अधिकारियों से कई बार आग्रह के बाद भी अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। बता दें कि जिले में 11 डॉक्टर समेत कुल 140 स्वास्थ्य कर्मचारी डीएमएफटी के हैं।

धनबाद सदर अस्पताल समेत विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत ये कर्मचारी जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। चालू वित्तीय वर्ष में अब तक इन्हें एक बार भी वेतन नहीं मिला है। लगातार मिल रहे आश्वासनों के बावजूद भुगतान में देरी ने उनकी आर्थिक स्थिति को चरमरा दिया है। कर्मचारियों का कहना है कि महीनों से बिना वेतन काम करने के कारण उनके सामने रोजमर्रा के खर्च पूरे करना कठिन हो गया है। समय भर भुगतान नहीं होने के कारण दुकानदार उधार पर राशन देने में आनाकानी कर रहे हैं। बच्चों की स्कूल फीस जमा नहीं हो पा रही है। स्कूल बच्चों को निकालने की चेतावनी दे रहा है। स्थिति यह है कि ड्यूटी पर आने-जाने के लिए बाइक में पेट्रोल भरवाना भी मुश्किल हो रहा है। एक महिला स्वास्थ्यकर्मी ने बताया वेतन न मिलने के कारण घर चलाना मुश्किल हो गया है। उधार लेकर खर्च चला रहे हैं। इधर स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि डीएमएफटी के कर्मचारियों के वेतन भुगतान की प्रक्रिया चल रही है। जल्द उनके खाते में पैसा चला जाएगा।

रक्षाबंधन भी पड़ गया फीका वेतन नहीं मिलने का असर त्योहारों की खुशियों पर भी पड़ा है। सदर में कार्यरत एक एक कर्मचारी ने कहा कि रक्षाबंधन के दिन बहन के घर जाने की योजना थी, लेकिन पैसों की कमी के कारण नहीं जा सका। उसे देने के लिए मेरे पास कुछ नहीं था। लगभग सभी कर्मी ऐसी ही समस्या झेल रहे हैं।

# सुप्रभात

विचार प्रवाह

प्रेम, ध्यान और आत्मबोध पर केंद्रित हैं। वे जीवन को पूरी तरह से जीने, सामाजिक बंधनों से मुक्त होने और वर्तमान क्षण में रहने की सीख देते हैं। उनके अनुसार, सच्चा धर्म भीतर से आता है। **-ओशो**

## संपादकीय

# चुनाव के बाद भी बांग्लादेश में सुधार की आशा नहीं

बर्बर जुल्म के बाद जिससे अलग हुआ उस पकिस्तान से नजदीकियां बढ़ने की चर्चा के बीच बांग्लादेश में अगले साल 12 फरवरी को चुनाव की घोषणा करते हुए अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने चेतावनी दी है 'देश के अंदर और बाहर एक खास समूह विभिन्न विध्वंसक प्रयासों से राष्ट्र की लोकतांत्रिक प्रगति को बाधित करने' में लगा हुआ है। यह चेतावनी पांच अगस्त को दी गई, जब हिंसक प्रदर्शनों के बाद शेख हसीना सरकार के तख्तापलट का एक साल पूरा हुआ था। यहां 'खास समूह' से मतलब हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग से है। देश की सबसे बडी राजनीतिक पार्टी अवामी लीग को चुनाव से प्रतिबंधित और बाहर कर दिया गया है। इसके नेता और कार्यकर्ता या तो जेल में हैं या फरार हैं। बांग्लादेश के रिकॉर्ड को देखते हुए यह मानने के लिए बहुत कल्पना करने की जरूरत नहीं है कि उसके लिए विदेश का मतलब भारत है, जो एक बार फिर चुनावी मुद्दा होगा, खासकर जब से निर्वासित हसीना की मेजबानी कर रहा है। हसीना हजार से अधिक प्रदर्शनकारियों की हत्या और विभिन्न 'मानवाधिकार उल्लंघन' के मामले में वांछित हैं और ढाका उन्हें प्रत्यार्पित करने की मांग कर रहा है। लेकिन चार अगस्त को बांग्लादेशी नागरिकों के नाम लिखे खुले पत्र में शेख हसीना ने तर्क दिया कि देश छोड़ने से पहले वह उनसे अलग नहीं थीं और उन्होंने 2024 की घटनाओं को 'तख्तापलट' बताया। यह उनके पिता और बांग्लादेश के संस्थापक नेता शेख मुजीबुर रहमान के खिलाफ हुए हमले की याद दिलाता है, जिनकी पचास साल पहले इसी महीने (15 अगस्त, 1975) को हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद उन्हें पहली बार भारत में (1975-81) निर्वासित रहना पड़ा था। उन्होंने लिखा, 'विपरीत दावों के बावजूद मैंने प्रधानमंत्री के रूप में अपने कर्तव्यों से कभी मुंह नहीं मोड़ा।' 'विश्लेषकों का मानना है कि बीते बारह महीनों से अवामी लीग के सैकड़ों समर्थकों को बिना सुनवाई के हिरासत में रखा गया है। बांग्लादेश को केवल हसीना के नजरिये से न देखते हुए, अब उन लोगों को भी सजा मिलनी चाहिए, जिन्होंने अपने विरोधियों पर मुकदमा चलाया या उन्हें 2014, 2019 और 2024 में हुए तीन संसदीय चुनावों का बहिष्कार करने के लिए मजबूर किया। कुछ अपवादों को छोड़कर, बांग्लादेश में राजनीतिक गतिशीलता इसी तरह काम करती है। यूनुस के वादे के बावजूद चुनाव को लेकर कई महीनों से अनिश्चितता बनी हुई थी, क्योंकि उनके समर्थकों और इस्लामवादियों के बीच खींचतान चल रही थी। युनूस के समर्थक एक तरफ थे, तो इस्लामवादियों और वामपंथी व दक्षिणपंथी स्थापित पार्टियां, जिनमें बीएनपी भी शामिल थी, दूसरी तरफ थीं। पहला समूह अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए समय, तो दूसरा समूह जल्द चुनाव चाहता था। चूंकि सेना भी जल्द चुनाव चाहती थी, इसलिए अंततः यूनुस को झुकना पड़ा। इस चार्टर में इस्लामवादियों की दो अहम मांगें शामिल नहीं हैं महिलाओं के लिए मौजूदा सीटों के आरक्षण की गारंटी को खत्म करना और आनुपातिक प्रतिनिधित्व के आधार पर उच्च सदन की स्थापना करना, जिससे इस्लामवादियों और अन्य समूहों को संसदीय वैधता मिल सकती थी, जिनमें से ज्यादातर ने मुक्ति संग्राम का विरोध किया था। इस्लामवादियों की मांगों के बावजूद, जो चाहते थे कि बांग्लादेश का इतिहास 1947 से खोजा जाए, जब विभाजित बंगाल पाकिस्तान का हिस्सा बना था, जुलाई चार्टर' 1971 की स्वतंत्रता घोषणा से शुरू होकर बांग्लादेश की मुक्ति, लोकतंत्र और संप्रभुता के संघर्ष के ऐतिहासिक घटनाक्रम का पता लगाता है। भारत कट्टरपंथियों के पुनरुत्थान से पड़ने वाले प्रभाव को लेकर चिंतित है।

> *देश की सबसे बडी राजनीतिक पार्टी अवामी लीग को चुनाव से प्रतिबंधित और बाहर कर दिया गया है।*

# स्त्री मन की जटिलताओं को टटोलती हुई कहानियां

पुस्तक की बात

भारतीय संस्कृति में पुरुष व स्त्री के उच्छृंखल व्यवहारों पर अंकुश लगाने के लिए परिवार संस्था की स्थापना की गई थी जिसमें विवाह संस्कार के माध्यम से स्त्री-पुरुष सामाजिक विधानों के अनुसार संबंध स्थापित करते हैं तथा उनका शारीरिक एवं भावनात्मक मिलन होता है।

वस्तुतः इंसान की मूल प्रवृत्तियों, संवेगों तथा जीवन की प्रारंभिक घटनाओं का वैवाहिक जीवन पर प्रभाव पड़ता है।

सुप्रसिद्ध साहित्यकार व छात्र जीवन से ही विभिन्न आंदोलनों व सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़ी आदरणीया मीनू मीना सिन्हा जी ने अपने कहानी संग्रह अखंड अहिवात की कहानियों में मानव मुख्यतः स्त्री की मजबूरियाँ, परिस्थितिजन्य व्यवहार, मानसिक उद्वेग एवं आंतरिक संवेगों को बहुत गहराई से टटोला है। गरीब घर की यशोदा अपनी मजबूरियों को समझती थी इसलिए अय्याश पति जुगलकिशोर की प्रताड़ना सहकर खुश रहने और दिखावे की सामाजिकता निभाती हुई राजरानी के छद्म में घुट रही थी - "मर्द आवारगी में मशगूल और महिला अपनी इज्जत ढंकने की प्राणपण प्रयास करती हुई मुखौटा सहित जीने को मजबूर। आखिर सारा रुतबा, ऐशो-आराम इसी अय्याश जुगलकिशोर से ही था। बातों का विरोध करने की न उसकी हैसियत थी और न ही कूबत।"

**(अखंड अहिवात)**




**अखंड अहिवात (कहानी संग्रह)**
प्रकाशक -इंडिया नेटबुक्स प्रा लि नोएडा
प्रथम संस्करण -2024, मूल्य -275 रुपए

मानव के आचरण को निर्धारित करने वाले सुखदायी व्यवहार या संवेग प्रेम, दया, करूणा तथा दुखदायी संवेग क्रोध, घृणा, भय आदि होते हैं जिन पर वैवाहिक जीवन की सफलता टिकी होती है। यद्यपि भिन्न-भिन्न वातावरण, परिवेश तथा समाज में पालित-पोषित बालक व बालिका में भिन्नताएं होना स्वाभाविक हैं। जब वे वैवाहिक संबंधों के द्वारा एक दूसरे के संपर्क में आते हैं तो उनमें परस्पर विभिन्नता होने के कारण सामंजस्य बैठाने में असमर्थ होने पर आपसी टकराहट, क्लेश, अंतर्द्वंद्व, कुण्ठा, तनाव की स्थितियां उत्पन्न हो जाती है। मीना सिन्हा जी ने अपनी कहानियों में मानवीय व्यवहार में नैतिक, अनैतिक, प्रत्यक्ष, गुप्त, स्वैच्छिक, अनैच्छिक, चेतन तथा अचेतनके बीच छिड़े द्वंद्वों में फँसी महिलाओं के मनोभावों को बहुत सूक्ष्मता से पकड़ कर बुना है - "सुखवंती। बालकनी से वर्मा जी किसी कार्यवश पुकार रहे थे। प्रत्युत्तर में - अंअंअं... ककक्क... ललल्लल...! आवाज के आरोह-अवरोह, सप्तक तारों के खिंचाव से मिसेज वर्मा चौंक पड़ी। क्या कहती। तीसरे रोज गेस्ट रूम का बिछावन बनाते समय तकिए के नीचे बैक क्लिप देखकर चौंक पड़ीं।"



**मधुर कुलश्रेष्ठ**

**(सुखवंती)**

हालाँकि ये मानवीय व्यवहार आनुवंशिक, जैविक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय कारकों से प्रभावित होते हैं परंतु इसके निर्माण में आसपास की संस्कृति, दृष्टिकोण, मूल्य और विश्वास का भी महत्व होता है। मीना सिन्हा जी ने व्यक्ति के द्वारा अपने सामाजिक समूहों में प्रचलित दृष्टिकोणों के अनुरूप ढालने की प्रवृत्ति के अतिरिक्त नौकरी व पारिवारिक जीवन से असंतुष्टि एवं मानसिक तनाव के बीच उभरे प्रेम के मनोवैज्ञानिक कारकों का भी अनुसंधान परक विश्लेषण संग्रह "अखंड अहिवात" की कहानियों में किया है - "रूखी-सूखी रेजा सोमारी के चेहरे पर लुनाई छाने लगी तो बबलू के चेहरे की कठोर रेखाएँ विलुप्त होने लगीं। लंच भी हँसी-ठट्ठे में गुजर जाता। सानिध्य सुख में दिन कैसे बीत जाता पता ही न चलता।... घर वापसी पर इंतजार में होतीं... बसियाता-गंधाता,खैनी खाकर पच-पच थूकता -खांसता मंगरा।"

**(सेल्फी)**

यद्यपि स्त्री परिवार की धुरी होती है, वह अपनी भावना, अभिव्यक्ति, रचनात्मकता को तिलांजलि देकर पुरुष के नैतिक और अनैतिक दबावों को सहती हुई परिवार, समाज, रीति-रिवाज का निर्वहन करती है किंतु परिवार में पुरुषों की भूमिका को भी नकारा नहीं जा सकता है, उसके हृदय में भी धड़कनें होती हैं, प्यार होता है। मीना जी ने पुरुषों के भावनात्मक स्पंदन को महसूस किया है कहानी 'दीवाली का दीया' में - "अंतिम संस्कार करने के उपरांत फिर उसी एक कमरे के अपने संसार में आ गया। चुपचाप लेटकर बीते दिनों की यादों में विचरते रहता।... / दक्षिण दिशा की ओर मुँह मोड़ कर जलते दीए में लगातार तेल डालते हुए अपनी रमुली के स्वर्ग का रास्ता वह प्रदीप्त किए जा रहा था।"

महामारी कोरोना ने मनुष्य के हृदय में बहती हुई भाव गंगा को शुष्क कर दिया था। उद्योग-धंधे बंद होने से गरीब, मजदूर का रोटी, रोजगार छिन गया। नन्हें मासूमों, वृद्ध माता-पिता को लेकर गाँव की महायात्रा में अकल्पनीय परेशानियों का सामना करना पड़ा। यहाँ तक कि अपने ही दुश्मन जैसा व्यवहार कर रहे थे। मीना जी ने महामारी के दौरान छत की तलाश में अपने गाँव, अपने घर आते हुए लोगों के दर्द को मर्मांतक रूप से अपने शब्दों में पिरोया है - "बाबू, अब हम नहीं चल पाएंगे। छोटा वाला कराह कर कहता झुनकी गोद भी नहीं ले सकती थी। उसी छकड़ा गाड़ी में बैठा कर आगे बढ़ता।"

**(रामचंद्र की सवारी)**

अन्य कहानियां भी भावनात्मक स्तर को छूने में कामयाब हैं। झुन्नी को 'किस्मतवाली' ही कहा जाएगा जो घर से भागने के बाद दुखद टूटन में डॉक्टर ने उससे शादी कर ली। ये ईश्वर का कैसा विधान है कि 'खून के रिश्ते' टूटते ही हैं। मेहनतकश रेजाओं (बघेलखंड व पूर्वांचल में स्त्री मजदूर) की कहानी है 'डहेलिया के फूल।' दहेज के दंश की कहानी है 'पटरियां।' माँ की आवारगी से अवसादित पुत्र व्यथा है 'भावी टरै न टारा।' अपने हक के लिए गांव आकर मजबूती से टक्कर लेती और संघर्ष करती है 'विधवा बहू' की लक्ष्मी।

सभी कहानियाँ सहज एवं पठनीयता लिए हुए हैं। कहानियों में आंचलिक शब्दों की मिठास है। पाठक पात्रों से जुड़ाव महसूस करता है। मातृ भाषाई भिन्नता के कारण कहीं-कहीं खड़ी बोली मानक अनुसार शाब्दिक, कर्ता के साथ क्रिया तथा वाक्य विन्यास संबंधी त्रुटियाँ हैं। पुस्तक की आंतरिक सैटिंग (दो पैराग्राफ के बीच में कहीं लाइन छोड़ी गई है कहीं नहीं) पर पूरा ध्यान नहीं दिया गया है।

कहानियों के केन्द्र बिंदु में स्त्री को रखता हुआ मीना सिन्हा जी का पहला ही कहानी संग्रह समाज व परिवार के कठोर धरातल की विसंगतियों से मुठभेड़ करता है तथा स्त्री मन की जटिलताओं को टटोलता है। संग्रह 'अखंड अहिवात' की कहानियाँ पाठकों को अवश्य पसंद आएंगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# ब्लू ड्रम

व्यंग्य की बात

यह भी एक अजीब दौर है। पहले प्रेम कहानियां लिखी जाती थीं, कविताएं गढ़ी जाती थीं, लेकिन अब तो हर तरफ 'ब्लू ड्रम' की चर्चा है। यह 'ब्लू ड्रम' अब केवल एक ड्रम नहीं रहा, बल्कि एक प्रतीक बन गया है। प्रतीक उस प्रेम का, जो लाल रंग से नहीं, नीले रंग से लिखा गया है। प्रतीक उस त्याग का, जो पत्नी ने अपने पति के लिए नहीं, बल्कि अपने प्रेमी के लिए किया। और प्रतीक उस आधुनिकता का, जिसमें रिश्तों की डोर इतनी कमजोर हो गई है कि वह एक ड्रम और एक बोरी सीमेंट के भार को भी नहीं सह पाती। वैसे तो हमारे समाज में प्रेम की परिभाषा बड़ी पुरानी है। लैला-मजनूं, हीर-रांझा, शीरीं-फरहाद – इन सबकी कहानियों में न तो कोई ड्रम था, न कोई सीमेंट। उस जमाने में प्रेम के लिए दीवारें फाँदी जाती थीं, रेगिस्तान पार किए जाते थे, और न जाने क्या-क्या पापड़ बेले जाते थे। लेकिन इस आधुनिक युग में, प्रेम के लिए सबसे आसान तरीका है – पति को मारकर उसे एक ड्रम में भर देना। हमारे पड़ोस में एक श्रीमान खुसुरफुसुर रहते थे। उनका नाम खुसुरफुसुर इसलिए पड़ा, क्योंकि जब भी वह अपनी पत्नी से बात करते, उनकी आवाज इतनी धीमी होती थी कि कोई दसरा सन न पाए। लोग कहते थे, "मालिक, आप इतने धीरे क्यों बोलते हैं? पत्नी से प्रेम है तो चिल्ला कर कहिए!" इस पर श्रीमान खुसुरफुसुर मुस्कुराते हुए कहते, "प्रेम तो है, लेकिन अगर चिल्ला कर कहूंगा, तो सारा मोहल्ला सुन लेगा। फिर कहीं प्रेम की कहानी में कोई तीसरा किरदार न आ जाए।" लेकिन श्रीमान खुसुरफुसुर की यह सावधानी काम नहीं आई। एक दिन उनके घर से नीले रंग का एक ड्रम बरामद हुआ। और उस ड्रम में सिर्फ सीमेंट ही नहीं, बल्कि श्रीमान खुसुरफुसुर का वह प्रेम भी था, जो उन्होंने अपनी पत्नी के लिए वर्षों से छिपा रखा था। यह घटना सुनकर श्रीमान खलबली को बहुत दुख हुआ। इस ब्लू ड्रम की कहानी ने उनका दिल तोड़ दिया। "मास्साब" उन्होंने मुझसे कहा, "यह क्या हो रहा है? क्या हमारे देश में प्रेम की यह नई परिभाषा है? पहले तो पति-पत्नी के रिश्ते में प्यार होता था, तकरार होती थी, लेकिन अब तो केवल ड्रम और सीमेंट है।" मैंने उनसे कहा, "श्रीमान खलबली, यह नई परिभाषा नहीं, बल्कि एक नया आविष्कार है। यह प्रेम की 'मेक इन इंडिया' पॉलिसी का हिस्सा है। इस घटना के बाद हमारे मोहल्ले में एक नई बहस शुरू हो गई। कोई कह रहा था कि पत्नी ने गलत किया, तो कोई कह रहा था कि पति ही गलत था। लेकिन एक बात पर सब सहमत थे-ड्रम का रंग नीले के बजाय लाल होना चाहिए था। कम से कम प्रेम तो लाल रंग का होता है। इस घटना के बाद मैंने सोचा कि क्यों न एक नया बिजनेस शुरू किया जाए-'ब्लू ड्रम एम्बलम'। जो भी अपनी पत्नी के प्रेम से तंग आ जाए, वह यह ड्रम खरीद सकता है। और इस ड्रम के साथ एक गारंटी कार्ड भी मिलेगा, जिस पर लिखा होगा-आपका पति अब सुरक्षित रहेगा, और आपका प्रेम स्थायी हो जाएगा।'



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# प्रेम : आत्मा की गहराई से भावनाओं के शिखर तक

आपकी बात

जब भी हम 'प्रेम' शब्द सुनते हैं, एक गुदगुदी-सी भावना मन में उठती है-कभी मीठा सा अनुभव, तो कभी मन में उठते सवाल। लेकिन क्या हमने कभी यह जानने की कोशिश की है कि असल में प्रेम क्या है? क्या वह केवल किसी के साथ समय बिताने, संदेशों का आदान-प्रदान करने और कुछ मधुर शब्द कहने तक ही सीमित है? या फिर प्रेम वह महान शक्ति है, जो व्यक्ति को उसकी आत्मिक ऊँचाइयों तक ले जाने में सक्षम है? अधिकांश लोग प्रेम को केवल भावनात्मक जुड़ाव या आकर्षण समझते हैं। लेकिन सच्चा प्रेम उस चेतना की स्थिति का नाम है, जहाँ कोई अपेक्षा नहीं होती, कोई शर्त नहीं होती-केवल समर्पण होता है, केवल उन्नति की भावना होती है। सच्चे प्रेम में "उच्चतम स्वरूप की ओर खींचता है। प्रेम कोई सौदा नहीं है। प्रेम कोई समझौता नहीं है। प्रेम वह आत्मिक पुल है जो दो आत्माओं को जोड़ता है, केवल भोग या स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि साथ चलने के लिए, साथ बढ़ने के लिए। यदि कोई आपको सच्चे प्रेम से देखता है, तो वह आपके भीतर छिपी ईश्वरीय शक्ति को पहचानता है, और उसे प्रकट कराने में मदद करता है। और यदि आप सच में प्रेम करते हैं, तो आप उसके साथ चलने की पेशकश करते हैं-"मैं अपनी आत्मा की यात्रा पर निकला हूँ, यदि तुम भी ऊँचाई पर चलना चाहते हो, तो साथ चलो। पर मैं नीचे नहीं जाऊँगा।" हम एक मोबाइल खरीदते हैं, तो दस वीडियो रिव्यू देखते हैं। हम कपड़े की खरीदारी करते हैं, तो रंग, फिटिंग, फैब्रिक सब देखते हैं। घर लेते हैं, तो रजिस्ट्रेशन, नक्शा, वैधता, लोकेशन, सब पर रिसर्च करते हैं। पर जीवन में सबसे बड़ा निवेश - अपने हृदय का, अपने समय का, अपने भविष्य का-क्या उसे किसी भ्रमित व्यक्ति के हाथों में दे देना सही है? प्रेम किससे करें? प्रेम उससे करें जो खुद के जीवन का उद्देश्य जानता हो। जो खुद संपूर्ण हो, जो अपने पथ पर हो। जो अपने जीवन की दिशा को लेकर सजग हो - तभी वह आपको भी दिशा देगा। पर क्या होता है आज? हम प्रेम उन लोगों से करते है, जिन्हें खुद नहीं पता वो क्या हैं, जिनकी दुनिया बस इंस्टाग्राम की स्टोरी में बंद है, जिनका जीवन दिखावे, मोह, और आत्मग्लानि में डूबा है ऐसा प्रेम क्या देगा? कभी असुरक्षा, कभी पीड़ा, कभी भ्रम-और सबसे दुखद बात, अपने ही आत्मबल का ह्रास। क्या हम जीवन को इतना सस्ता समझते हैं? हम वही इंसान से प्रेम करते हैं जो हमें गिरा रहा है, सिर्फ इसलिए क्योंकि उसने "I love you" कहा? क्या इतना ही सस्ता हो गया है जीवन? क्या प्रेम को सिर्फ शब्दों, चॉकलेट और बर्थडे विश तक सीमित कर देना न्याय है? प्रेम कोई सजावट नहीं है। यह आत्मा की यात्रा है। प्रेम का उद्देश्य-उत्थान, न कि पतन जिस प्रेम में गिरावट हो-वो प्रेम नहीं मोह है। जिस प्रेम में दवाब हो, डर हो, भ्रम हो-वो प्रेम नहीं, व्यापार है। सच्चा प्रेम हमेशा ऊपर ले जाता है। वह हमें अपने उच्चतम स्वरूप से मिलवाता है। प्रेम एक मार्ग है-ईश्वर की ओर, आत्मा की ओर, और अपने सत्य स्वरूप की ओर।

> *"प्रेम प्रेम सब कोई कहे, प्रेम न चीन्हे कोय।*
> *जो यह प्रेम का प्रेम है, साहब मिलन न होय।"*
> **– कबीरदास**



**वीणा देवांगन**

## युवाओं से निवेदन

अब समय है कि तुम सोचो। सोचो कि तुम किसे प्रेम दे रहे हो? क्या वह व्यक्ति तुम्हें ऊपर ले जाएगा या तुम्हारे साथ गिरता जाएगा? प्रेम करने से पहले यह प्रश्न ज़रूर पूछो - क्या वह खुद जानता है कि वह कहां जा रहा है? क्या वह तुम्हें जीवन के उच्चतम उद्देश्य की ओर ले जाएगा? या वह तुम्हें केवल अपनी अधूरी इच्छाओं में उलझाकर तुम्हारा वक्त, मन और आत्मबल नष्ट करेगा? प्रेम कभी विचार-विहीन नहीं होता। यह भावना जरूर है, पर अंधी नहीं है। प्रेम वह है जो हमें सजग बनाता है, स्वच्छ बनाता है, और अपने भीतर के प्रकाश को प्रकट करता है। समर्पण करो-पर समझ के साथ। किसी के साथ चलो-पर यह देखकर कि वह खुद कहाँ जा रहा है। इस लेख के माध्यम से यही संदेश देना चाहती हूँ-प्यार को हल्के में न लीजिए। प्रेम से डरो नहीं, लेकिन उसे समझो। और प्रेम करते समय देखो-क्या वह तुम्हें ऊपर ले जा रहा है या नीचे गिरा रहा है? क्योंकि प्रेम वह शक्ति है जो आपको ईश्वर से मिलवा सकती है-यदि वह सच्चा हो।

(veenavlogs@gmail.com)

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

एक अकेला मन मगर, कितने हैं एकांत।
जान सका है आज तक, कौन, मौन संभ्रांत।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# सावन के साहस में छुपा है मोक्ष के शिव का परम सत्य

अलग बात

रक्षाबंधन के साथ सावन का अब समापन हो चुका है। अब पर्व अनुष्ठानों की श्रृंखला के साथ भादो का महिना सामने है। यह आत्ममंथन का कालखंड है क्योंकि अभी अभी मोक्ष का अहसास कराने वाले सावन से हम बाहर निकल सके हैं। मोक्ष की इस अवधारणा में सरसरी सी बात इतनी सी है कि सावन में वर्षा ऋतु अपने उत्कर्ष पर होती है और भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक को निमित्त मानकर यह हमसे खान पान में संयम की अपेक्षा रखता है। इस धारणा के बावजूद यह इतना भर नहीं है क्योंकि हमारे सावन के साथ भारतीय दर्शन के मोक्ष की अवधारणा जुड़ी हुई है। मोक्ष के इस दर्शन को समझने के लिए ब्रह्मा, विष्णु और महेश की अवधारणा के साथ साथ एक नास्तिक के दृष्टिकोण को भी समझना होगा। बताते चलें कि कोई भी नास्तिक महज कुछ वैज्ञानिक तथ्यों को आधार बनाकर आत्ममुग्ध बना रहता है। ऐसा तब जबकि किसी के नास्तिक होने का कभी कोई वैज्ञानिक कारण नहीं होता। इसे समझने के लिए हमें अक्षरों की दुनिया में जाना होगा जहाँ "अ" स्वर के बगैर किसी भी अक्षर का उच्चारण संभव ही नहीं है। अब यहां विज्ञान के दम पर जिस नास्तिकता को तार्किक बनाने का प्रयास किया जाता है वह नास्तिक शब्द भी खुद चार अक्षरों "न","स","त" और "क" से ही अस्तित्व में आ सका है। इनमें से किसी भी व्यंजन का उच्चारण "अ" स्वर के बगैर संभव नहीं है। दर्शन की दृष्टि से देखें तो यह वही "अ" स्वर है जो हमें "ओईम्", "ईश्वर" व "विश्वास" की यात्रा पर ले चलता है। अब जिन्हें अपने "स्वर" पर ही विश्वास नहीं है तो उसे खुद पर या भगवान पर भरोसा कैसे हो सकता है और भरोसे के इसी अभाव को नास्तिकता की संज्ञा दे दी जाती है। ऐसे में जब स्वयं के स्वर ही भरोसा नहीं रहा तो इस नकारात्मकता, छद्म अवधारणा व जिद के स्थान पर किसी से विवेक, विज्ञान या तर्क की अपेक्षा कतई नहीं की जा सकती। नास्तिकता के इस अधोगामी यात्रा में कई तरह के विरोधाभास देखने को मिल जाते हैं। यहाँ भगवान ब्रह्मा को समर्पित मनुस्मृति का उदाहरण प्रासंगिक है जिसे तमाम नास्तिक विवादित ग्रंथ तो मानते हैं परन्तु स्वगोत्री विवाह को निषिद्ध मानने की इसकी व्यवस्था का अक्षरशः अनुपालन भी किया करते हैं। बताते चलें कि पूरे ब्रह्मांड में केवल मनुस्मृति ही वह ग्रंथ है जो "कजिन मैरेज" को खारिज करता है और दिन रात पानी पी पी कर गाली देने वाले तथाकथित नास्तिक इस व्यवस्था का पूरे मनोयोग से सम्मान किया करते हैं। दूसरी ओर आस्तिक हैं जो मनुस्मृति में अपना धर्म तलाशने के बावजूद पंचदेव अर्थात सूर्य,गणेश, विष्णु, शिव और दूर्गा की पूजा तो करते हैं परन्तु ब्रह्मा की पूजा से खुद को अलग रखते हैं। संदर्भवश कोई भी नास्तिक इससे इनकार नहीं कर सकता कि जीवन की गति तीन कालों में समाहित है। यह भूत भी है, वर्तमान भी है और भविष्य भी है। इस गति में हमें आस्तिक और नास्तिक बनाने वाला वह मन भी जुड़ा हुआ है जो एक पल में हमें भूत, वर्तमान और भविष्य की यात्रा कराता चलता है। इसकी इसी गति में उर्ध्वगामी शक्ति की एक दिव्यता भी होती है जो उच्छृंखल होने के बाद भी हमें प्रकाशित या प्रतिष्ठित कराना जानता है। इस प्रकाश की प्रतिष्ठा का ही परिणाम है कि हम उस ब्रह्मा की पूजा नहीं करते जिसे सृष्टि का जनक माना गया है। यहाँ किसी तर्क की आवश्यकता भी नहीं है क्योंकि एक पल में प्रत्येक सृष्टि भूतकालीन होती चली जाती है और हमारा दर्शन भूत की पूजा में कभी भरोसा नहीं करता। यहाँ आस्तिकता का भाव यह कि हम भगवान विष्णु के उस स्वरूप की पूजा को अपनी विधान पद्धति में शामिल कर लेते हैं जो पल प्रति पल वर्तमान बना रहता है। इसी तरह संहार संहिता के स्वामी शिव की भी हम पूजा करते हैं क्योंकि संहार का शीर्ष समापन में होता है और यही मोक्ष का सुगम मार्ग है। अब आप मानें न मानें, समापन का यही खेल हमारा अंतिम भविष्य बनता है और आस्तिक या नास्तिक में से कोई भी इससे बाहर नहीं हैं। ऐसे में वह शिव ही हैं जहाँ हम अपने भविष्य की तलाश कर सकते हैं और यह सावन का साहस ही है जो हमारे भरोसे को भविष्य, समापन और मोक्ष के साथ उत्कर्ष पर ले जाने का अवसर मुहैया कराता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



**केदारनाथ दास**



स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बिना नोटिस के किसी भी का नाम मतदाता सूची से नहीं हटाया जाएगा

## बिहार एसआईआर मामले में चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया हलफनामा

**एजेंसी। बिहार**

भारतीय चुनाव आयोग (ईसी) ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि बिहार में किसी भी पात्र मतदाता का नाम 1 अगस्त को प्रकाशित मतदाता सूची से बिना किसी पूर्व सूचना, सुनवाई का अवसर और उचित आदेश के नहीं हटाया जाएगा। चुनाव वाले बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में शनिवार को शीर्ष अदालत में दायर एक नए हलफनामे में आयोग ने आश्वासन दिया कि अंतिम सूची में प्रत्येक पात्र मतदाता को शामिल करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं, और चल रहे एसआईआर के दौरान गलत तरीके से नाम हटाने को रोकने के लिए सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। यह हलफनामा एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा 65 पात्र मतदाताओं के गलत तरीके से नाम हटाने का आरोप लगाने के बाद आया है। 6 अगस्त को, सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था, जिस पर 13 अगस्त को सुनवाई होनी है।

चुनाव आयोग ने आगे कहा कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव उपाय कर रहा है कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची से बाहर न रहे। आयोग ने कहा कि यहाँ तक कि ऐसे मामलों में भी जहाँ किसी असुरक्षित मतदाता के पास वर्तमान में कोई दस्तावेज़ नहीं हैं, उसे ऐसे दस्तावेज़ प्राप्त करने की प्रक्रिया में सहायता प्रदान की जाएगी। साथ ही, आयोग ने आगे कहा कि 7.89 करोड़ मतदाताओं में से 7.24 करोड़ से ज़्यादा ने अपने गणना फॉर्म जमा कर दिए हैं।

### मतदाता सूची से नाम हटाने की प्रक्रिया में प्राकृतिक न्याय और अपील तंत्र की सुरक्षा




चुनाव आयोग ने अपने हलफनामे में कहा नीतिगत तौर पर और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का सख्ती से पालन करते हुए, 1 अगस्त 2025 को प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची से किसी भी मतदाता का नाम हटाए जाने से पहले निम्नलिखित बातें नहीं कही जाएंगी: (i) संबंधित मतदाता को प्रस्तावित नाम हटाने और उसके कारणों को बताते हुए पूर्व सूचना जारी करना, (ii) सुनवाई का उचित अवसर देना और संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करना, और (iii) सक्षम प्राधिकारी द्वारा तर्कपूर्ण और स्पष्ट आदेश पारित करना।' इन सुरक्षा उपायों को प्रासंगिक नियमों के तहत निर्धारित एक मजबूत दो-स्तरीय अपील तंत्र द्वारा और सुदृढ़ किया गया है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि प्रत्येक मतदाता के पास किसी भी प्रतिकूल कार्रवाई के खिलाफ पर्याप्त सहारा हो।

### ऑपरेशन सिंदूर पर बोले राजनाथ सिंह

## धर्म नहीं, कर्म देखकर किया हिसाब

**एजेंसी। भोपाल**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को नेक्स्टजेन रोलिंग स्टॉक फैक्ट्रीः बीईएमएल रेल हब फॉर मैन्युफैक्चरिंग (ब्रह्मा) के 'भूमि पूजन समारोह' में रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता और आर्थिक प्रगति पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अब हम वे हथियार बना रहे हैं, जो पहले हम विदेशों से खरीदते थे। आज हम रक्षा क्षेत्र में मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कार्यक्रम के दौरान कहा, "2014 में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारी सरकार बनी, तब उनकी दूरदर्शिता के कारण हमने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का लक्ष्य रखा। आज हम न केवल अपने पैरों पर खड़े हैं, बल्कि रक्षा क्षेत्र में मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। अब हम वे हथियार बना रहे हैं, जो पहले हम विदेशों से खरीदते थे। भारत का रक्षा निर्यात आज लगभग 24,000 करोड़ रुपए सालाना तक पहुंच गया है, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए कहा, "पहलगाम में कुछ आतंकवादियों ने पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी थी। आतंकियों ने मान लिया था कि भारत शांत होकर बैठ जाएगा, लेकिन हमारे प्रधानमंत्री का संकल्प था कि हम इसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। कभी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी कि धर्म पूछकर मारा जाएगा।

## गंभीर बीमारियों के इलाज में भरपूर मदद करेगी सरकार : सीएम योगी

**एजेंसी। गोरखपुर**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे लोगों को आश्वस्त किया कि वे बिना चिंता किए अच्छे से अच्छे अस्पताल में इलाज कराएं, सरकार उनकी भरपूर आर्थिक मदद करेगी। उपचार में जो भी धनराशि खर्च होगी, उसकी व्यवस्था सरकार करेगी। सीएम योगी ने इसे लेकर अफसरों को निर्देशित भी किया कि जिन लोगों को उपचार में आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से पूरा कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार शाम गोरखपुर पहुंचे थे। गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद रविवार सुबह उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों से एक-एक करके समस्याएं सुनी और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए।

### बेंगलुरु में बोले पीएम मोदी

# 'ऑपरेशन सिंदूर' ने पूरी दुनिया को कराए नए भारत के स्वरूप के दर्शन

**एजेंसी। बेंगलुरु**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए कहा है कि इससे पूरी दुनिया ने नए भारत के इस स्वरूप के दर्शन किए। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पहली बार बेंगलुरु पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने मेट्रो की येलो लाइन का उद्घाटन किया और तीसरे चरण की आधारशिला भी रखी। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता उन्नत तकनीक और 'मेक इन इंडिया' पहल की ताकत पर आधारित थी, जिसमें बेंगलुरु और कर्नाटक के युवाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के पीछे बहुत बड़ी वजह हमारी टेक्नोलॉजी और डिफेंस में मेक इन इंडिया की ताकत है। इसमें बेंगलुरु और कर्नाटक के युवाओं का बहुत बड़ा योगदान है। मैं इसके लिए सभी का अभिनंदन करता हूं।" उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेनाओं की सफलता, सीमापार कई किलोमीटर भीतर आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने की ताकत और आतंकवादियों के बचाव में उतरे पाकिस्तान को कुछ ही घंटों में घुटनों पर लाने की हमारी क्षमता को दुनिया ने देखा है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि बेंगलुरु को हम एक ऐसे शहर के रूप में उभरता देख रहे हैं जो न्यू इंडिया के राइज का सिंबल बन चुका है। एक ऐसा शहर, जिसकी आत्मा में तत्व ज्ञान है और जिसके एक्शन में टेक ज्ञान है। एक ऐसा शहर, जिसने ग्लोबल आईटी मैप पर भारत का परचम लहराया है। उन्होंने बेंगलुरु की 'सक्सेस स्टोरी' के लिए शहरवासियों की मेहनत और उनके टैलेंट को श्रेय दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी में अर्बन प्लानिंग और अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर हमारे शहरों की जरूरत है। बेंगलुरु जैसे शहरों को हमें भविष्य के लिए तैयार करना है। भारत सरकार की तरफ से शहर में हजारों करोड़ रुपए की परियोजनाएं पिछले समय में शुरू की गई। अब अभियान को एक नई गति मिल रही है और मेट्रो की येलो लाइन का उद्घाटन हुआ है। मेट्रो के तीसरे चरण की आधारशिला रखी गई है। भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 11 साल में हमारी अर्थव्यवस्था 10वें नंबर से टॉप-5 में पहुंच गई है।



**ऑपरेशन सिंदूर की सफलता**

- **प्रधानमंत्री ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने दुनिया को नए भारत की शक्ति दिखाई।**
- **यह ऑपरेशन उन्नत तकनीक, डिफेंस में 'मेक इन इंडिया' की ताकत पर आधारित था।**
- **बेंगलुरु और कर्नाटक के युवाओं ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई**

### वंदे भारत ट्रेन : पीएम मोदी ने 3 वंदे भारत ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु में तीन नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। नई शुरू की गई सेवाओं में बेंगलुरु-बेलगावी रूट, अमृतसर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा रूट और नागपुर (अजनी)-पुणे रूट शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अपने कर्नाटक दौरे के तहत बेंगलुरु पहुँचे। केएसआर रेलवे स्टेशन पर राज्यपाल थावरचंद गहलोत, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी अगले दिन बेंगलुरु मेट्रो की येलो लाइन का भी उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की ज़रूरत बताई। अपने दौरे से पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने नई वंदे भारत ट्रेनों की ज़रूरत बताई। उन्होंने एक्स (पहले ट्विटर) पर पोस्ट किया, "कल, 10 अगस्त को, मैं बेंगलुरु के लोगों के साथ होने के लिए उत्सुक हूँ। कनेक्टिविटी में सुधार के लिए केएसआर रेलवे स्टेशन से तीन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई जाएगी। बेंगलुरु शहर के बुनियादी ढाँचे को मज़बूत करने के लिए, बेंगलुरु मेट्रो की येलो लाइन का उद्घाटन किया जाएगा। बेंगलुरु मेट्रो के तीसरे चरण की आधारशिला रखी जाएगी। शहर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित किया जाएगा। भारत के वंदे भारत बेड़े में कुल 150 ट्रेनें हो गई हैं। कर्नाटक अब इनमें से 11 सेमी-हाई-स्पीड सेवाओं का संचालन करता है, जबकि महाराष्ट्र, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में रेल संपर्क का और विस्तार होने वाला है। ध्वजारोहण समारोह के बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आरवी रोड (रागीगुड्डा) से बोम्मासंद्रा तक चलने वाली बेंगलुरु मेट्रो की 19 किलोमीटर लंबी येलो लाइन का उद्घाटन करेंगे। दूसरे चरण के तहत लगभग ₹7,160 करोड़ की लागत से निर्मित, इस कॉरिडोर में 16 स्टेशन शामिल हैं, जो प्रमुख आवासीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक केंद्रों को जोड़ते हैं। इस विस्तार से बेंगलुरु का मेट्रो नेटवर्क 96 किलोमीटर से आगे बढ़ गया है, जिससे लाखों दैनिक यात्रियों को लाभ होगा।



- स्टॉपेज डिस्टेंस, टाइम से लेकर किराए तक पूरी डिटेल

## डबल वोटर ID विवाद तेजस्वी यादव के आरोपों पर भड़के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा

**बिहार।** राजद नेता तेजस्वी यादव द्वारा उन पर दो मतदाता पहचान पत्र रखने के आरोप लगाए जाने के बाद बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने पलटवार किया है। तेजस्वी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिन्हा पर दो अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों से दो वोटर आईडी होने का आरोप लगाया था और इसके सबूत भी पेश किए थे।

**विजय सिन्हा का पलटवार :** तेजस्वी यादव के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए विजय कुमार सिन्हा ने कहा, 'ये लोग संविधान को नहीं मानते और संवैधानिक संस्थाओं के बारे में भ्रम फैलाकर लोकतंत्र के लिए खतरा बन रहे हैं।' उन्होंने मतदाता सूची में संशोधन की प्रक्रिया का जिक्र करते हुए कहा कि हर चुनाव से पहले यह प्रक्रिया होती है। सिन्हा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस तरह का 'खेल' नहीं खेलती, बल्कि लोकतंत्र के हित में काम करती है और संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान करती है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा, 'विजय सिन्हा न तो उम्र की धोखाधड़ी करते हैं और न ही संवैधानिक संस्था का अपमान करते हैं।'

## कांग्रेस को घुसपैठियों से लगाव है तो उन्हें राहुल गांधी के घर क्यों नहीं भेज देती: हिमंत



**असम।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कांग्रेस पर घुसपैठियों को नयी पहचान देने की कोशिश करने का आरोप लगाया और कहा कि अगर पार्टी को घुसपैठियों से इतना ही लगाव है, तो उन्हें राहुल गांधी के घर क्यों नहीं भेज देती। शर्मा ने दावा किया कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गौरव गोगोई ने हाल ही में घुसपैठियों को 'ना असमिया' (नया असमिया) कहा था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शर्मा ने कहा, "अगर उन्होंने ऐसा कहा है, तो उन्हें अपने घर में उन्हें जगह देनी चाहिए, क्योंकि हमारे घर में उनके लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा कि मूल असमियों के लिए पर्याप्त संसाधन या जगह नहीं है, तो नए असमियों को कैसे समायोजित किया जा सकता है। शर्मा ने कहा, "न तो जमीन है, न जगह, न घर। हम असमियों को पर्याप्त सुविधाएं नहीं दे सकते। ऐसे में हम इन तथाकथित नए असमियों को ये सुविधाएं कैसे दे सकते हैं?' मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर गोगोई को इनकी इतनी चिंता है, तो उन्हें ''इन लोगों को राहुल गांधी के घर भेज देना चाहिए।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपको कार्यस्थल पर किसी व्यक्ति का सहयोग मिलेगा इससे आपको काम करने में आसानी होगी। आज आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से कोई सलाह मिलेगी। इस राशि के छात्र आज अपनी शैक्षिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए अपनी डेली रूटीन में कुछ नए बदलाव करेंगे।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए ख़ास रहेगा। आज आप कुछ महत्वपूर्ण मामलों में फैसला ले सकते हैं। आज धर्म और सामाजिक कामों में आपकी रुचि बढ़ सकती है। आज आप नेगेटिव व्यक्तियों से दूरी बनाकर रखें, जिससे आपके काम आसानी से पूरे हो जाएँ। आज आप कुछ बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते हैं।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अपने कामों में ही व्यस्त रहें और बेवजह की गतिविधियों में रुचि ना लें। परिवार के वरिष्ठ सदस्यों का अनुभव तथा सहयोग आपके लिए बहुत अधिक लाभदायक रहेगा। आज संतान से खास खुशखबरी मिलेगी, घर में सभी लोग खुश होंगे।

**कर्क :** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आप किसी काम को नए तरीके से करने पर विचार करेंगे, इससे आपका काम आसान हो जायेगा। आज आप अपने मित्रों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग बनायेंगे। आज कारोबार और परिवार में बैलेंस बना रहेगा। अगर आप कोई भी काम स्टार्ट करने जा रहे हैं।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप व्यापारिक गतिविधियों में अपने धैर्य को बनाये रखेंगे, आपकी स्थितियां जल्द ही सुधरती नज़र आएंगी। आज आप दूसरों के मामलों से दूर रहें और अपने काम के ऊपर फोकस करें। आपका मिलनसार व्यवहार सबको बहुत पसंद आएगा।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। व्यवसाय में अपना पूरा ध्यान मार्केटिंग और काम के प्रमोशन में लगाएं। निश्चित रणनीति बनाकर काम करने से सफलता की संभावनाएं बढ़ेंगी। विस्तार संबंधी योजनाओं को गंभीरता से लें। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेंगे।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज ऑफिस के किसी काम के कारण आपकी अचानक यात्रा हो सकती है। आज आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपको अपने काम में सहयोगियों का सहयोग मिलेगा जिससे काम समय से पूरा हो जायेगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज आप कुछ समय मनोरंजन सम्बन्धी गतिविधियों में बिताएंगे। आज आपके द्वारा कुछ सराहनीय काम किये जा सकते हैं, जिससे आपके मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। आज संतान पक्ष से आपको सुख प्राप्त होगा। आज पिता का आशिर्वाद आप पर बना रहेगा।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहेगा। आज कुछ समय से चल रहे पारिवारिक वाद-विवाद निपटने से घर में सुकून और शांति पूर्ण माहौल रहेगा। तथा आप अपने व्यक्तिगत कार्यो पर ध्यान दे पाएंगे। इस समय कई नई तरह की गतिविधियों में भी व्यस्तता रहेगी और उचित परिणाम मिलेंगे।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आप अपनी भावनाओं के साथ दूसरों के भी भावनाओं का ख्याल रखेंगे। आज आप परिवार के साथ घर पर मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे। आज सेहत के लिहाज से आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज कुछ समय अपने पारिवारिक तथा व्यक्तिगत जीवन के लिए निकालना संबंधों में मधुरता लाएगा। आज प्रोफेशनल कार्य प्रणाली में कुछ बदलाव हो सकता है। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा, जिससे घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा।

**मीन :** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप कुछ महत्वपूर्ण फैसले ले सकते हैं जो आपकी आर्थिक स्थिति और घर की व्यवस्था ठीक रखने में सहायक होंगे। आज धर्म और सामाजिक कामों में आपकी रुचि हो सकती है। आज व्यापार को बढ़ाने के कुछ नए तरीके आपके दिमाग में आयेंगे।

## सहारनपुर के किसान ने तैयार की आम की 'सदाबहार' किस्म, पूरे साल देता है फल

**एजेंसी। सहारनपुर**



सहारनपुर जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र के चुनैहटी इलाके के प्रगतिशील किसान राजेन्द्र अटल ने 'सदाबहार' नाम का आम का एक ऐसा वृक्ष तैयार किया है, जो वर्ष भर फल देता है। सहारनपुर जिले में आम की कई किस्में मशहूर हैं, लेकिन इनमें एक 'सदाबहार' नामक आम यहां के किसान राजेन्द्र अटल ने तैयार किया है, जिसमें एक साथ बौर, छोटा आम, बड़ा आम और सबसे बड़ा आम एक समय में तैयार होता है। अटल ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि सदाबहार आम के पेड़ की ऊंचाई पांच फुट है। इसकी विशेषता यह है कि यह ज्यादा जगह नहीं लेता और साल में चार से पांच बार आम की फसल मिलती है, जो मुनाफे के लिहाज से बहुत उपयुक्त है। राजेन्द्र अटल ने अपने बगीचे को 'प्रकृति कुंज' का नाम दिया है और 'सदाबहार' आम उनके 'प्रकृति कुंज' की शोभा है। 'सदाबहार' आम की कई विशेषताएं हैं। यह अपने छोटे से आकार में आम की बौर, अम्बी साइज का आम, उससे बड़ा आम और परिपूर्ण आम (जिसे पकने पर तोड़ा जा सकता है) के साथ नजर आता है। इसके साथ ही इसी पेड़ पर लंगड़ा आम के आकार का बड़ा आम भी मौजूद है। अटल ने बताया कि 'सदाबहार' आम से किसान अपनी आमद को चार गुना कर सकता है। किसान जो आम की फसल अब तक लगाते रहे हैं, उसमें उन्हें केवल एक बार ही फसल का लाभ मिलता है, लेकिन 'सदाबहार' आम का उत्पादन करके वही किसान चार बार फसल ले सकता है। अटल ने इस 'सदाबहार' आम की पौध के सम्बध में बताया कि यह एक बहुआयामी किस्म है, जिसमें एक साथ बौर, छोटा आम, बड़ा आम और सबसे बड़ा आमएक समय में तैयार होता है। उन्होंने कहा कि पूरे वर्ष 'सदाबहार' पेड़ पर यही दृश्य रहता है और पूरे साल इस पर फल लगा रहता है। इस पेड़ के आम का स्वाद भी अलग है और इसकी महक मिठास और खूबसूरती इसे दूर से ही आकर्षित करती है। उन्होंने बताया कि आम के पेड़ की कीमत मात्र 200 रुपये रखी गई है और इसे तैयार हुए ढाई वर्ष हो गये हैं।

## सपा प्रमुख ने निर्वाचन आयोग पर भाजपा के प्रभाव में काम करने का आरोप लगाया

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को निर्वाचन आयोग पर उत्तर प्रदेश के पिछले उपचुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रभाव में काम करने का आरोप लगाया।

रक्षाबंधन मनाने के लिए परिवार के साथ अपने चाचा के घर पहुंचे यादव ने पत्रकारों से कहा कि निर्वाचन आयोग न्याय करेगा या नहीं, इस बारे में हमेशा चिंता रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुंदरकी, मीरापुर और विशेष रूप से अयोध्या समेत कुछ उपचुनावों में वोट चोरी एक छोटी सी बात थी, भाजपा के निर्देश पर निर्वाचन आयोग ने डकैती और वोटों का अपहरण किया। यादव ने दावा किया कि इन चुनावों के दौरान, प्रशासन ने पहले से तय कर रखा था कि कौन से अधिकारी ड्यूटी पर होंगे, कौन कितने वोट हासिल करेगा।

## 5 लाख का वादा, 5 हजार की थमाई मदद

### उत्तरकाशी में फूटा पीड़ित परिवारों का गुस्सा

**एजेंसी। उत्तराखंड**



उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में आई अचानक बाढ के बाद, धराली गांव के लोगों ने सरकार से मिली 5,000 रुपये की तत्काल सहायता राशि को लेने से मना कर दिया है। उनका कहना है कि इस भयंकर आपदा में हुए भारी नुकसान को देखते हुए यह राशि 'नाकाफी' है। धराली और हर्षिल के बाढ प्रभावित परिवारों को यह सहायता 'तत्काल राहत' के तौर पर दी गई थी, लेकिन ग्रामीणों ने इसका विरोध करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार पर उनके नुकसान को कम आंकने का आरोप लगाया है। इस मामले में, उत्तरकाशी के जिला मजिस्ट्रेट प्रशांत आर्य ने बताया कि 5,000 रुपये की यह राशि सिर्फ एक शुरुआती मदद है। उन्होंने आश्वस्त किया कि नुकसान का पूरा आकलन होने और एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार होने के बाद, प्रभावितों को सही मुआवजा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उन परिवारों के लिए 5 लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की है जिनके घर पूरी तरह से तबाह हो गए हैं। इसके अलावा, आपदा में मारे गए लोगों के परिवारों को भी इतनी ही राशि दी जाएगी। सरकार ने राजस्व सचिव की अध्यक्षता में एक तीन-सदस्यीय समिति बनाई है, जो पुनर्वास और आजीविका की बहाली के लिए एक योजना तैयार करेगी। इसकी शुरुआती रिपोर्ट एक हफ्ते के भीतर सौंप दी जाएगी। इस बीच, बचाव कार्य पांचवें दिन भी जारी रहा। हेलीकॉप्टरों से फंसे हुए लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और दूरदराज के इलाकों में खाने के पैकेट पहुंचाए गए। राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीमों ने डॉग स्क्वॉड और थर्मल इमेजिंग उपकरणों की मदद से धराली बाजार में मलबा हटाने का काम किया, जहां मंगलवार को भूस्खलन के कारण कई होटल, होमस्टे और दुकानें पूरी तरह से बर्बाद हो गई थीं।

### चुनाव आयोग | राहुल गांधी की 'वोट चोरी' वेबसाइट पर संग्राम, बीजेपी बोली

# वोट चोरी के दावों पर शुरू हुई सियासी जंग

- **भाजपा प्रवक्ता अमित मालवीय ने राहुल को 'नासमझ' करार दिया**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के 'वोट चोरी' अभियान और वेबसाइट लॉन्च करने पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। बीजेपी प्रवक्ता अमित मालवीय ने राहुल गांधी को 'नासमझ' बताते हुए उनके इस कदम पर निशाना साधा।

**अमित मालवीय का राहुल पर हमला :** मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा, 'हमें अभी भी नहीं पता कि राहुल गांधी कब घोषणापत्र/शपथ के तहत उन अयोग्य मतदाताओं के नाम प्रस्तुत करेंगे जिनके बारे में उनका दावा है कि वे मतदाता सूची में हैं।' उन्होंने कहा कि यह मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 20(3)(बी) के तहत अनिवार्य है। मालवीय ने यह भी आरोप लगाया कि विपक्षी दल 'तकनीकी डायनासोर' हैं। उन्होंने राहुल गांधी के इस दावे पर भी सवाल उठाया कि उन्हें एक विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची का विश्लेषण करने में 30 दिन लगे, जबकि मीडिया और सोशल मीडिया यूजर्स ने चुनाव आयोग के पोर्टल पर उसी सूची की जांच बहुत कम समय में कर ली।

**'वोट चोरी' के आरोपों पर चुनाव आयोग ने राहुल गांधी को दिया जवाब :** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को राहुल गांधी के पांच सवालों का विस्तृत जवाब देते हुए उनके आरोपों को 'भ्रामक' बताया और कहा कि उन्होंने बिना किसी आधिकारिक शिकायत के सार्वजनिक रूप से झूठे दावे किए हैं। चुनाव आयोग ने हैशटैग #ECIFactCheck के तहत जारी किए गए बयान में राहुल गांधी से कहा है कि वह या तो अपने आरोपों पर 'घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करें' या फिर 'देश से माफी मांगें'। यह मामला गुरुवार को राहुल गांधी की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद शुरू हुआ था, जिसमें उन्होंने मतदाता सूची में 'एक करोड़ रहस्यमय मतदाता', फर्जी वोटर और सीसीटीवी फुटेज नष्ट करने जैसी अनियमितताओं का आरोप लगाया था।




### भाजपा ने राहुल को बताया 'घटिया कारीगर'

अमित मालवीय ने राहुल गांधी के 'मशीन-पठनीय डेटा' की मांग को 'घटिया कारीगरी' का एक उदाहरण बताया। उन्होंने कहा, 'अब ये राजनीतिक रूप से निकम्मे लोग स्कैन की गई तस्वीरों का रोना रो रहे हैं और 'मशीन-पठनीय डेटा' की मांग कर रहे हैं। यह एक घटिया कारीगर द्वारा अपने औजारों को घटिया कारीगरी के लिए दोषी ठहराने का एक आदर्श उदाहरण है।'

### 64वीं राष्ट्रीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के लिए झारखंड टीम बहा रही है पसीना

# स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर में उभरते खिलाड़ी हो रहे तैयार


21 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों के तकनीकी, शारीरिक और मानसिक तैयारी पर दिया जा रहा है विशेष जोर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

64वीं राष्ट्रीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लक्ष्य से झारखंड टीम के चयनित खिलाड़ी इन दिनों खेलगांव स्थित प्रैक्टिस मैदान में जमकर पसीना बहा रहे हैं। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा आयोजित इस राज्यस्तरीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर में चयनित खिलाड़ियों के तकनीकी, शारीरिक और मानसिक तैयारी पर। यह प्रशिक्षण शिविर तीन चरणों में आयोजित हो रहा है। अंडर 17 बालिका वर्ग 1 से 16 अगस्त 2025 तक ,अंडर 15 बालक वर्ग 9 से 25 अगस्त 2025, और अंडर 17 बालक वर्ग का 24 अगस्त से 13 सितंबर 2025 तक आयोजित होगा। इस 21 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर के प्रशिक्षण दल में मुख्य कोच श्री अमित शर्मा, सहायक कोच सुशीला साहू एवं आभा मिंज, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. राजीव रंजन, शारीरिक विश्राम एवं रिकवरी हेतु योग प्रशिक्षक डॉ. अखिलेश यादव खिलाड़ियों को मानसिक सुदृढ़ता प्रदान कर रहे है। वही टीम प्रबंधक के रूप में बिंदु कुजूर को प्रतिनियुक्त किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ियों को फुटबॉल के सूक्ष्म तकनीकी पहलुओं की जानकारी के साथ-साथ योग, फिटनेस एवं बॉडी रिलैक्सेशन का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर में आये चयनित खिलाड़ियों के लिए ठहरने एवं भोजन की उत्तम व्यवस्था की गई है, ताकि वे पूरी तरह से प्रशिक्षण पर अपना ध्यान केंद्रित कर सकें।

प्रशिक्षण के बाद झारखंड की टीम दिल्ली एवं बेंगलुरु में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय सुब्रतो कप प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी। राज्य कार्यकम पदाधिकारी श्री धीरसेन ए सोरेंग ने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर राज्य के उभरते हुए फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए एक सशक्त मंच सिद्ध हो रहा है, जो उन्हें राष्ट्रीय और भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगा।

### फिटनेस टेस्ट में नाहिद राणा को छोड़ बांग्लादेश के अधिकांश खिलाड़ियों ने किया संघर्ष

**ढाका।** नीदरलैंड के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज और एशिया कप से पहले बांग्लादेशी खिलाड़ियों के लिए फिटनेस कैंप का आयोजन किया गया है। इसमें तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने प्रभावित किया है। टीम के अन्य खिलाड़ी निर्धारित मानकों को पूरा करने में संघर्ष करते दिखे। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, नए स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच नाथन कीली के कार्यभार संभालने के बाद 1600 मीटर दौड़ और 40 मीटर स्प्रिंट परीक्षणों ने यो-यो और बीप परीक्षणों की जगह ले ली है। सिलहट में एक स्किल कैंप 20 अगस्त को लगाया जाना है। नूरुल हसन सोहन, सैफ हसन, अफिफ हुसैन और महिदुल इस्लाम अंकोन भी ऑस्ट्रेलिया दौरे (ए टीम के साथ) पर होने की वजह से फिटनेस टेस्ट में शामिल नहीं हुए।

# गंभीर और गिल ने टीम को एकजुट रखा : करुण नायर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



करुण नायर के लिए इंग्लैंड के खिलाफ हाल में संपन्न 5 टेस्ट मैचों की सीरीज बेहद यादगार रही। इसकी वजह आठ साल बाद सीरीज के माध्यम से उनकी भारतीय टीम में वापसी रही। करुण ने टीम में वापसी को डेब्यू सरीखा एहसास और अपने जीवन का सबसे अच्छा पल बताया। करुण ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से कहा कि तीन साल पहले उस पल की कल्पना करना भी मुश्किल लगता था, लेकिन उसे दोबारा जीना, पहली बार भारतीय टीम की कैप पहनने के एहसास के बिल्कुल करीब था। मुझे लग रहा था कि मैं फिर से कामयाब हो गया। नायर ने कहा कि मैं सीरीज में क्षमता के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सका, लेकिन आखिरी टेस्ट में लगाया अर्धशतक मेरे और टीम के लिए बेहद अहम था। हेड कोच गौतम गंभीर ने टीम को किस तरह प्रेरित किया, इस पर नायर ने कहा, “शुरुआत में गौतम गंभीर ने कहा था कि वह नहीं चाहते कि हम इसे एक बदली हुई टीम के रूप में देखें। वह नहीं चाहते थे कि हम ऐसा महसूस करें। हमें पहला संदेश मिला कि यह कोई युवा टीम नहीं बल्कि एक बेहतरीन टीम है और सभी को इसे अंदर से महसूस करना चाहिए। सभी को टीम के लिए खेलने और एक दूसरे का समर्थन करने का संदेश दिया गया था। इसे महसूस करना अद्भुत था।” नायर ने शुभमन गिल की तारीफ करते हुए कहा, “शुभमन ने जिस तरह से सभी को एकजुट रखा और जैसा प्रोत्साहन दिया, वह देखने लायक था। शुरुआत से ही उनकी बातचीत बिल्कुल स्पष्ट थी। न सिर्फ कप्तान के रूप में, बल्कि बल्लेबाज के रूप में भी उन्होंने टीम एक लीडर की तरह टीम का नेतृत्व किया।” गिल ने इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में चार शतक लगाते हुए सर्वाधिक 754 रन बनाए थे। करुण नायर को पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में चार टेस्ट खेलने का मौका मिला।

# पंत निश्चित रूप से धोनी से आगे निकल जाएंगे : आकाश

**एजेंसी। नई दिल्ली**




पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने कहा है कि ऋषभ पंत अगर टेस्ट मैच खेलना जारी रखते हैं, तो वह इस फॉर्मेट में एमएस धोनी के कुल रनों के आंकड़े को पीछे छोड़ देंगे। पंत इंग्लैंड के खिलाफ हाल में संपन्न टेस्ट सीरीज में इंजरी के बाद रिकवरी की राह पर हैं। आकाश चोपड़ा ने रविवार को अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, “टेस्ट मैचों और रनों की संख्या के मामले में एमएस धोनी शीर्ष पर हैं। उन्होंने 90 मैच में 144 पारियां खेली हैं, जिसमें 38.09 की औसत से 4,876 रन बनाए हैं। उनके नाम छह शतक हैं। पंत ने पिछले पांच सालों में छह शतक लगाए हैं और कुल 8 टेस्ट शतक लगाए हैं।” उन्होंने कहा, “अगर हम कुल मिलाकर देखें, तो ऋषभ पंत आठ शतक लगा चुके हैं और एमएस धोनी छह शतक लगा चुके हैं। ऋषभ पंत पहले ही रनों की संख्या के मामले में दूसरे स्थान पर हैं। वह एमएस धोनी से 1,400 रन पीछे हैं और लगभग आधे मैच खेल चुके हैं। अगर वह और खेलेंगे, तो जाहिर है कि वह एमएस धोनी से आगे निकल जाएंगे।”चोपड़ा ने कहा, “पंत ने अब तक 47 टेस्ट मैचों में 44.50 की औसत से 3,427 रन बनाए हैं। उनके शतकों की संख्या आठ है, जो धोनी के छह शतकों से दो ज्यादा है। क्या यह कहना सही होगा कि पंत भारत के लिए टेस्ट खेलने वाले सबसे महान विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं।”उन्होंने कहा कि दुनिया के अब तक के श्रेष्ठ विकेटकीपरों की सूची देखें तो एडम गिलक्रिस्ट ने 96 मैचों में 47.60 की औसत से 5,570 रन बनाए हैं। वह फिलहाल पंत से आगे हैं, लेकिन पीछे छूट सकते हैं। टेस्ट क्रिकेट के सफलतम विकेटकीपर-बल्लेबाज की बात करें तो पहले स्थान पर श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगाकारा का नाम है। उन्होंने 134 टेस्ट मैचों में 12,400 रन बनाए। इसमें कुल 38 शतक हैं।

# एशेज में दमदार वापसी से आलोचकों को जवाब देना चाहता हूं : मार्नस लाबुशेन

**एजेंसी। ब्रिस्बेन**



ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को वेस्टइंडीज के खिलाफ हुई टेस्ट सीरीज के लिए टीम में जगह नहीं दी गई थी। लाबुशेन एशेज के लिए टीम में वापसी करना और दमदार कर आलोचकों का मुंह बंद करना चाहते हैं। लाबुशेन बतौर ओपनर भी खेलने को तैयार हैं। पिछले 10 टेस्ट की 19 पारियों में एक भी शतक लगाने में नाकाम रहे लाबुशेन को वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह नहीं दी गई थी। उनकी जगह कैमरन ग्रीन को टीम में शामिल किया गया था और तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया था। ग्रीन टेस्ट फॉर्मेट में प्रभावित नहीं कर पाए थे। द ऑस्ट्रेलियन से बात करते हुए लाबुशेन ने कहा, “यह मुश्किल था। आप कभी भी टीम से बाहर नहीं होना चाहते। तीन या चार साल तक मेरा औसत लगभग 60 का रहा, लेकिन पिछले एक-दो साल से मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पा रहा हूं। अब मैं एशेज में श्रेष्ठ प्रदर्शन कैसे करूं, इसके बारे में सोच रहा हूं।” उन्होंने कहा, “करियर में एक बार ऐसा निर्णायक मोड़ जरूर आता है, जब हमें संदेह करने वालों को गलत साबित करना होता है।

### वर्ल्ड कप की तैयारी के लिए सीएसके कैंप में ट्रेनिंग शानदार अनुभव : बेन सॉयर

**चेन्नई।** न्यूज़ीलैंड महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर इस समय चेन्नई में टीम का ट्रेनिंग कैंप देख रहे हैं। यह कैंप आने वाले महिला वनडे विश्व कप की तैयारी का हिस्सा है। उनका कहना है कि चेन्नई सुपर किंग्स अकादमी में स्पिन-फ्रेंडली पिचों पर अभ्यास करना अब तक का शानदार अनुभव रहा है। टीम में तेज गेंदबाज ऑलराउंडर जेस केर, बल्लेबाज़ जॉर्जिया प्लिमर और ब्रुक हॉलिडे शामिल हैं, जो पिछले साल महिला टी20 विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थीं। इनके साथ उभरती खिलाड़ी इजी शार्प, फ्लोरा डेवोनशायर और एमा मैकलियोड भी मौजूद हैं।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### बेंगलुरु से पीएम मोदी ने ट्रंप को दिया संदेश

# भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था जल्द तीसरे नंबर पर पहुंचेंगे

- देश के अलग अलग हिस्सों के लिए तीन नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी भी दिखाई गई है

**एजेंसी। बेंगलुरु**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15,610 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली बेंगलुरु मेट्रो फेज-3 परियोजना की आधारशिला रखी। इस परियोजना की कुल लंबाई 44 किलोमीटर से अधिक होगी और इसमें 31 एलिवेटेड स्टेशन होंगे। कर्नाटक की धरती पर कदम रखते ही अपनापन सा महसूस होता है। यहां की संस्कृति, यहां के लोगों का प्यार और कन्नड़ भाषा की मिठास दिल को छू जाती है। बेंगलुरु को हम एक ऐसे शहर के रूप में उभरता देख रहे हैं जो न्यू इंडिया के राइज का सिंबल बन चुका है। एक ऐसा शहर... जिसकी आत्मा में तत्व ज्ञान है और जिसके एक्शन में टेक ज्ञान है। एक ऐसा शहर... जिसने ग्लोबल आईटी मैप पर भारत का परचम लहराया है। हम बेंगलुरु को नए भारत के उदय का एक सच्चा प्रतीक बनते हुए देख रहे हैं। एक ऐसा शहर जिसने भारत को वैश्विक आईटी मानचित्र पर गर्व से स्थापित किया है। बेंगलुरु की उल्लेखनीय सफलता की कहानी के पीछे प्रेरक शक्ति इसके लोगों की असाधारण प्रतिभा और सरलता है। बीते समय में बेंगलुरु के लिए भारत सरकार की ओर हजारों करोड़ रुपए की योजनाएं शुरू की गई हैं। आज इस अभियान को नई गति मिल रही है। मेट्रो फेज-3 आधारशिला भी रखी गई है। साथ ही देश के अलग अलग हिस्सों के लिए तीन नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी भी दिखाई गई है। बेंगलुरु से बेलगावी के बीच वंदे भारत की सेवा शुरू हुई है। इससे बेलगावी के व्यापार और टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेनाओं की सफलता... सीमापार कई किलोमीटर भीतर आतंकवादी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने की ताकत... और आतंकवादियों के बचाव में उतरे पाकिस्तान को कुछ ही घंटों में घुटनों पर लाने की हमारी क्षमता... पूरी दुनिया ने नए भारत के इस स्वरूप के दर्शन किए हैं। ऑपरेशन सिंदूर की इस सफलता के पीछे बहुत बड़ी वजह हमारी टेक्नोलॉजी और डिफेंस में मेक इन इंडिया की ताकत है।

### संचार साथी ऐप का डाउनलोड 50 लाख के पार

**नई दिल्ली।** संचार मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि धोखाधड़ी वाले कॉल और संदेशों की रिपोर्ट करने के लिए दूरसंचार विभाग (डीओटी) की पहल संचार साथी मोबाइल ऐप ने लॉन्च होने के छह महीने के भीतर 50 लाख डाउनलोड की संख्या को पार कर लिया है। मंत्रालय ने बताया कि इस साल जनवरी में ऐप लॉन्च होने के बाद से, संचार साथी पहल के तहत 5.35 लाख से ज़्यादा खोए या चोरी हुए मोबाइल हैंडसेट वापस मिल चुके हैं, नागरिकों की रिपोर्ट के आधार पर 1 करोड़ से ज़्यादा अनधिकृत मोबाइल कनेक्शन काटे गए हैं और चक्षु फ़ीचर के ज़रिए चिह्नित 29 लाख से ज़्यादा मोबाइल नंबरों को निष्क्रिय किया गया है। संचार साथी पोर्टल पर 16.7 करोड़ से ज़्यादा लोग आ चुके हैं, जो इस नागरिक-केंद्रित डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म में जनता के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

# देश में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाने के लिए तत्काल भूमि सुधार आवश्यक : सीआईआई

- पहुंच में सुधार, लागत कम करना और व्यवसायों के लिए नियमों को सरल बनाना भी आवश्यक है

**एजेंसी। नई दिल्ली**




भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने रविवार को देश को 2047 तक एक लीडिंग मैन्युफैक्चरिंग और इन्वेस्टमेंट हब बनने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद के लिए तत्काल और बड़े भूमि सुधारों को आवश्यक बताया।

सीआईआई ने कहा कि भारत ने सुधार के कई क्षेत्रों में तेजी से प्रगति की है, लेकिन भूमि क्षेत्र अभी भी चुनौतियों का सामना कर रहा है जो औद्योगिक विकास को धीमा कर रही हैं और निवेशकों को हतोत्साहित कर रही हैं।

सीआईआई ने अपने बयान में कहा कि भारत का मजबूत नीतिगत ढांचा, औद्योगिक क्षमताएं, विशाल घरेलू बाजार और युवा कार्यबल इसे एक आकर्षक निवेश गंतव्य बनाते हैं, खासकर ऐसे समय में जब वैश्विक व्यापार और निवेश पैटर्न बदल रहे हैं। बयान में आगे कहा गया कि इन अवसरों का पूरी तरह से लाभ उठाने के लिए, भारत को एक दूरदर्शी प्रतिस्पर्धात्मकता एजेंडे की आवश्यकता है जिसमें भूमि सुधार एक प्रमुख प्राथमिकता होनी चाहिए। सीआईआई ने कहा कि पहुंच में सुधार, लागत कम करना और व्यवसायों के लिए नियमों को सरल बनाना भी आवश्यक है।

इसने केंद्र और राज्यों के बीच भूमि नीति के समन्वय के लिए जीएसटी जैसी एक परिषद बनाने का सुझाव दिया, क्योंकि भूमि प्रशासन मुख्यतः राज्य के अधिकार क्षेत्र में आता है। इंडस्ट्री बॉडी ने कहा कि मौजूदा समय में देश में औद्योगिक भूमि बैंक मुख्यतः एक इन्फॉर्मेशन टूल है और इसे एक नेशनल प्लेटफॉर्म के रूप में अपग्रेड किया जाना चाहिए जो न केवल डेटा प्रदान करे बल्कि सिंगल डिजिटल इंटरफेस के माध्यम से भूमि के सीधे आवंटन भी हो। मौजूद सिस्टम की खामियों पर सीआईआई ने कहा कि भारत में संपत्ति के पंजीकरण में नौ प्रक्रियाएं शामिल हैं और 58 दिन लगते हैं। साथ ही, इसमें संपत्ति के मूल्य की लगभग 8 प्रतिशत राशि खर्च होती है।

### अगले हफ्ते 6 नए आईपीओ में पैसा लगाने का मौका

**नई दिल्ली।** सावन बेशक खत्म हो गया हो, लेकिन आईपीओ की बारिश लगातार जारी है। अगले हफ्ते 6 नए आईपीओ शेयर मार्केट में आ रहे हैं। इन छह कंपनियों का लक्ष्य है कि वे लगभग 1,938 करोड़ रुपये जुटाएं। इनमें कुछ बड़ी कंपनियां (मेनबोर्ड) हैं और कुछ छोटी और मध्यम आकार की कंपनियां (एसएमई) भी शामिल हैं। इस बार जो कंपनियां आ रही हैं, वे अलग-अलग सेक्टर से हैं। जैसे कि गहने, रिटेल, इंफ्रास्ट्रक्चर और रिसोर्सेज। अगर आप आईपीओ के जरिए शेयर मार्केट में निवेश करना चाहते हैं तो पैसा तैयार रखें। अगले हफ्ते 11 आईपीओ की लिस्टिंग भी होगी। अगले हफ्ते सबसे बड़ा आईपीओ ब्लूस्टोन ज्वेलरी एंड लाइफस्टाइल (ब्लूस्टोन ज्वेलरी एंड लाइफस्टाइल ) का है। इसका इश्यू साइज 1,540.65 करोड़ रुपये है। यह कंपनी गहनों का कारोबार करती है। यह आईपीओ 11 अगस्त को खुलेगा और 13 अगस्त को बंद हो जाएगा। यह 19 अगस्त को शेयर मार्केट में लिस्ट हो सकता है।

### भारत, अमेरिका का सबसे बड़ा स्मार्टफोन सप्लायर बना: अश्विनी वैष्णव

**मुंबई।** केंद्रीय रेल एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कहा कि भारत, अमेरिका का सबसे बड़ा स्मार्टफोन सप्लायर बन गया है। बेंगलुरु में मेट्रो परियोजनाओं के उद्घाटन के अवसर पर, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन छह गुना बढ़कर 12 लाख करोड़ रुपए हो गया है। इसी अवधि के दौरान इलेक्ट्रॉनिक निर्यात आठ गुना बढ़कर 3 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। वैष्णव ने टेक सप्लाई चेन में देश की मजबूत होती स्थिति पर कहा, “भारत दुनिया में मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा निर्माता बन गया है।” वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में अमेरिका में आयात किए गए सभी स्मार्टफोन में भारत का हिस्सा 44 प्रतिशत था, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के केवल 13 प्रतिशत से एक बड़ी छलांग है। चीन में असेंबल किए गए अमेरिकी स्मार्टफोन शिपमेंट में आई गिरावट का सबसे ज्यादा लाभ भारत ने उठाया है, जिसका मुख्य कारण एप्पल की ‘चाइना प्लस वन’ रणनीति है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में अब 300 मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स हैं, जो 2014 में केवल दो थीं। वित्त वर्ष 14 में भारत में बिकने वाले 26 प्रतिशत मोबाइल फोन की ही स्थानीय स्तर पर मैन्युफैक्चरिंग की जाती थी, जो अब बढ़कर 99.2 प्रतिशत पर पहुंच गई है। देश में मैन्युफैक्चर हुए मोबाइल फोन की वैल्यू वित्त वर्ष 14 के 18,900 करोड़ रुपए से बढ़कर वित्त वर्ष 24 में 4.22 लाख करोड़ रुपए हो गई है।उ यह वृद्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को एक ग्लोबल टेक्नोलॉजी केंद्र बनाने के दृष्टिकोण और अंतरराष्ट्रीय बाजार में देश की बढ़ती प्रतिस्पर्धात्मकता के अनुरूप है। भारत अब चीन और वियतनाम के साथ ग्लोबल इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में एक प्रमुख खिलाड़ी है, जहां कंपनियां सप्लाई चेन में विविधता लाने के लिए उत्पादन को स्थानांतरित कर रही हैं। मोबाइल फोन का शुद्ध निर्यात वित्त वर्ष18 में 0.2 अरब डॉलर से बढ़कर वित्त वर्ष 25 में 24.1 अरब डॉलर हो गया।



### 20 देश की शीर्ष दस कंपनियों में से छह का बाजार पूंजीकरण 1.36 लाख करोड़ रुपए घटा

**मुंबई।** भारत की शीर्ष दस सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण में इस हफ्ते 1.361 लाख करोड़ रुपए की गिरावट आई है, जिसमें सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की अनुचित घोषणा के बाद शेयर बाजार लगातार छठे हफ्ते गिरावट के साथ बंद हुआ। निफ्टी और सेंसेक्स लगभग एक प्रतिशत गिरकर क्रमशः 24,363 और 79,857 पर बंद हुए। निफ्टी पैक की शीर्ष दस कंपनियों में से, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 34,710 करोड़ रुपए घटकर 18,51,174 करोड़ रुपए रह गया है। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 29,722 करोड़ रुपए घटकर 15,14,303 करोड़ रुपए हो गया है।

# हुसैनाबाद की 'लाइफलाइन' बनी जानलेवा राह, स्टेशन रोड की दुर्दशा से जनता का हाल-बेहाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद नगर पंचायत अंतर्गत जेपी चौक से जपला स्टेशन तक की मुख्य सड़क इन दिनों बदहाली की पराकाष्ठा पर है। यह सड़क, जो नगर के साथ-साथ आसपास के दर्जनों गांवों को अनुमंडल मुख्यालय से जोड़ती है, आज खुद एक बड़ी समस्या बन गई है। जगह-जगह गड्ढे, कीचड़ और जलजमाव से भरी यह सड़क अब लोगों की जीवन रेखा नहीं, बल्कि मुसीबत की जड़ बनती जा रही है। स्टेशन रोड की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि पैदल चलना भी खतरे से खाली नहीं।

राहगीरों, स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं और बाइक व अन्य छोटे-बड़े वाहन चालकों को हर दिन जान जोखिम में डालकर इस रास्ते से गुजरना पड़ रहा है। गड्ढों में भरे पानी के कारण दुर्घटनाओं का खतरा हमेशा बना रहता है। बरसात के कारण हालात और भी खराब हो गयी है, अभी सड़क जलकुंड में तब्दील हो गई है। दिन में तो लोग किसी तरह संभल कर निकल जाते हैं, लेकिन रात के अंधेरे में स्टेशन से आने-जाने वाले यात्रियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। न तो पर्याप्त स्ट्रीट लाइटें हैं और न ही कोई ट्रैफिक व्यवस्था, जिससे आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। कई बार एंबुलेंस भी समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाती, जिससे गंभीर मरीजों को खतरा होता है। हैरानी की बात यह है कि यह सड़क मुश्किल से आधा किलोमीटर लंबी है, लेकिन फिर भी नगर पंचायत और संबंधित विभाग अब तक इसके निर्माण को लेकर गंभीर नहीं दिखे हैं।

गौरतलब तो यह है कि दो वर्ष पूर्व ही जेपी चौक से स्टेशन रोड में दुर्गा मंदिर तक पीसीसी सड़क का निर्माण कराया गया था। किन्तु घटिया निर्माण के कारण बहुत जल्द जीर्ण-शीर्ण हो गया। परेशान लोग इस मार्ग के निर्माण की मांग कर रहे हैं, परंतु केवल आश्वासन ही मिले हैं। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी का हाल ही में तबादला हो गया है और वर्तमान में अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) ओम प्रकाश गुप्ता को नगर पंचायत का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

शहरवासियों को उनसे काफी उम्मीदें जगी हैं कि वे इस समस्या को प्राथमिकता देंगे और स्टेशन रोड को हुसैनाबाद की 'लाइफलाइन' के अनुरूप स्वरूप प्रदान करेंगे। स्थानीय लोगों ने स्पष्ट रूप से मांग की है कि तत्काल सड़क की मरम्मत शुरू की जाए या फिर पूर्ण निर्माण कार्य की स्वीकृति देकर शीघ्र काम शुरू कराया जाए। साथ ही नियमित सफाई और जल निकासी की भी व्यवस्था की जाए, ताकि हर मौसम में यह सड़क सुगम बनी रहे।

हुसैनाबाद की यह सड़क सिर्फ एक मार्ग नहीं, बल्कि हजारों लोगों की जरूरत है। यदि इसे जल्द दुरुस्त नहीं किया गया तो यह समस्या केवल एक सड़क की नहीं, बल्कि एक पूरे क्षेत्र के विकास और जनजीवन की बाधा बन सकती है। अब देखना यह है कि नई जिम्मेदारी संभाल रहे एसडीएम ओम प्रकाश गुप्ता इस दिशा में कितनी तत्परता दिखाते हैं।

## मुख्य नहर में निर्बाध रूप से 1420 क्यूसेक छोड़ा जा रहा पानी



**मोहम्मदगंज।** भीमबराज से दायीं मुख्य नहर में 1420 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। इससे नबीनगर को 900 क्यूसेक पानी मिल रहा है। जबकि नदी में 18000 क्यूसेक जलप्रवाह दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने बताया कि पूरी स्थिति नियंत्रण में है। मुख्य नहर में निर्बाध रूप से जलप्रवाहित हो रहा है। जिसके प्रति चौकसी बरती जा रही है। सहायक अभियंता सुलेंद्र कुमार, जेई सौरभ पटेल, निर्भय कुमार और शुभम राज स्थिति पर नजर रख रहे हैं। कोयल नदी में बाढ अथवा मुख्य नहर में कोई बाधा उत्पन्न नहीं हुई, तो खरीफ सीजन में इसी प्रकार से जलप्रवाहित किया जाता रहेगा। किसानों की मांग और जरूरत के अनुरूप इसे बढाया और घटाया भी जाएगा।

## ग्रामीणों ने पीसीसी व कलिकरण पथ निर्माण को लेकर विधायक को दिया आवेदन

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत साल्वे ग्राम के ग्रामीणों ने साल्वे से गिधवाबर मोड़ से गजुवा टोला होते हुए इटके तक पीसीसी एवं कालिकरण पथ निर्माण को लेकर स्थानीय विधायक प्रकाश राम को आवेदन दिया। ग्रामीण रामचन्द्र ठाकुर, जगदिश गंझु, मो।समीम , प्रेम गंझु, सूरेश ठाकुर, मुकेश गंझु, संजय गंझू, विश्वनाथ गंझु सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि गिधवाबर मोड़ से गजुआ होते हुए इटके तक का कच्ची सड़क बिल्कुल



खराब है जो थोड़ी बारीस मे भी किचड़ से भरा रहता है। जिससे हम सभी ग्रामीणों को बरसात के दिनों मे बीमार लोगो को अस्पताल व अन्य कार्य के लिए बहुत ज़्यादा ही कठनियां होती है। बरसात के दिनों उक्त गावों मे चार पहिया वाहन आना जाने से वंचित रहता है। जिससे करने बीमार मरीज घर मे दम तोड़ देते है।उक्त गावों की सड़क मे जगह जगह पर बड़े बड़े गढ़े बने हुए है। जिससे लोगो को पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। इस समस्या से सांसद एवं विधायक को अवगत करया गया है लेकिन 25 वर्ष बीत जाने के बाद भी कोई निराकरण नहीं हो पाई है।

## सीएम के पैतृक गांव अपने समर्थकों के साथ पहुंचे लातेहार विधायक प्रकाश राम दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक प्रकाश राम शनिवार को पार्टी के कई कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पैतृक गांव नेमरा पहुंच बाबा दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन के तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए परिवार जनों को दुःख सहन करने का ढाढस बंधवाया। इस दौरान श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में विधायक प्रकाश राम के अलावे जुनैद अख्तर, नूरमोहम्मद अंसारी, शमशेर अंसारी, शमीम भाई, जनाब अंसारी सहित कई कार्यकर्ताओं का नाम शामिल है।

## भीमबराज के गेट नंबर 36 के काउंटर वेट को बदलने का काम शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** भीमबराज के गेट नंबर 36 के काउंटर वेट को बदलने का काम रविवार को शुरू कर दिया गया। जलसंसाधन विभाग के मुख्य अभियंता अर्जुन प्रसाद सिंह (औरंगाबाद) और अन्य के हाल ही में निरीक्षण के बाद इस गेट के काउंटर वेट को गिरने से रोकने के लिए तत्काल चेनपुलिंग का सपोर्ट लगा दिया गया था। जिसे बदलकर नए चैनल लगाए जा रहे हैं। कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने बताया कि हार्डवेयर एंड टूल्स कंपनी की टीम ने काउंटर वेट को गिरने रोकने की व्यवस्था करने के बाद अब उसको बदलने का काम शुरू कर दिया है। बताया जाता है कि गेट के नियमित रखरखाव के अभाव में यह स्थिति बनी है। मुख्य अभियंता ने भी निरीक्षण के दौरान रखरखाव को जरूरी बताया था। बताया गया कि 2016 में कोयल नदी में 7.79 लाख क्यूसेक पानी आने पर 4,5,19,21,25 और 36 नंबर गेट के तेजी से उठ पाने में नाकाम होने से बाढ़ के दौरान उन्हें भारी क्षति पहुंचा था। बाद में सभी गेट और काउंटर वेट तो दुरुस्त कर दिया गया था। इसके बावजूद 36 नंबर गेट के संचालन में बाधा उत्पन्न होता रहा। जिसका काउंटर वेट दरककर हाल ही में लटक गया था। जिसके टूटकर गिरने से संबंधित गेट को भारी नुकसान हो सकता था।

## दो टेंपो व बाइक की भीषण भिड़ंत पांच गंभीर, सभी गढ़वा रेफर

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** चिनियां थाना क्षेत्र के रानीचेरी गांव स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के पास रविवार सुबह तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। दो टेंपो के बीच जोरदार टक्कर के बाद पीछे से आ रही मोटरसाइकिल भी भिड़ गई। इस भीषण हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें रणपुरा गांव निवासी प्रेम प्रसाद की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। सभी घायलों को गढ़वा रेफर किया गया है। घायलों में प्रेम प्रसाद, चिनीयां मुख्यालय निवासी अमला देवी, सुभाष कुमार, अंधिता कुमारी और ब्यूटी कुमारी शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक, अमला देवी, सुभाष कुमार, अंधिता कुमारी और ब्यूटी कुमारी टेंपो से गोदरमाना जा रहे थे कि सामने से आ रही एक अन्य टेंपो ने जोरदार टक्कर मार दी। इसी बीच पीछे से आ रही प्रेम प्रसाद की मोटरसाइकिल भी टेंपो में जा टकराई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही एएसआई राधेश्याम कुमार और सुखराव उरांव दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को चिनीया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी भीषण थी कि कुछ देर के लिए घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई। एक टेंपो का अगला शीशा टूटकर नीचे गिर गया, जबकि दूसरा टेंपो और मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद दोनों टेंपो चालक अपने-अपने वाहन लेकर मौके से फरार हो गए।

### दो अलग-अलग सड़क हादसे एक की मौत पांच लोग घायल

**सतबरवा।** सतबरवा थाना क्षेत्र के एनएच-39 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर शनिवार रात एवं रविवार को दो अलग-अलग सड़क हादसों ने इलाके में मातम सा हो गया है। पहले हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरे में पांच लोग घायल हो गए। पहली घटना रात करीब 8 बजे दुबियाखाड़ के पास हुई। पोखरहा केवटबार गांव निवासी ललित भुइंया (28), पिता नंददेव भुइंया, पत्नी के साथ बरवाडीह चपरी से राखी बांधकर टेंपो से घर लौट रहे थे। इसी दौरान वह टेंपो से गिर पड़े और पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी घटना पोखराहा के पास हुई, जहां बाइक और कार की आमने-सामने टक्कर में पांच लोग घायल हो गए। घायलों में बाइक सवार की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना पाकर सतबरवा पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को क जे में लेकर एमएमसीएच मेदिनीनगर में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है, जबकि पुलिस अज्ञात वाहन चालक की तलाश में जुटी है।

# दर्दनाक सड़क हादसे में मां-बेटी की मौत, दो भाई घायल

- डालटनगंज स्थित बहन के घर से रक्षाबंधन का त्योहार मनाकर बोकारो लौट रहे थे सभी
- चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत लाधुप के समीप घटी घटना

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर सिसकरिया मोड़ व लाधुप के बीच एक अनियंत्रित कार यूपी 16 एफए 8423 दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दर्दनाक हादसे में मां बेटी की मौत हो गई जबकि दोनो पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये। चंदवा अस्पताल में डॉक्टर नीलिमा कुमारी ने दोनो घायलों का प्राथमिक उपचार किया व बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार डालटनगंज के रेड़मा में बोकारो निवासी शंभू प्रसाद की बड़ी बेटी का ससुराल है उनकी छोटी बेटी भी बड़ी बहन के घर में ही थी। शंभू प्रसाद के दोनों बेटे अपनी मां के साथ राखी का त्योहार मनाने 8 अगस्त को डालटनगंज पहुंचे थे। जंहा से रक्षाबंधन का त्योहार मनाकर सभी लोग सोमवार को एक कार से बोकारो स्थित अपने घर लौट रहे थे इसी दौरान चंदवा थाना क्षेत्र के सिसकरिया एवं लाधुप मोड़ के बीच वाहन अनियंत्रित होकर तेज गति से सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन के परखखच्चे उड़ गए। उक्त घटना में कार पर सवार मां आशा देवी (50) पति शंभू प्रसाद महतो,बेटी शिखा कुमारी (25) की मौत घटनास्थल पर हो गई। इसके अलावे पुत्र आशीष कुमार एवं प्रेम कुमार उर्फ ओम गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी बोकारो सेक्टर 8 के रहने वाले बताये जाते हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों भाइयों की जान एयरबैग खुलने की वजह से बची है। दोनों भाई आगे की सीट में बैठे हुए थे जबकि मां और बहन पिछली सीट पर बैठे हुए थे। आगे का दोनों एयरबैग खुलने की वजह से दोनों भाइयों की जान बच पाई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सभी का रो-रो कर उनका बुरा हाल था।

घटना इतनी दर्दनाक थी कि घटना के बाद सभी घायल वाहन में ही फंस गए थे। झामुमो के इश्तियाक उर्फ़ पप्पन खान,पत्रकार रौशन गुप्ता समेत लाधूप गांव के ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद कार का एक दरवाजा तोड़कर सभी को बाहर निकाल कर उन्हें कुडू व चंदवा सीएचसी भेजा गया।

बताते चले कि इन दिनों एनएच 75 की हालात पूरी तरह जर्जर हो गई है सड़क पर सैकड़ो जानलेवा गड्ढे उभर आये हैं इन गड्ढों के कारण ही सड़क हादसे बढ़े हैं। रविवार को हुई घटना भी सड़क पर बने गढ़ो के कारण हुई है। घटना के बाद पुनि सह थाना प्रभारी रंधीर कुमार सिंह सदल बल घटना स्थल व अस्पताल पहुंच मामले की पड़ताल में जुटे हुए थे।



### कार और बाइक की टक्कर में एक युवती की मौत युवक गंभीर रूप से घायल

**हेरहंज।** हेरहंज प्रखंड मुख्यालय से करीब तीन किलो मीटर दूरी पर इनातू ग्राम के समीप उद पत्थर कुड़वा मोड़ के पास रविवार की शाम करीब 4 बजे कार और बाइक के बीच हुई टक्कर में एक युवती 18 वर्षीय की मौत हो गई जबकि बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक युवती की पहचान मनिका थाना क्षेत्र के करमाही गांव निवासी बबीता कुमारी 18 वर्ष के रूप में, जबकि घायल युवक की पहचान पाकी थाना क्षेत्र अंतर्गत जाजू गांव निवासी सिकंदर सिंह के पुत्र 22 वर्षीय पुत्र रंगलाल सिंह के रूप में हुई है। हालांकि दोनों को पुलिस द्वारा गंभीर अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां पर बबीता कुमारी को जांचों उपरांत मृत घोषित कर दिया, जबकि रंगलाल सिंह की स्थिति को गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया है।

### अंधविश्वास में वृद्ध ओझा हत्या कांड

## दो आरोपी गिरफ्तार, एक अन्य वारंटी भी भेजे जेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**प्रतापपुर (चतरा)।** जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बरवाकोचवा गांव में अंधविश्वास में एक वृद्ध की हत्या ओझा का आरोप लगाकर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। घटना 18-19 जुलाई 2025 के रात्रि घटित हुई थी। जिसमें कथित ओझा को आरोपियों ने उसके आंगन में ही गला रेतकर हत्या कर दी थी। इस मामले में प्रतापपुर थाना कांड संख्या 72/2025 के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की थी। कई बिंदुओं पर किए गए जांच में खुलासा हुआ कि हत्या ओझा गुणी के विवाद को लेकर योजनाबद्ध तरीके से की गई थी। पुलिस ने ओझा की हत्या किए जाने के मामले में पंकज कुमार पिता रामबली भारती और भोला भारती पिता अर्जुन भारती दोनों बरवा कोचवा, थाना प्रतापपुर, जिला चतरा निवासी को गिरफ्तार किया। अभियुक्तो के पास से हत्या में प्रयुक्त चाकू, खून से सना टी-शर्ट व ट्राउजर भी बरामद किया है। साथ ही घटना के बाद भागने के लिए उपयोग में लाया गया अपाची मोटरसाइकिल भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। ओझा की हत्या करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी व सामानों की बरामद करने की कार्रवाई थाना प्रभारी कासिम अंसारी के नेतृत्व में की गई। जिसमें जुएल गुड़िया, एएसआई बिनोद तिवारी, व अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे। वहीं एक अन्य फरार वारंटी को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## बिजली की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**मझिआंव।** मझिआंव थाना क्षेत्र के बलीगढ़ गांव में रविवार को सिंचाई कार्य के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। रामा रजवार की मौत एलटी बिजली तार की चपेट में आने से हो गई। बताया जाता है कि रामा रजवार खेत में सिंचाई के लिए इलेक्ट्रिक मोटर का तार जोड़ रहे थे। इस दौरान गलती से 440 वोल्ट के करंट प्रवाहित तार से उनका संपर्क हो गया, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मझिआंव थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी के निर्देश पर शव का मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट एवं डेड बॉडी चालान तैयार कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गढ़वा भेजा गया।

## पोटो में गंदे पानी के जमाव की सफाई की रखने की जरूरत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** भजनियां पंचायत के पोटो में रविवार को आंगनबाड़ी स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जलसहिया कविता देवी ने मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए आसपास जमा बारिश के गंदे पानी की सफाई करने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि गंदे पानी के जमाव से मच्छरों की उत्पत्ति होती है। इससे टायफाइड और मलेरिया जैसी मौसमी बीमारियों का खतरा पैदा होता है। बैठक में उर्मिला, ज्योति, कुसुम, बैजन्ती, फुलपत्ती, रंजू, सुचिता, ज्ञांति देवी, खुशबू, सुप्रिया और नेहा कुमारी सहित अन्य कई महिलाएं शामिल थीं।

## 3 कोनिया टोला का स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दौरा कर लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता**



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर प्रखंड के अंतर्गत बुका टोला तिनकोनिया में डायरिया का प्रकोप फैलने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। रविवार को सीएचसी भवनाथपुर से चिकित्सकों की एक टीम प्रभावित टोला का निरीक्षण करने पहुंची। टीम ने घर-घर जाकर लोगों की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली और उन्हें डायरिया से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया। जानकारी के अनुसार, इस टोला में अब तक लगभग ढाई दर्जन लोग डायरिया की चपेट में आ चुके हैं। इनमें से एक वृद्ध महिला की मौत हो चुकी है, जबकि शेष सभी पीड़ितों का इलाज गढ़वा सदर अस्पताल में जारी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार मरीजों की निगरानी कर रही है और आवश्यक दवाओं के साथ ओआरएस का वितरण भी कर रही है। चिकित्सक टीम के अनुसार प्रभावित क्षेत्र में स्वच्छता की स्थिति बेहद खराब है। अधिकांश घरों के आसपास गंदगी का अंबार लगा हुआ है, वहीं पालतू जानवरों को खुले में रखने से स्थिति और भी बिगड़ रही है। खुले में फैली गंदगी और दूषित जल ही इस बीमारी के प्रमुख कारण बताए जा रहे हैं। ग्रामीणों के बीच स्वच्छता की आदतों का अभाव स्पष्ट रूप से देखा गया, जिससे संक्रमण के फैलने की संभावना बनी रहती है।

### पेज एक के शेष

#### कुडू में भीषण...

कुडू अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही आशा देवी की मौत हो चुकी थी, जबकि चंदवा अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही बेटी शिखा की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

#### राजधानी के हिंदपीढ़ी...

पर भी हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया है। बताया गया कि रविवार की दोपहर अरमान नामक युवक ने साहिल को भट्टी चौक के पास बुलाया और गोली मारकर फरार हो गया। फायरिंग की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, साहिल कुछ माह पूर्व जेल से बाहर निकला था। उसे गोली मारने का आरोप अरमान नामक युवक पर लगा है। वारदात के बाद हिंदपीढ़ी इलाके में भारी हंगामा हुआ। मृत युवक के परिजनों और आक्रोशित लोगों ने हत्या के आरोपी अरमान के घर में तोड़फोड़ मचाई और कई घरेलू सामान में आग लगा दी। इसके साथ ही अमन सोसाइटी सामुदायिक हॉल में भी उपद्रवियों ने जमकर उपद्रव मचाया। हॉल में रखी एक कार क्षतिग्रस्त कर दी गई, एक बुलेट मोटरसाइकिल में आग लगा दी गई और सैकड़ों कुर्सियों व शीशों को तोड़ दिया गया। स्थानीय लोगों ने नगर निगम के पूर्व पार्षद असलम के कार्यालय में भी तोड़फोड़ की। वारदात और बवाल की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उग्र लोगों को शांत कराया। इलाके में तनाव को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। पुलिस ने इस मामले में पूर्व पार्षद असलम के भाई आसिफ को हिरासत में लिया है। सूत्रों का कहना है कि साहिल आर्म्स एक्ट में जेल गया था। दूसरी तरफ, पूर्व पार्षद असलम भी दूसरे आपराधिक मामले में जेल में थे। जेल में साहिल और असलम के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। कुछ दिन पहले साहिल और असलम दोनों जमानत पर जेल से बाहर आए थे। आरोप है कि असलम के भाई आसिफ की ओर से साहिल को लगातार धमकी दी जा रही थी। मृतक साहिल के घरवालों ने हत्याकांड की साजिश में असलम और उसके भाई आसिफ की संलिप्तता का आरोप लगाया है।

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में जन-सहभागिता जरूरी : रामचंद्र

**नवीन मेल संवाददाता**




**लातेहार।** जिले में फाइलेरिया उन्मूलन हेतु एमडीए-आईडीए 2025 के तहत रविवार को सदर अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन मनिका विधायक रामचन्द्र सिंह, उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता जिप सदस्य विनोद उरांव एवम अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मौके पर विधायक और उपायुक्त ने फाईलेरिया रोधी दवा का सेवन कर लातेहार जिला को फाईलेरिया मुक्त बनाने की अपील की। इस दौरान कार्यकम को संबोधित करते हुए विधायक श्री सिंह ने कहा कि हमें अपने जिले से ही नहीं बल्कि इस देश से भी फाइलेरिया रोग का समूल नाश करने के लिए अभियान के दौरान आपके घर पर आने वाले स्वास्थ्य कर्मी के सामने ही दवा का सेवन करना है। लातेहार जिला में कुल 792854 जनसंख्या को इस वर्ष फाइलेरिया रोधी दवा खिलाकर आच्छादित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया रोग के बारे में जागरूक करेंगे। अपने सामने दवा खिलाएंगे और किसी भी स्थिति में दवा का वितरण नहीं किया जाएगा। यह दवा आपको फाइलेरिया रोग से सुरक्षित रखेगी। इसको खाना है, फेंकना नहीं है। दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती और अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को यह दवाएं नहीं खिलाई जाएंगी।

उपायुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि 10 से 25 अगस्त तक लातेहार जिला के स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के द्वारा लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जायगी। कार्यक्रम के पहले दिन 10 अगस्त को स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा बूथ पर लोगों को फाईलेरिया रोधी दवा डीईसी, एलबेंडाजॉल एवं आइभरमेक्टिन की खुराक खिलायी जाएगी। फाईलेरियारोधी दवा खिलाने के लिए जिले में कुल 1081 बूथ बनाया गया है। जिला में कुल लक्षित आबादी 792854 लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है जिसके लिए कुल 2162 दवा प्रशासकों का टीम बनाया गया है। 11 से 25 अगस्त तक स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा घर-घर जाकर छूटे हुये व्यक्तियों को फाईलेरिया रोधी दवा की खुराक अपने सामने खिलायी जाएगी। जिसके लिए 126 सुपरवाइजर इस फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम (एमडीए-आईडीए 2025) का सुपरविजन करेंगे। यह कार्यक्रम लातेहार जिला के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों को मिलाकर कुल 849 गांव में दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। उपायुक्त के द्वारा जिलावासियों से अनुरोध किया गया कि अभियान के दौरान फाइलेरिया से बचाव की दवा अवश्य खाएं एवं अपने परिवार के सभी लोगों को दवा खिलाना सुनिश्चित करें। सिविल सर्जन के द्वारा फाइलेरिया बीमारी और इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। फाइलेरिया यानी हाथी पांव एक बहुत ही खतरनाक बीमारी है यह दुनिया में विकलांगता का दूसरा सबसे बड़ा कारण है यह बीमारी मादा संक्रमित क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलती है इसके परजीवी बिना किसी लक्षण के भी आपके शरीर में लंबे समय तक रह सकते हैं और संक्रमित व्यक्ति स्वस्थ दिखते हुए भी इस रोग को दूसरे लोगों तक फैला सकते हैं।

## पुतिन-ट्रंप 15 अगस्त को अलास्का में मिलेंगे

# रूस ने 158 साल पहले अमेरिका को ₹45 करोड़ में बेचा, ये राजस्थान से 5 ज्यादा गुना ज्यादा बड़ा

**वॉशिंगटन डीसी/मॉस्को**

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प 15 अगस्त को अलास्का में रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात करेंगे। इसका मकसद यूक्रेन में साढे तीन साल से चल रहे जंग को खत्म करना है। ट्रम्प और पुतिन की मुलाकात होती है तो यह पहली बार होगा जब दोनों नेता अमेरिका की जमीन पर मिलेंगे। रूस ने पहले पुतिन और ट्रम्प की मुलाकात के लिए यूएई का सुझाव दिया था। हालांकि बाद में ट्रम्प ने बैठक के लिए अलास्का को चुना। अलास्का उत्तरी ध्रुव के नजदीक कनाडा से सटी वो जगह है जो कभी रूस का हिस्सा हुआ करती थी। 158 साल पहले रूस ने इसे अमेरिका को सिर्फ 45 करोड़ रुपए में बेच दिया था।

**अलास्का के नजदीक रूसी परमाणु हथियार भंडार :** अलास्का रूस से सिर्फ 88 किलोमीटर दूर है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पुतिन का यहां पर मिलना ज्यादा मुफीद हो सकता है। अलास्का से रूस के सबसे नजदीकी मिलिट्री बेस करीब 80 से 100 किलोमीटर की दूरी पर हैं। ये बेस रूस के चुक्चा स्वायत्त क्षेत्र में स्थित हैं, जो बेरिंग स्ट्रेट के पार है। इस क्षेत्र में रूस के कुछ एयरफोर्स बेस और सैन्य निगरानी स्टेशन हैं, जहां परमाणु हथियार भी हो सकते हैं।




### राजस्थान से 5 गुना ज्यादा बड़ा अलास्का

अलास्का का क्षेत्रफल लगभग 1,717,856 वर्ग किमी है जो कि भारत के सबसे बड़े राज्य राजस्थान (342,239 वर्ग किमी) से 5 गुना ज्यादा बड़ा है। अलास्का को कभी रूस का स्वर्ग कहा जाता था लेकिन अब यह अमेरिका का हिस्सा है। 18वीं सदी में रूसी साम्राज्य ने यहां बसना शुरू किया और फर ट्रेड के लिए चौकियां बनाईं। 125 साल बाद 30 मार्च 1867 को रूस और अमेरिका के बीच समझौता हुआ जिसमें रूस ने अलास्का को 7.2 मिलियन डॉलर (करीब 45 करोड़ रुपए) में अमेरिका को बेच दिया।

**ब्रिटेन के कब्जा करने के डर से बेचा अलास्का** : अलास्का बेचने के पीछे कई कारण थे। उस समय रूस को डर था कि अगर युद्ध हुआ तो ब्रिटेन की मदद से अमेरिका अलास्का पर क जा कर सकता है। उस समय रूस की आर्थिक स्थिति भी कमजोर थी और अलास्का उनके लिए इतना महत्वपूर्ण नहीं था। सबसे बड़ा कारण था रूस की सीमा की सुरक्षा, क्योंकि अलास्का इतना बड़ा इलाका था कि वहां बड़ी संख्या में सैनिक तैनात करना मुश्किल था।

### रूसी विदेश मंत्री अलेक्जेंडर मिखाइलोविच को अलास्का बेचने का ख्याल आया

अलास्का बेचने का विचार रूस के तत्कालीन विदेश मंत्री अलेक्जेंडर मिखाइलोविच गोर्काकोव के दिमाग में आया था। कहा जाता है कि अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति एंड्रयू जॉनसन ने गोर्काकोव को इसे बेचने के लिए राजी किया था। इसके बाद गोर्काकोव ने रूस के जार अलेक्जेंडर द्वितीय के सामने यह प्रस्ताव रखा, जो उन्होंने स्वीकार कर लिया। हालांकि रूस की जनता इस बिक्री के खिलाफ थी, लेकिन जार ने अलास्का को बेचने के दस्तावेज पर हस्ताक्षर कर दिए।

#### स्थान का ऐतिहासिक महत्व

- अलास्का, उत्तरी ध्रुव के पास कनाडा से सटा क्षेत्र।
- कभी रूस का हिस्सा था, जिसे 158 साल पहले अमेरिका को 45 करोड़ रुपए में बेचा गया था।

## यूके: लंदन में फिलिस्तीन समर्थकों का प्रदर्शन, पुलिस ने 466 को किया गिरफ्तार

**लंदन (आईएएनएस)**

इजरायल के गाजा सैन्य कार्रवाई और एक प्रमुख फिलिस्तीनी एक्शन ग्रुप को बैन किए जाने के खिलाफ



लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर में फिलिस्तीन समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान लंदन पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 466 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। फिलिस्तीन एक्शन ग्रुप' को बैन किए जाने का विरोध कर रहे 466 प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। इसे लंदन के इतिहास में अब तक किसी भी विरोध प्रदर्शन के दौरान सबसे बड़ी सामूहिक गिरफ्तारी बताई जा रही है। प्रदर्शनकारियों के अनुसार, यह ब्रिटिश राजधानी में किसी एक विरोध प्रदर्शन में 'अब तक की सबसे बड़ी सामूहिक गिरफ्तारी' है। शनिवार को लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर पर सैकड़ों की संख्या में प्रदर्शनकारी इकट्ठा हुए। ये सभी गाजा के खिलाफ इजरायली हमलों का विरोध कर रहे थे। हाथों में तख्तियां और जुबान पर इजरायल विरोधी नारे थे। तख्तियों पर लिखा था- 'मैं नरसंहार का विरोध करता हूं। मैं फिलिस्तीन एक्शन का समर्थन करता हूं। कुछ तस्वीरें और वीडियो भी विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अपलोड किए गए। इसमें आंदोलनकारी जमीन पर बैठकर 'हैण्ड्स ऑफ गाजा' का नारा लगाते दिखे। कुछ वीडियो में पुलिस प्रदर्शनकारियों को पकड़ कर ले जाती दिखी।

## बाल्टीमोर में गोलीबारी, 5 वर्ष की बच्ची समेत 6 घायल

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

स्थानीय मीडिया के अनुसार बाल्टीमोर के एक मोहल्ले में हुई सामूहिक गोलीबारी में पांच साल की बच्ची



सहित छह लोग घायल हो गए। एबीसी न्यूज ने बाल्टीमोर पुलिस कमिश्नर रिचर्ड वर्ली के हवाले से बताया कि गोलीबारी शनिवार को स्थानीय समयानुसार रात 8:50 बजे (00:50 जीएमटी) से कुछ समय पहले हुई। घटना के समय लोग स्पाउल्डिंग और क्वींसबेरी एवेन्यू के चौराहे के पास खाने के लिए इकट्ठा हुए थे। गोलीबारी में घायल हुए लोगों में से एक व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है और उसकी सर्जरी की जा रही है। पुलिस ने अब तक संदिग्ध शूटर या शूटरों के बारे में कोई जानकारी जारी नहीं की है। इसके अलावा, न्यूयॉर्क सिटी पुलिस विभाग (एनवाईपीडी) ने बताया कि टाइम्स स्क्वायर पर हुई गोलीबारी में तीन लोग घायल भी हुए हैं। एनवाईपीडी के एक प्रवक्ता ने बताया कि सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर है। एक 17 वर्षीय लड़के को हिरासत में लिया गया है और एक बन्दूक बरामद की गई है। गोलीबारी शहर के 44वीं स्ट्रीट और सेवेंथ एवेन्यू के चौराहे पर सुबह लगभग 1:20 बजे (05:20 जीएमटी) हुई। सोशल मीडिया पर वीडियो में गोलीबारी के बाद लोग घटनास्थल से भागते हुए दिखाई दे रहे हैं। वहीं पुलिस एक वाहन को घेरकर जमीन पर पड़े घायलों को बचाने की कोशिश कर रही है।

## जापान के माउंट शिनमोएडेके ज्वालामुखी में विस्फोट, दूर से दिखा राख का गुबार

**टोक्यो (आईएएनएस)**

जापान के किरिशिमा पर्वत श्रृंखला में स्थित शिनमोएडके ज्वालामुखी में रविवार सुबह करीब 5:23 बजे (स्थानीय समयानुसार) एक



शक्तिशाली विस्फोट हुआ। इस विस्फोट से 3 हजार मीटर से अधिक ऊंचाई तक राख का गुबार उठा। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। कागोशिमा और मियाजाकी प्रांतों की सीमा पर स्थित यह ज्वालामुखी 27 जून से रुक-रुक कर फट रहा है। जापान के प्रसारक एनएचके की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को हुए विस्फोट से निकली राख उत्तर-पूर्व की ओर बह रही है और यह मियाजाकी प्रांत के तकानाबे तक पहुंच सकती है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने चेतावनी दी है कि मियाजाकी प्रांत के कोबायाशी और ताकाहारू तथा कागोशिमा प्रांत के किरिशिमा में मध्यम स्तर की राख गिरने की संभावना है।

### मुनीर ने भारत को मिसाइल हमले की धमकी दी, बोले-

## सिंधु नदी भारत की निजी संपति नहीं, बांध बनाया तो तबाह कर देंगे

**एजेंसी । करांची**

दिप्रिंट की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पाकिस्तान के फील्ड मार्शल असीम मुनीर ने भारत को परमाणु जंग की धमकी है। मुनीर ने सिंधु जल संधि स्थगित करने को लेकर भारत पर 10 मिसाइलों से हमला कर तबाह करने की बात कही। असीम मुनीर ने कहा, 'भारत के इसे स्थगित करने के फैसले से 25 करोड़ लोगों के भुखमरी का खतरा पैदा हो सकता है।' उन्होंने आगे कहा, 'हम एक परमाणु संपन्न राष्ट्र हैं और अगर हमें लगता है कि हम डूब रहे हैं, तो हम आधी दुनिया को अपने साथ ले जाएंगे। असीम मुनीर ने ये धमकी, टाम्पा के ग्रैंड हयात होटल में पाकिस्तान मूल के कारोबारी अदनान असद की तरफ से रखे गये एक डिनर कार्यक्रम में दी है, जिसमें करीब 120 पाकिस्तानी डायस्पोरा के सदस्य मौजूद थे। डिनर में मेहमानों को मोबाइल या दूसरे डिजिटल डिवाइस लाने की अनुमति नहीं थी, इसलिए भाषण का कोई आधिकारिक रिकॉर्ड नहीं है। द प्रिंट ने वहां मौजूद लोगों से पूछताछ के आधार पर जानकारी दी है।

**दो महीने में दूसरी अमेरिका यात्रा :** फील्ड मार्शल मुनीर अमेरिका की मध्य कमान के कमांडर जनरल माइकल कुरिल्ला के सेवानिवृत्ति समारोह में शामिल होने फ्लोरिडा आए थे। इस समारोह में इजराइल के रक्षा बलों का एक प्रतिनिधि भी मौजूद था। यह दो महीने में उनकी अमेरिका की दूसरी यात्रा है। इससे पहले वे 14 जून को वॉशिंगटन डीसी में अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के जश्न में शामिल हुए थे। इसके अलावा मुनीर ने राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ व्हाइट हाउस में दो घंटे की लंच मीटिंग की थी। यह बैठक बंद कमरे में हुई थी। यह पहली बार था जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ की मेजबानी की।



### मुनीर बोले- भारत अपना नुकसान माने

मुनीर ने मई में हुए चार दिन के युद्ध में भारत के नुकसान पर तंज कसा और कहा कि भारत को संघर्ष में हुए नुकसान को स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर भारत अपने नुकसान का ब्योरा दे, तो पाकिस्तान भी ऐसा करने को तैयार है। मुनीर ने भारत को चमकती मर्सिडीज और पाकिस्तान को रेत से भरा डंप ट्रक कहा। उन्होंने कहा- अगर ट्रक कार से टकराएगा, तो नुकसान किसका होगा? मुनीर ने कहा, 'हम भारत के पूर्व से शुरुआत करेंगे, जहां उनके मूल्यवान संसाधन हैं, और फिर पश्चिम की ओर बढ़ेंगे।

## ईरानी मिसाइल हमले में घायल हुई 91 साल की महिला का निधन होलोकॉस्ट सर्वाइवर थीं ओल्गा

**तेल अवीव (आईएएनएस)।** जून में ईरानी मिसाइल हमले में घायल हुई 91 वर्षीय होलोकॉस्ट सर्वाइवर ओल्गा वीसबर्ग को नहीं बचाया जा सका। इजरायली (हिब्रू) मीडिया के अनुसार, शहर पर मिसाइल हमले के लगभग दो महीने बाद, 9 अगस्त की रात रेहोवोट में उनकी मृत्यु हो गई। हाल के दिनों में उनकी हालत इतनी बिगड़ गई थी कि वे अचानक बेहोश हो गई थीं। ऑपरेशन "अम कलावी" के दौरान रेहोवोट में ईरानी मिसाइल हमले में गंभीर रूप से जख्मी हो गई थीं। उनका अंतिम संस्कार रविवार (10 अगस्त) शाम 5:00 बजे (स्थानीय समयानुसार) रेहोवोट के ग्रोडस्की कब्रिस्तान में होगा। उनके परिवार ने जनता से अनुरोध किया है कि वे उनकी अंतिम यात्रा में उनके साथ चलें। उनके परिवार में एक बेटी, एक पोता, एक परपोता और उनके पति हैं। पति भी होलोकॉस्ट में बच निकले थे। द इजरायल टाइम्स की खबर के मुताबिक 13 जून से 25 जून 2025 के बीच चले संघर्ष में 30 लोग मारे गए थे। इनमें से एक ही परिवार के 29 सदस्य भी शामिल थे। ओल्गा यहूदी नरसंहार सर्वाइवर थीं। 1933 में जर्मनी की सत्ता पर काबिज होने के बाद एडोल्फ हिटलर ने अपना नस्लवादी साम्राज्य बनाया था। तानाशाह ने यहूदियों को चुन-चुनकर मारा। हिटलर की ये नफरत होलोकास्ट के रूप में सामने आई।

## चाड के पूर्व प्रधानमंत्री को 20 साल की जेल, जनता को भड़काने का आरोप

### वकील ने कहा- ये अपमानजनक

**याउंडे (आईएएनएस)**

चाड के पूर्व प्रधानमंत्री सक्सेस मासरा को राजधानी एन'दजामेना की एक अदालत ने 20 साल की जेल की सजा सुनाई है। चाड की अदालत ने मसरा को अपने नागरिकों को भड़काने का दोषी पाया। मसरा के वकीलों ने इस फैसले को "अपमानजनक" बताया और कहा कि वे इसके खिलाफ अपील करेंगे। फैसले के बाद, मसरा के वकील कादजीलेम्बे फ्रांसिस ने संवाददाताओं से कहा: "उन्हें अभी-अभी बेहद अपमानजनक फैसले का सामना करना पड़ा है।" उन्होंने कहा कि वह इस सजा के खिलाफ अपील करेंगे। मसरा को मई में एक सरकारी जांच के बाद गिरफ्तार किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने लोगों को हिंसा के लिए उकसाया था। जांच में पाया गया कि उनके उकसावे के कारण दक्षिण-पश्चिमी प्रांत लोगोन ऑक्सिडेंटल के मंडाकाओ गांव में हिंसात्मक झड़पें हुईं ।

## पाकिस्तान: पंजाब प्रांत में भारी बारिश ने मचाई तबाही, अब तक 166 की मौत

**लाहौर (आईएएनएस)।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मानसूनी बारिश का कहर जारी है। पंजाब प्रांत में मानसून के कारण हुई मौतों की संख्या शनिवार को बढ़कर 166 हो गई है। सियालकोट और झेलम में दो और लोगों की मौत के बाद यह आंकड़ा बढ़ा है। इस दौरान प्रांत के कई शहरों में एक और दौर की मूसलाधार बारिश ने तबाही मचाई है। पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग (पीएमडी) के अनुसार, सियालकोट में सबसे अधिक 78 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके बाद लाहौर में 43.4 मिमी और गुजरांवाला में 36.8 मिमी बारिश हुई। साथ ही, चकवाल (23 मिमी), अटक (13.6 मिमी), मंगला (12.2 मिमी), गुजरात (10.6 मिमी), नारोवाल (5 मिमी), रावलकोट (4 मिमी), इस्लामाबाद एयरपोर्ट (3.9 मिमी) और मंडी बहाउद्दीन (0.5 मिमी) में बारिश दर्ज की गई है। पंजाब के अधिकांश हिस्सों में गर्मी और उमस बनी रहने की संभावना है।

## बलूचिस्तान में इंटरनेट सेवाएं ठप, शिक्षा ऑनलाइन व्यवसाय व मीडिया रिपोर्टिंग भी रुकी

**क्वेटा (आईएएनएस)**

पाकिस्तान के बलूचिस्तान में पिछले कई दिनों से इंटरनेट सेवाओं के निलंबन के कारण शिक्षा, ऑनलाइन व्यवसाय और मीडिया रिपोर्टिंग में व्यवधान आया है। प्रांतीय सरकार का दावा है कि यह फैसला क्षेत्र में सक्रिय सशस्त्र समूहों के बीच संचार को रोकने के लिए लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि अगस्त में बढ़ते तनाव, खासकर पाकिस्तान में 'राष्ट्रीय दिवस समारोह' को मद्देनजर रखते हुए, सुरक्षा एजेंसियों की सिफारिश पर यह फैसला लिया गया। एक अधिसूचना में, पाकिस्तान टेलीकॉम अथॉरिटी (पीटीए) ने बताया कि बलूचिस्तान में 31 अगस्त तक इंटरनेट सेवाएं निलंबित रहेंगी। 'द बलूचिस्तान पोस्ट' के अनुसार, छात्रों, व्यवसाय मालिकों, पत्रकारों और मानवाधिकार संगठनों ने सरकार के इस फैसले की आलोचना की है। ऑनलाइन क्लास में छात्रों ने कहा है कि वे लेक्चर में शामिल नहीं हो पा रहे हैं। इसके साथ ही अपना असाइनमेंट भी जमा नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में स्थिति और भी गंभीर है, जहां छात्रों के पास पहले से ही सीमित संसाधन हैं।




### 'सैयारा' सक्सेस बैश में दिखी अहान-अनीत की केमिस्ट्री

## एक-दूसरे में खोए नजर आए दोनों, फैंस बोले- सब कुछ साफ-साफ दिख रहा

अहान पांडे और अनीत पड्डा-स्टारर 'सैयारा' अपने रिलीज के तीसरे हफ्ते में भी बॉक्स ऑफिस पर दबदबा बनाए हुए है। फिल्म के दोनों लीड स्टार भी लगातार सुर्खियों में है। फिल्म की सफलता पर 9 अगस्त को मुंबई में पार्टी का आयोजन किया गया। 'सैयारा' की सक्सेस बैश में डायरेक्टर मोहित सूरी, अहान-अनीत के अलावा सैयारा टीम और उनके परिवार वाले भी शामिल हुए। पार्टी की फोटो और कई वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हैं। लेकिन अहान और अनीत की केमिस्ट्री को फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। उनकी ऑफ-स्क्रीन केमिस्ट्री डेटिंग की अफवाहों को भी हवा दे रही है। वायरल वीडियो में अनीत वाइट ड्रेस में नजर आ रही हैं।

कहानी फिल्म जगत की



*अनीत और अहान... दोनों की जबरदस्त केमिस्ट्री बोलती है*

*पार्टी में दोनों की केमिस्ट्री देख एक एक्स यूजर ने लिखा- 'मुझे उनकी हर बात पसंद है। उम्मीद है कि वे कभी नहीं बदलेंगे और आर्टिस्ट के तौर पर निखरते रहेंगे। बॉक्स ऑफिस पर ढेरों ब्लॉकबस्टर फिल्में, सक्सेस पार्टी और बेहतरीन फिल्में। भगवान उन्हें हमेशा खुश रखे।' एक और यूजर ने लिखा- 'आखिरकार... वे बिल्कुल कृष और वाणी कोडेड लग रहे हैं।' वहीं, एक फैन ने दोनों की केमिस्ट्री पर लिखा- 'अनीत और अहान..दोनों की जबरदस्त केमिस्ट्री बोलती है।*